

## चन्द्रघन्टा पूजा

नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि शुक्र ग्रह देवी चंद्रघंटा द्वारा शासित है।

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्ष: 15 | अंक: 08 | मूल्य: ₹ 3.00/- | पेज : 12 | मंगलवार | 17 अक्टूबर, 2023

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper






### आइए जानते हैं कोठी की पूरी कहानी के बारे में

नोएडा सेक्टर-31 के पास गांव निठारी की डी-5 नंबर की कोठी मोनिंदर सिंह पंढेर ने 2005 में खरीदी थी। घर-परिवार चंडीगढ़ में होने की वजह से नोएडा में रहने का ठिकाना बनाया था, क्योंकि नोएडा में ही उसकी कंपनी थी। नोएडा में परिवार नहीं होने से मोनिंदर ने चंडीगढ़ में नौकरी कर चुके सुरेंद्र कोली को नोएडा बुला लिया। सुरेंद्र खाना बनाने में एक्सपर्ट था। खासतौर पर नॉनवेज बनाने में। इसलिए मोनिंदर सिंह ने उसे नोएडा में अपने पास रख लिया। वह कोठी में ही छत पर बने एक कमरे में रहने लगा, लेकिन महीने में अधिकांश दिन मोनिंदर सिंह कहीं न कहीं टूर पर ही रहता था। लिहाजा, कोठी में मालिक की तरह सुरेंद्र ही रहता था।

### देश भर में मची थी हलचल

निठारी कांड के खुलते ही देश भर में हलचल मच गई थी। यह एक ऐसा कांड था, जिसने पूरे देश और दुनिया को हिलाकर रख दिया। आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग देश के कोने-कोने से उठी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच सीबीआई ने शुरू की। 11 जनवरी 2007 को सीबीआई ने पूरा केस अपने हाथ में ले लिया। 28 फरवरी और 01 मार्च 2007 को सुरेंद्र कोली ने दिल्ली में एसीएमएम के यहां अपने इकबालिया बयान दर्ज कराए थे। इन बयानों की वीडियोग्राफी भी हुई थी।



**अब इंसाफ की उम्मीद बेइमानी लग रही... निठारी कांड के फैसले से दुखी पिता ने मनिंदर पंढेर की कोठी पर फेंके पत्थर**

नोएडा निठारी कांड के आरोपियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

# हाईकोर्ट ने कोली और पंढेर को किया दोषमुक्त

- मनिंदर पंढेर और सुरेंद्र कोली की फांसी की सजा पर लगी रोक
- पीड़ित परिवार हाईकोर्ट के फैसले से हुए दुखी, दिखाया गुस्सा
- सीबीआई पर ठीक से केस की पैरवी नहीं करने का आरोप

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा के चर्चित निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया है। कई दिनों तक चली बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। सोमवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। निचली अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोठी डी-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत ने यह फैसला सुनाया।

### 134 दिन चली सुनवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी कांड के आरोपी मनिंदर सिंह पंढेर व सुरिंदर कोली को फांसी की सजा के खिलाफ अपीलों पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। फांसी की सजा के खिलाफ दोनों हाईकोर्ट में अपील दायर की है। विभिन्न खंडपीठों ने 134 दिन की लंबी सुनवाई की। कोली पर आरोप है कि वह पंढेर कोठी का केयरटेकर था और लड़कियों को लालच देकर कोठी में लाता था। निठारी गांव की दर्जनों लड़कियों गायब हो गईं। वह उनसे दुष्कर्म कर हत्या कर देता था। लाश के टुकड़े कर बाहर फेंक आता था। हालांकि, कोली को सुप्रीम कोर्ट ने एक केस में फांसी की सजा सुनाई है। जो फिलहाल बरकरार रहेगी।

### कब-कब सुनाई फांसी की सजा

- 13 फरवरी 2009: सुरेंद्र कोली एवं मोनिंदर सिंह पंढेर फांसी की सजा। हाईकोर्ट से पंढेर बरी।
- 12 मई 2010: सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।
- 28 अक्तूबर 2010: सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।
- 22 दिसंबर 2010: सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।
- 24 दिसंबर 2012: सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।
- 7 अक्तूबर 2016: सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।
- 16 दिसंबर 2016: सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।
- 24 जुलाई 2017: सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा, पंढेर बरी।
- 08 दिसंबर 2017: सुरेंद्र कोली एवं मोनिंदर सिंह पंढेर को फांसी की सजा।
- 02 मार्च सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा। पंढेर बरी।
- 06 अप्रैल 2019: सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा। पंढेर बरी।
- 15 जनवरी 2021: सुरेंद्र कोली दोषी करार। मोनिंदर पंढेर बरी।

### अब इंसाफ की उम्मीद कराना बेमानी है

रामकिशोर के जैसे ही झब्बूलाल और उनकी पत्नी सुनीता भी कोर्ट के फैसले से दुखी हो गई। उन्होंने बताया कि बेटी ज्योति (10) भी गायब हुई थी। निराशा में डूबे दंपती ने कहा कि मनिंदर और सुरेंद्र को फांसी की सजा मिली थी तो लगा था इंसाफ हुआ है। अब इंसाफ की उम्मीद भी बेईमानी लग रही है।

### पीड़ित परिवारों के साथ होगी बैठक

मिश्रा ने कहा की निठारी कांड में जिनके बच्चे मारे गए थे, वह लोग काफी गरीब हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पीड़ितों के परिजन बेरोजगार हो जाने के चलते नोएडा छोड़कर अपने-अपने पैतृक गांव जा चुके हैं। मिश्रा ने कहा कि अदालत के निर्णय के बाद निठारी कांड के पीड़ितों के परिजनों के साथ वह बैठक करके आगे की रणनीति तय करेंगे।

### निठारी कांड में कब क्या हुआ

- 29 दिसंबर 2006 को नोएडा में मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल मिले। मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली गिरफ्तार।
- 8 फरवरी 2007 को कोली और पंढेर को 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया।
- मई 2007 को सीबीआई ने पंढेर को अपनी चार्जशीट में अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपमुक्त कर दिया था। दो माह बाद अदालत की फटकार के बाद सीबीआई ने उसे मामले में सहअभियुक्त बनाया।
- 13 फरवरी 2009 को विशेष अदालत ने पंढेर और कोली को 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। ये पहला फैसला था।
- 3 सितंबर 2014 को कोली के खिलाफ कोर्ट ने मौत का वारंट भी जारी किया।
- 4 सितंबर 2014 को कोली को डासना जेल से मेरठ जेल फांसी के लिए ट्रांसफर किया गया।
- 12 सितंबर 2014 से पहले सुरेंद्र कोली को फांसी दी जानी थी। वकीलों के समूह डेथ पेनल्टी लिटिगेशन ग्रुप्स ने कोली को मृत्युदंड दिए जाने पर पुनर्विचार याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजा।
- 12 सितंबर 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने सुरेंद्र कोली की फांसी की सजा पर अक्तूबर 29 तक के लिए रोक लगाई।
- 28 अक्तूबर 2014 को सुरेंद्र कोली की फांसी पर सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका को खारिज किया। 2014 में राष्ट्रपति ने भी दया याचिका रद्द कर दी।
- 28 जनवरी 2015 को हत्या मामले में कोली की फांसी की सजा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उम्रकैद में तब्दील किया।

### एक दर्जन से अधिक मामलों में मिली है फांसी की सजा

नोएडा के चर्चित निठारी कांड में निचली अदालत से कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। यह प्रकरण वर्ष 2005-06 के बीच का है। मामले का पर्दाफाश तब शुरू हुआ, जब नौकरी की तलाश में घर से निकली एक युवती के पिता ने बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दर्ज कराई। पुलिस की जांच में दिल दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया था। पुलिस ने निठारी में रहने वाले मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से बच्चों और महिलाओं के दर्जनों कंकाल बरामद किए गए थे। पुलिस ने मोनिंदर सिंह और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को आरोपी बनाया था। पुलिस की विवेचना के बीच ही मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया। सीबीआई ने दोनों के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के कुल 16 मामले दर्ज किए थे।

### फांसी के अमल पर सुप्रीम कोर्ट ने लगा रखी है रोक

गाजियाबाद स्थित सीबीआई कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को एक दर्जन से अधिक मामले में फांसी की सजा सुनाई है। हालांकि, फांसी की सजा के क्रियान्वयन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। फांसी की सजा के सभी आदेशों को कोली ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दे रखी है। लंबित अपील पर कई बार बहस भी हो चुकी है, लेकिन विभिन्न कारणों से सुनवाई पूरी नहीं हो पाई। मुंबई से आए कोली के वकील ने सुनवाई के पहले ही दिन अभियोजन की कहानी को सच्चाई से परे करार दिया था। कोली के वकील का तर्क था कि पुलिस की यातना के चलते कोली ने जुर्म स्वीकार किया था।

# मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद पर लखनऊ में एफआईआर

**कल्बे जवाद के साथ ही शमील शम्सी और बीजेपी नेता अमील शम्सी पर भी रिपोर्ट दर्ज**

- तीनों लोगों पर लखनऊ की चौक कोतवाली में धारा 500 और 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज
- मौलाना कल्बे और बीजेपी नेता के खिलाफ यह एफआईआर शिया धर्मगुरू यासूब अब्बास के भाई मोहम्मद अबू तैय्यब ने दर्ज कराई, वह शिया कॉलेज के प्रोफेसर भी हैं
- हाल ही में मौलाना कल्बे ने इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर विवादित बयान दिया था



जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** हाल ही में हमास के आतंकियों की तुलना शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और अशफाक उल्ला खान से करने वाले देश के जाने-माने मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद पर एक अन्य मामले में लखनऊ में एफआईआर दर्ज की गई है। कल्बे जवाद के साथ ही शमील शम्सी और बीजेपी नेता अमील शम्सी पर भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। मौलाना कल्बे ने इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर विवादित बयान दिया था। मौलाना कल्बे समेत तीनों लोगों पर लखनऊ की चौक कोतवाली में धारा 500 और 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। मौलाना कल्बे और बीजेपी नेता के खिलाफ यह एफआईआर शिया धर्मगुरू यासूब अब्बास के भाई मोहम्मद अबू तैय्यब ने दर्ज कराई है। वह शिया कॉलेज के प्रोफेसर भी हैं।

### आरोप: मिर्ज़ा मोहम्मद तैय्यब के परिवार पर अमर्यादित टिप्पणी की

एफआईआर में कहा गया है कि थाना चौक के हिस्ट्रीशीटर और जघन्य अपराधी शमील शम्सी, बीजेपी नेता अमील शम्सी और मौलाना कल्बे जव्वाद ने मिर्ज़ा मोहम्मद तैय्यब के परिवार पर अमर्यादित टिप्पणी की है। इस टिप्पणी में शिया कॉलेज में 70 लाख रुपए लेकर शिक्षकों की नियुक्त करने के साथ ही शिया कॉलेज में मिर्ज़ा मोहम्मद तैय्यब और उसके परिवार के सदस्यों की डिग्री को फर्जी बताया गया। उनके परिवार के लिए गद्दार और बेइमान जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। इसमें बताया गया है कि तीनों ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया और भड़काऊ भाषण देकर समाज को तोड़ने की कोशिश की। मिर्ज़ा मोहम्मद तैय्यब ने एफआईआर करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सरकार ने विमानन नियमों में किया संशोधन, पायलट के लाइसेंस अब 10 वर्षों तक रहेंगे वैध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार ने विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता को और बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत नियमों में संशोधन किया है इसके अनुसार वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस अब 10 साल के लिए वैध होंगे। अभी तक कमर्शियल पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की वैधता पांच साल के लिए होती थी और उस अवधि के पूरा होने के बाद इसे रिन्यू कराना होता था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने विमान नियम, 1937 में संशोधन किया। विमानन नियमों में किए गए विभिन्न परिवर्तनों के अनुसार एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) और सीपीएल धारकों के लाइसेंस की वैधता पांच साल से बढ़ाकर दस साल कर दी गई है। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, इस बदलाव से पायलटों और डीजीसीए जैसे विमानन प्राधिकरणों पर प्रशासनिक बोझ कम होने की उम्मीद है, जिससे अधिक सुव्यवस्थित और कुशल लाइसेंसिंग प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, हवाई अड्डे के आसपास रोशनी के प्रदर्शन से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए नियमों में संशोधन किया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रकाश शब्द में लालटेन रोशनी, विश काइट्स और लेजर लाइट शामिल हैं। सरकार के अधिकार क्षेत्र को एक एयरोड्रम के आसपास 5 किलोमीटर से 5 समुद्री मील तक बढ़ा दिया गया है।

## देवरिया हत्याकांड: प्रेम यादव के मकान पर नहीं चलेगा बुलडोजर

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को लगाई फटकार**

जन एक्सप्रेस | देवरिया

देवरिया हत्याकां मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेम यादव के मकान पर बुलडोजर चलाने पर फिलहाल रोक लगा दिया। इस संबंध में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने फिलहाल कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने यूपी सरकार को फटकार भी लगाई है। यह फैसला जस्टिक चंद्रकेश राय की अदालत ने सोमवार को दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रेम यादव का परिवार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट देवरिया की अदालत में दो सप्ताह के भीतर अपील करेगा। इसका निस्तारण तीन माह के भीतर करने का आदेश दिया है। देवरिया में छह लोगों की हत्या के बाद पूरे प्रदेश में राजनीतिक भूचाल आ गया है। एक पक्ष से एक और दूसरे पक्ष से पांच लोगों की हत्या की गई है। जिला प्रशासन की ओर से प्रेम यादव के मकान पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की जा रही थी। इसके लिए मकान पर नोटिस भी चस्पा कर दिया गया राजस्व विभाग की टीम पैमाइश का कार्य पूरी कर चुकी थी।

## सेनानियों की पेंशन में प्रति माह होगी पांच हजार की बढ़ोतरी, अभी मिलती है 20 हजार प्रति माह

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र सेनानियों और उनके आश्रितों की पेंशन में प्रति माह पांच हजार रुपये की बढ़ोतरी की तैयारी है। इसका मसौदा तैयार कर लिया गया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि जनवरी से इसे लागू कर दिया जाएगा। प्रदेश में 25 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और 950 आश्रित हैं। इन्हें 20176 रुपया पेंशन मिलती है। इसी तरह 4693 लोकतंत्र सेनानी और उनके 1090 आश्रित हैं। इन्हें 20 हजार रुपया प्रति माह सम्मान राशि दी जाती है। अब इसमें प्रति माह पांच हजार रुपया बढ़ाने की तैयारी है। ऐसे में लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को 25 हजार रुपया प्रति माह मिलने लगेगा। इसी तरह स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रित को 25176 रुपया मिलने लगेगा। राजनैतिक पेंशन विभाग ने इसका मसौदा तैयार कर लिया है। जल्द ही इसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा।

> "स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों की सम्मान राशि बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है। जल्द ही इस पर फैसला लिया जाएगा।
> – धर्मपाल सिंह
> मंत्री राजनैतिक पेंशन विभाग


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# मणिपुर दो हिस्सों में बंट गया, पीएम एक बार भी नहीं गए: राहुल गांधी

- कुछ महीने पहले मैं मणिपुर गया था, मणिपुर के विचार को भाजपा ने खत्म कर दिया है: राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आइजोल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को मिजोरम के आइजोल पहुंचे। आगामी चुनाव को देखते हुए राहुल ने यहां एक जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने मणिपुर की घटनाओं का जिक्र करते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने कहा- कुछ महीने पहले मैं मणिपुर गया था। मणिपुर के विचार को भाजपा ने खत्म कर दिया है। अब यह एक राज्य नहीं बल्कि दो राज्य हैं। लोगों की हत्या कर दी गई है, महिलाओं से छेड़छाड़ की गई है लेकिन प्रधानमंत्री को वहां यात्रा करना महत्वपूर्ण नहीं लगता। इससे पहले राहुल ने पांच किमी लंबी पदयात्रा निकाली। राहुल ने चानमारी से पदयात्रा शुरु की, जो ट्रेजरी स्वायर पर खत्म हुई। इस दौरान राहुल ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरे से राहुल मिजोरम की जनता खासतौर पर युवाओं को साधने का प्रयास करेंगे। राहुल गांधी ने कहा- जीएसटी छोटे और मध्यम व्यवसायों को खत्म करने के लिए बनाया गया है, यह भारत के किसानों को कमजोर करने के लिए बनाया गया है। आप सभी जानते हैं कि नोटबंदी का क्या हुआ। यह हमारे प्रधानमंत्री का ऐसा आइडिया था जिससे देश को काफी नुकसान हुआ। इससे देश की अर्थव्यवस्था आज तक ठीक नहीं हुई है। राहुल ने आगे कहा- भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री की रणनीति को समझना चाहते हैं, तो इसे एक शब्द अडानी में संक्षेपित किया जा सकता है। सब कुछ एक व्यवसायी की मदद के लिए बनाया गया है।

### राहुल के आइजोल पहुंचते ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान

राहुल गांधी के आइजोल पहुंचते ही कांग्रेस ने मिजोरम में उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने अभी 40 में से 39 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट और मुख्य विपक्षी दल जोराम पीपुल्स मूवमेंट ने पहले ही सभी 40 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। बीजेपी अगले दो से तीन दिनों में सभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेगी।

### राहुल गांधी दौरे के दूसरे दिन पार्टी नेताओं से मिलेंगे

मिजोरम कांग्रेस मीडिया सेल के अध्यक्ष लालरेमरूता रेंथली के मुताबिक, राहुल आइजोल दौरे के दूसरे दिन यानी मंगलवार को पार्टी नेताओं से मिलेंगे और आइजोल में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। राहुल राज्य के दक्षिणी भाग में लुंगलेई शहर का भी दौरा करेंगे और वहां एक सार्वजनिक बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि राहुल मंगलवार को लुंगलेई से हेलिकॉप्टर से अगरतला होते हुए दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### मिजोरम में 7 नवंबर को चुनाव

40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के लिए चुनाव 7 नवंबर को एक ही चरण में चुनाव होंगे और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। चुनाव की तारीख को लेकर हालांकि राज्य में कुछ राजनीतिक दलों, चर्चों, नागरिक समाज संगठनों और छात्र निकायों ने चुनाव आयोग से मतगणना की तारीख बदलने का आग्रह किया है। क्योंकि उस दिन रविवार है, जो राज्य के ईसाई समुदाय के लिए एक पवित्र दिन है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मिजोरम की आबादी में लगभग 87 प्रतिशत ईसाई हैं।

### भारत जोड़ो यात्रा के जैसे मिजोरम में पदयात्रा

पिछले साल 6 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरु हुई भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर राहुल गांधी सोमवार को आइजोल में पदयात्रा शुरु करेंगे। ये यात्रा मिजोरम के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर होगी। भारत जोड़ो यात्रा 150 दिनों में 3500 किमी से ज्यादा का पैदल सफर कर 12 राज्यों से होते हुए कश्मीर में खत्म हुए थी। इसके बाद से ही राहुल और कांग्रेस चाहती थी कि नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में भी एक पैदल यात्रा की जाए।

# जिलाधिकारी ने तीर्थ क्षेत्र में चल रहे पर्यटन विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सोमवार को तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट यूपीटी तिराहा, रामघाट, परिक्रमा मार्ग में कराये जा रहे पर्यटन विकास के कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बरहा हनुमान मंदिर के पास गेट निर्माण के निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि तत्काल कार्य को पूर्ण कराया जाए। साक्षी गोपाल के पास परिक्रमा मार्ग गेट निर्माण के निरीक्षण पर कहा कि इस कार्य पर भी तेजी लाई जाए। यह दोनों गेट के निर्माण कार्य दीपावली मेला से पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण हो जाना चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को



आने-जाने में कोई असुविधा न हो। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग की जो लाइट लगाई गई है, उसको पर्यटन विभाग से हैंडोवर कराएं। साथ ही रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग में जो पोस्टर बैनर लगे हैं, उनको तत्काल हटाया जाए। साथ ही परिक्रमा मार्ग पर जो अवैध अतिक्रमण हटाया गया है, उसमें जो अभी सामान हटाने का शेष है, उसको तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि जो परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण से खाली जमीन कामदगिरि पर्वत की तरफ है, उसमें ग्रीन एरिया में विकसित किया जाए।

चौपड़ा तालाब की साफ-सफाई कराई जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि जो स्वच्छ शौचालय चैपडा तालाब के पास बना है, उसको अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को हैंडोवर किया जाए। उन्होंने निर्मोही अखाडा रामघाट पर निर्माणाधीन गेट के निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल को निर्देश दिए कि फूड प्लाजा के पास गेट निर्माण एवं निर्मोही अखाडा के पास जो कार्य हो रहा है, इस पर भी मैनपॉवर बढाकर तेजी से कराया जाए। उन्होंने यूपीटी तिराहा सुंदरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस कार्य को भी तेजी से कराया जाए। जिलाधिकारी ने रामघाट से लेकर बेडी पुलिया तक लगाई गई सडक मार्ग की प्रकाश व्यवस्था को भी देखा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता विद्युत रामचंद्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, उपखंड अधिकारी विद्युत अनिल कुमार, सहायक अभियंता यूपीपीसीएल सुनील कुमार कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# खाना बनाते समय लगी आग मां सहित दो मासूम की मौत

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव में रविवार को उस वक्त दिल को दहला देने वाला हादसा हो गया जब खाना बनाते समय आग लग जाने से मां-बेटी व बेटा बुरी तरह झुलसा गये। तीनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जिनकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। कानपुर पहुंचते ही तीनों ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खटौली गांव निवासी उमेश कुमार विश्वकर्मा की पत्नी अलका 32 गैस-चूल्हे पर खाना बना रही थी। वहीं पास में पुत्री परी 3वर्ष व पुत्र गौरव 5वर्ष खेल रहे थे।

तभी अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में मां-बेटी व बेटा आ गये। जिससे तीनों बुरी तरह झुलस गये। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसी इंद्रजीत साहू तत्काल मौके पर पहुंचा और हादसा देखकर उसकी रूह कांप गई। तत्काल उसने अन्य लोगों को बुलाकर मां-बेटी व बेटा के शरीर में लगी आग को बुझाया और उन्हें लेकर सरकारी एंबुलेंस से



जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने तीनों की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि रास्ते में गौरव ने दम तोड़ दिया था जबकि परी की हैलट में उपचार दौरान मौत हो गई। वहीं मां की उर्सला अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। उधर तीनों शवों को वापस जनपद लाया गया। उधर तीन लोगों की मौत से परिवारीजनों के बीच कोहराम मच गया। उधर घटना से गांव में ही सन्नाटा पसर गया।

# मिशन शक्ति व नारी सुरक्षा के तहत महिलाओं और बालिकाओं को दी गयी जानकारी

**जन एक्सप्रेस | मानिकपुर, चित्रकूट**

मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी के तहत प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इण्टर कॉलिज ऊंचाडीह में छात्राओं को जागरुक किया गया।

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी के तहत सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर, लाइन्स निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह तथा थाना मानिकपुर की एण्टी रोमियों टीम द्वारा थाना मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इण्टर कॉलिज ऊंचाडीह में छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएं यूपी



112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बूलेन्स सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को अवगत कराया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है।

साथ ही समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही विद्यालय की छात्राओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने तथा छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। इसी क्रम में छात्राओं को जनपद में गठित एंटी रोमियों स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया। बताया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कॉलिज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओं एवं बालिकाओं का अधिकतर आवागमन होता है, उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदों, मनचलों द्वारा आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगों से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो, मनचलों की कार्यवाही की जाती है।

# भागवत कथा कलियुग में साक्षात् भगवान के दर्शन के बराबर होती है: बृजेन्द्र शास्त्री

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

भौरी गांव में चल रही श्री मद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास बृजेंद्र शास्त्री ने श्री मद्भागवत के महात्म्य के बारे में बताया कि श्रीमद भागवत कथा के स्मरण करने मात्र से हमारे सभी पाप नष्ट हो जाते है और अनंत पुण्यों की प्राप्ति होती है।

कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने के लिए देवता गण भी तरसते रहते है। मानव प्राणी को इस कथा का लाभ व आशीर्वाद आसानी से भी मिल सकता है। जब धुंधकारी प्रेत के निमित्त श्री गो कर्ण महाराज ने भागवत कथा सुनाकर प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई। धन्या भागवती वार्ता प्रेत पीड़ा विनासिनी अर्थात मोक्ष के लिए भागवत वरदान है। श्री मद्भागवत कथा से जीवन मंगलमय होता है। जब भक्ति कथा के माध्यम से हृदय में प्रवेश करती है तो आंनद के हिलोरे स्वतः उठने लग जाती है और जीवन धन्य एवं कृतार्थ हो जाता




है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत के महात्म के प्रथम अध्याय के पहले श्लोक में सत-चित-आनन्द स्वरूप परमात्मा की स्तुति की गई है, नमन किया गया है। जिसके द्वारा इस जगत की उत्पत्ति, पालन तथा विनाश आदि हो रहा है।

जो इस जगत के प्राणिंयों को उसके जीवन में व्यापत दैहिक, दैविक तथा भौतिक कष्टें से मुक्ति प्रदान करने वाला है। उन्होंने बताया कि परमात्मा सत-चित-आनन्द स्वरूप है सत अर्थात परमात्मा नित्य है, शाश्वत है, चित अर्थात शुद्ध चैतन्य स्वरूप तथा आनन्द से परिपूर्ण है। वही परमात्मा इस सम्पूर्ण विश्व का इस ब्राम्हण का उत्पत्तिकर्ता है जो इस सम्पूर्ण विश्व का पालन कर रहा है। नवसृजन के लिये इस विश्व का विनाश कर्ता है। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा कलयुग में मनुष्यों के जीवन और मृत्यु के चक्र में होने वाले कष्ट से मुक्ति प्रदान करने वाली है। मनुष्य के मन की शुद्धि का सर्वोत्तम साधन है। यह श्रीमद् भागवत कथा उन मनुष्यों को उपलब्ध होती है, जिनके जन्म जन्मान्तर के पुण्य अर्थात शुभ कर्म उदय होते हैं। श्रीमद् भागवत की कथा परमात्मा की कृपा से ही उपलब्ध होती है।

इस मौके पर मुख्य यजमान कमलेश पयासी, राकेश, रजनीश, मनीष मिश्र, इंजी आशीष मिश्र, निलेश मिश्र, अमित मिश्र आदि मौजूद रहे।

# परिवारिक मतभेदों को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में थाना राजापुर की पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। आवेदक सोनी पुत्र नेपाली निवासी राजापुर ने थाना राजापुर में प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी पत्नी सिमरन देवी पुत्री छोटेलाल निवासी अगरहुंडा दो छोटे बच्चों के साथ अपने मायके चली गई है एवं वापस नहीं आ रही है। प्रभारी निरीक्षक राजापुर द्वारा प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए उप निरीक्षक रामकृष्ण वर्मा को निर्देशित किया। उप निरीक्षक ने शिकायतों को विस्तारपूर्वक समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें थाना राजापुर में बुलाया। साथ ही महिला हेल्प हेस्क में नियुक्त महिला आरक्षी अंजू वर्मा के साथ दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।

# अबैध कब्जे पर चला बुलडोजर, लाखों की कीमत के मकान हुये धराशाई

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

गाजीपुर थाना क्षेत्र में मरघट की जमीन में कब्जा किये अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर बेदखली की कार्यवाही किया गया। प्रशासन की मौजूदगी में जमीन पर बने मकानों को बुलडोजर से ढहा दिया गया।

गाजीपुर कस्बा से सिमौर रोड पर मौजूद मरघट की जमीन पर पिछले कई सालों से लोगों ने कब्जा कर रखा था। कई कब्जेदारों ने जमीन पर आलीशान मकान बना कर खड़ा कर दिया था तो कई कब्जेदार जमीन पर खेती करते थे। राजस्व विभाग ने 2013 में मुकदमा दायर किया था। कोर्ट ने बेदखली का आदेश दिया। मामले पर नायब तहसीलदार रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि 26 दिन पूर्व कब्जेदारों के खिलाफ अभियान चलाकर तीन घर गिराए गये थे और बाकी कब्जादरो को नोटिस दिया गया था लेकिन नोटिस देने के बाद भी अवैध कब्जादारों ने मकान नहीं खाली किया था। आज एसडीएम प्रभाकर त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व टीम और भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर



लेकर मौके पर पहुंचे। जहां कब्जादारों के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रशासन ने अंतिम चेतावनी देते हुए सभी घरों को खाली करवा दिया। इसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर से लाखों कीमत से तैयार कराये गये आलीशान मकानों को ध्वस्त करा दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कुंवर विक्रम प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी जाफरगंज परशुराम त्रिपाठी, थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, राधानगर थाना प्रभारी राज किशोर सिंह, ललौली थाना, चांदपुर थाना समेत कई थानों का फोर्स और पीएसी के जवान मुस्तैद रहे।

# जमीन विवाद के चलते जानलेवा हमला करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर तीन भाईयों समेत छह आरोपियों को सजा

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जमीनी विवाद के चलते जानलेवा हमला करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर तीन सगे भाईयों और उनके बेटों समेत आधा दर्जन आरोपियों को न्यायालय ने चार-चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 13 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 21 नवम्बर 2014 को राजापुर थाने के देवारी गांव के निवासी लखन पाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसका जमीनी विवाद गांव में दूसरे पक्ष से चलता है। घटना के दिन वह अपने खेत पर गया था। इस दौरान पहले से घात लगाए देवारी गांव के ही रहने वाले दूसरे पक्ष के चन्द्रभूषण सिंह, सूर्यभान व चन्द्रभान सिंह पुत्रगण नत्थू सिंह, पेलादू उर्फ राजेन्द्र, बटोई उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र चन्द्रभूषण, व चिल्हू उर्फ भालेन्द्र पुत्र सूर्यभान सिंह ने गाली गलौच शुरू कर दिया। विरोध करने पर विपक्षियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर चन्द्रभूषण सिंह, सूर्यभान सिंह, चन्द्रभान सिंह, पेलादू उर्फ राजेन्द्र, बटोई उर्फ धर्मेन्द्र व चिल्हू उर्फ भालेन्द्र को चार-चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को 13 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# बेखौफ हत्यारों ने पुलिस चौकी के ठीक पीछे देर शाम की हत्या

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

कोतवाली क्षेत्र मे घनी आबादी के अन्दर देर शाम सनसनीखेज हत्या से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। आबूनगर पुलिस चैकी के पीछे हुए हत्याकांड ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दिया। जिला अस्पताल के रिटायर्ड स्वास्थ्य कर्मी हरिओम गुप्ता की अज्ञात बाइक सवार गोली मारकर मौके से फरार हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को जिला अस्पताल ले गयी जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

शहर के दक्षिणी आबूनगर निवासी हरिओम गुप्ता 64 जिला पुरुष अस्पताल में वार्ड बॉय के पद पर तैनात थे। दो वर्ष पूर्व ही उनका रिटायरमेंट हुआ था। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन की तरह वो साइकल से दूध लेने जा रहे थे। जिला उद्योग केंद्र के पास जैसे ही वो पहुंचे बाइक सवार दो हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दिया और जब तक कोई समझता तब तक



हमलावर मौके से फरार हो गये। आबूनगर चैकी के ठीक पीछे हुए गोलीकांड से पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हरिओम को लेकर जिला अस्पताल पहुंची।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरेराह हुई इस हत्या से पूछे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक हरिओम की पुत्री सुनीता ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश और जमीनी को लेकर पिता के बड़े भाई के बेटे ज्ञानेन्द्र ने ही गोली मारकर हत्या किया है। मृतक रिरायर्ड स्वास्थ्य कर्मी के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर पहुंचे एसपी उदय शंकर सिंह एएसपी विजय शंकर मिश्र ने मामले की गहनता से जांच किया और बताया कि हत्याकांड के फरार आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच किया जा रहा है। मृतक के घरवालों ने इसमें जमीनी विवाद बताया है। तीन टीमें गठित किया गया हैं जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

## कार्यालय: ग्राम पंचायत रुखमा बुजुर्ग, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/निविदा/2023-24
दिनांक: 16-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अन्तर्गत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत रुखमा बुजुर्ग, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 20.10.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21.10.2023 को अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 17.10.2023 से दिनांक 20.10.2023 को अपराहन 3.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत रुखमा बुजुर्ग से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रुखमा बुजुर्ग | SBM | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र। | 01 नग | 9.98 लाख | 19960.00 | 500.00 |
| 2. | रुखमा बुजुर्ग | SBM | कचरा ई वाहन रिक्शा। | 01 नग | 1.50 लाख | 3000.00 | 500.00 |
| 3. | रुखमा बुजुर्ग | SBM | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र में रैम्प जाली पेन्टिंग व अन्य कार्य। | 01 नग | 2.58 लाख | 5160.00 | 500.00 |
| 4. | रुखमा बुजुर्ग | SBM | बेस्ट इस्टेबलाइजेसन पॉड (WSP)। | 01 नग | 3.50 लाख | 7000.00 | 500.00 |

**निविदा शर्तें :-** 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान: शिव देवी**
ग्राम पंचायत: रुखमा बुजुर्ग
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी: जय प्रकाश भारतीय**
ग्राम पंचायत: रुखमा बुजुर्ग
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

## कार्यालय: ग्राम पंचायत छेरिहाखुर्द, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/निविदा/2023-24
दिनांक: 16-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अन्तर्गत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत छेरिहाखुर्द, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 20.10.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21.10.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 17.10.2023 से दिनांक 20.10.2023 को अपराहन 2.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत छेरिहाखुर्द से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छेरिहाखुर्द | SBM | ग्राम पंचायत छेरिहाखुर्द में आर०आर०सी० सेण्टर का निर्माण कार्य। | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |

**निविदा शर्तें :-** 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान: रामप्यारी**
ग्राम पंचायत: छेरिहाखुर्द
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी: बालगोविन्द**
ग्राम पंचायत: छेरिहाखुर्द
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.2 (+2.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 20.0 (+0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 84 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 38 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# रंगदारी के मामले में रिजवान सोलंकी ने दाखिल की हाईकोर्ट में जमानत याचिका

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर



**प्रयागराज/कानपुर नगर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी का भू माफिया रिजवान सोलंकी वाकई में काफी शातिर दिमाग है। लगातार जेल में रहकर भी वह कानूनी दांव पेंच ऐसे ऐसे खेलता है कि लोगों के सिर चकरा जाते हैं। लेकिन अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्निकांड की पीड़िता नजीर फातिमा से लेकर जितने भी अन्य इरफान गैंग से पीड़ित है सभी के मामले में वैधानिक पैरवी करने का जिम्मा हाई कोर्ट के अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा ने ले लिया है। सबसे खास बात यह है कि यह अधिवक्ता किसी से भी ?1 फीस के नाम पर नहीं ले रहे हैं। सिर्फ और सिर्फ इनका उद्देश्य है कि इन गरीब लोगों को न्याय मिल सके। बीते दिन सोमवार को रिज़वान सोलंकी की रंगदारी मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी लेकिन ऐन वक्त पर विद्वान अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा पहुंच गए और उन्होंने मुकदमा वादी अकील अहमद खान की ओर से वकालत नामा दाखिल करते हुए कोर्ट से समय मांग लिया है। ज्ञातव्य हो कि सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी के साथ-साथ विधायक के कारखास पूर्व पार्षद मोहम्मद मुरसलीन खान उर्फ भोलू समेत अन्य समर्थकों के विरुद्ध समाजसेवी अकील अहमद खान द्वारा कोतवाली जाजमऊ में छह दिसम्बर 2022 को रंगदारी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामले में पूर्व में भोलू की जमानत याचिका हाईकोर्ट इलाहाबाद में मंजूर की जा चुकी है। विधायक इरफान के भाई रिजवान सोलंकी ने भी जमानत पाने के लिए याचिका दाखिल की थी जिस पर सुनवाई बीते दिन सोमवार को होनी थी। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की कोर्ट में जैसे ही सुनवाई आरम्भ होने वाली थी वैसे ही अकील अहमद खान की ओर से नजीर फातिमा का अग्निकांड वाला मामला देख रहे अनुज कुमार मिश्रा ने पहुंचकर कोर्ट को बताया कि वह मुक़दमा वादी अकील की ओर से पक्ष रखना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने वकालत नामा दाखिल कर दिया है इसके बाद उन्होंने कोर्ट से समय मांगा और कोर्ट ने उन्हें समय दे दिया है।



### पूर्व पार्षद भोलू की एक और याचिका पर हाईकोर्ट में हो सकती है जल्द सुनवाई

मिली जानकारी के अनुसार सपा विधायक इरफान सोलंकी के कारख़ास पूर्व पार्षद भोलू के विरुद्ध कोतवाली कर्नलगंज में दर्ज रंगदारी के मामले में कानपुर की जिला अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद भोलू ने हाईकोर्ट इलाहाबाद का दरवाजा खटखटाया है। बीती 12 अक्टूबर को सुनवाई होनी थी लेकिन उसका कोई निर्णय पब्लिक पोर्टल पर अभी तक अपलोड नहीं हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 40 स्टार्टअप में से प्लांटेक को मिला प्रथम स्थान



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** डॉ. एआईटीएच इनक्यूबेशन और स्टार्टअप सेंटर के प्लांटेक इनोवेशन स्टार्टअप ने इनोवेशन हब एकेटीयू लखनऊ द्वारा आयोजित स्टार्टअप इन्वेस्टर एक्सपो 2.0 में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा रुपए 1 लाख का पुरस्कार प्राप्त किया है। बताते चले कि प्लांटेक का कार्य आपके घर पर उपलब्ध न होने पर पौधों की देखभाल कर उन्हें आवश्यकतानुसार पानी उपलब्ध कराना है। यह यह मशीन आईओटी बेस्ड है तथा स्मार्ट सेंसर के साथ स्वचालित सिंचाई प्रणाली पर बनी हैं। एक्टू लखनऊ में सिलेक्ट किए गए 40 स्टार्टअप में से प्लांटेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज परास्नातक छात्र-छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से अलग-अलग विश्व में एमडी/एमएस उत्तीर्ण लगभग 32 परास्नातक छात्र-छात्राओं का डीएम/एमसीएच परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन रहा। बताते चलें कि राष्ट्रीय स्तरीय इस परीक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं का पूरे भारत में सुपर स्पेशलिटी विषयों में डीएम/एमसीएच की पढ़ाई के लिए चयन किया जाता है।

### छह दिवसीय मशरुम प्रशिक्षण शिविर का आरम्भ

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग के अंतर्गत मशरूम शोध व विकास केंद्र में छह दिवसीय मशरुम प्रशिक्षण के पहले दिन सोमवार को कृषकों एवं? छात्र छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.पी.के. उपाध्याय ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षार्थी अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। क्योंकि स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मशरूम में सारे पोषक तत्व होने के कारण इसकी मांग बढ़ती जा रही है। नोडल अधिकारी डॉ.एस.के.विश्वास ने बताया कि यह प्रशिक्षण 6 दिवसीय है जिसमें 30 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से सफाई कर्मी की मौत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर में सोमवार तड़के सुबह पनकी थाना क्षेत्र के कालपी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। पीछे से आ रहे दूसरे कर्मचारी ने पहचाना तो सुपर वाइजर को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे सुपर वाइजर ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों और साथी कर्मचारियों ने शव रख कर रोड जाम कर दिया।सड़क जाम करने के बाद मौके पर पनकी थाना पुलिस पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन परिजन मुवावजे की मांग पर अड़े रहे। वार्ड 57 स्वराज नगर पनकी के सफाई कर्मी राकेश ने बताया कि वह सुबह 6 बजे के क़रीब पनकी नहर पार कर ड्यूटी जा रहे थे। तभी एक युवक सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ा था। उसने रुक कर युवक की पहचान की तो वह विजय नगर अंबेडकर नगर निवासी साथी कर्मचारी राम प्रसाद(50) निकला। उन्होंने इसकी जानकारी सफाई नायक को दी।बीएससी की पढ़ाई कर रहे मृतक के बेटे शिवम ने बताया की उसके तीन बहने राखी,रेखा, साक्षी, सूरेखा,श्रुति और मां पारो हैं। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। दी बहने अभी पढ़ाई कर रही हैं। मृतक पिता नगर निगम संविदा सफाई कर्मचारी थे और वार्ड 57 स्वराज नगर में तैनात थे।

### जंगल में पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बिधनू पुलिस को सोमवार को जंगल में एक पेड़ पर गले में कपड़ा बांधकर लटका हुए शव की जानकारी मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जॉच पड़ताल की है। पुलिस के अनुसार अर्जुन नट पुत्र रामलाल निवासी ग्राम मझावन ने चौकी मझावन पर उपस्तिथ आकर मौखिक रूप से बताया कि मझावन मार्केट के पीछे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझावन से सटे जंगल में उसके पुत्र विनोद उर्फ बादशाह उम्र करीब 35 वर्ष ने फांसी लगा ली है। परिजनों का कहना है कि उनका बेटा अक्सर नशेबाजी में घर से गायब रहता था जो 4-5 दिन के बाद वापस आता था ।बीती 13 अक्टूबर को मृतक घर से निकल गया था हम सबको लगा कि हर बार की तरह यह वापस आ जाएगा लेकिन सोमवार को जानकारी मिली कि उनके लड़के ने फांसी लगा ली है। थाना बिधनू पुलिस टीम ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को लेकर जॉच और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## आईआईटी में शिवानी के साहित्य में 'स्त्री विमर्श' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शिवानी जी हिंदी साहित्य की अग्रणी लेखिकाओं में से एक थीं, जिनकी लेखनी में सशक्त महिला पात्रों की एक विशिष्ट आवाज प्रस्तुत की गई, जो अपनी और अपने प्रियजनों की मुक्ति के लिए लड़ती हैं और साथ ही बेहद संवेदनशील और दयालु भी हैं। यह बात रविवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में आयोजित अक्षर 2023 के उद्घाटन समारोह के मौके पर शिवानी केंद्र के गोविन्द शर्मा कही। इसके पश्चात, कथा रंग ~ एक कथा वाचन मंडली लखनऊ से सुश्री नूतन वशिष्ठ और सुश्री अनुपमा ने शिवानी की कहानियाँ पठन कार्यक्रम में शिवानी जी की सबसे प्रसिद्ध कहानियों का वाचन किया। समूह ने अपने जीवंत प्रस्तुति से दर्शकों को पूरी तरह से मंत्रमुग्ध कर दिया और शिवानी जी की कुछ प्यारी कहानियों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के क्रम में, शिवानी के साहित्य में स्त्री विमर्श विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें कई साहित्यिक हस्तियों जैसे बी एच यू से प्रो. चन्द्रकला त्रिपाठी, पुणे विश्वविद्यालय से प्रो. शशिकला राय और सुश्री अनुशक्ति सिंह ने भाग लिया। चर्चा के दौरान शिवानी जी के लेखन में मजबूत और स्वतंत्र महिला पात्रों के चित्रण पर विस्तार से चर्चा की गयी। एक ओपन माइक कार्यक्रम, आज के उभरते कलाकार, का आयोजन किया गया, जिसमें आई आई टी परिसर के निवासियों और छात्रों के लिए एक कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कई छात्र, कर्मचारी और संकाय सदस्य शामिल हुए, जिससे परिसर के निवासियों के बीच सभी महत्वाकांक्षी कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान हुआ। इसके पश्चात, परिसर में प्रतिभाशाली बच्चों के लिए एक ओपन माइक कार्यक्रम, बच्चों का कोना, का आयोजन किया गया। इस सत्र में अलग-अलग उम्र के कई बच्चों ने भाग लिय। जिसमें बच्चों ने नृत्य, गायन, कविता पाठ और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर ने बच्चों को अपनी प्रतिभा को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान किया। दर्शकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात, कुमारी शर्वरी जी राव और श्रीमती नागरेखा जी राव द्वारा नृत्य संध्या के अंतर्गत भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया। दोनों कलाकारों ने अपने सुन्दर प्रदर्शन, लए और गति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## ग्वालटोली पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



ग्वालटोली थाने की पुलिस ने बुजुर्ग दंपति के घर में लाखों की चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को धर दबोचा है। दोनों के पास से 90 फ़ीसदी माल भी बरामद हो गया है पूछताछ में शातिर चोरों ने बताया कि कर्ज अदा करने के लिए चोरी की थी पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एडीसीपी सेंट्रल आरती सिंह ने बताया की खलासी लाइन में रहने वाले सतीश भाटिया के घर में 13 अक्टूबर की रात चोरों ने चोरी की थी। उन्होंने बताया कि उनके बच्चे विदेश में रहते हैं घर में सिर्फ बुजुर्ग दंपत्ति रहते हैं देर रात छत से घुसे चोरों ने करीब 5 लाख का जेवरात और कैश चोरी किया था। ग्वालटोली थाने की पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज करके जांच कर रही थी जांच के दौरान सीसीटीवी में संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा पूछताछ में युवक की पहचान नवाबगंज के सूर्य विहार झोपड़पट्टी निवासी विशाल कुमार कठेरिया उर्फ खुरचन के रूप में हुई है पुलिस संदिग्ध खुरचन के मोहल्ले में जांच पड़ताल की तो पता चला कि शातिर ने नया मोबाइल कपड़े खरीदे हैं रोजाना शाम को शराब पार्टी चल रही थी। ग्वालटोली थाने की पुलिस ने घर में ताबिश देकर उठा लिया तलाशी के दौरान घर से चोरी का पूरा माल बरामद हो गया सिर्फ दो सोने के कंगन नहीं मिले हैं। पूछताछ में खुरचन ने बताया कि उसने दो कंगन ?80000 के भेज दिए थे इसी से नया मोबाइल और शराब की पार्टी चलती थी इसके साथ पुलिस ने चोरी और माल बेचने में उसका साथ देने वाले ग्वालटोली खटकाना निवासी विक्की सोनकर को भी गिरफ्तार कर लिया है।



## महात्मा गांधी मार्ग पर बन रहे स्टेशन का नाम नयागंज किए जाने का विरोध

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में सोमवार को कानपुर नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त अमित गुप्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर मेट्रो संबंधित सुझाव दिए जिसमें महात्मा गांधी मार्ग पर बन रहे स्टेशन का नाम नयागंज किए जाने का विरोध भी किया गया। साथ ही साथ बर्रा 8 तक जो मेट्रो की लाइन जा रही है उसको नौबस्ता तक जोड़ने की मांग रखी तथा कानपुर सेंट्रल से शुक्लागंज गंगा घाट एवं कानपुर सेंट्रल से एयरपोर्ट गणेश शंकर विद्यार्थी एयरपोर्ट तक डी.पी.आर.बनवाकर उसकी भी निर्माण करने की मांग की गई।

## दसवीं के छात्र को यौन प्रलोभन देने और धर्मांतरण का मामला शहर में गर्माया

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



छावनी स्थित मिशनरी स्कूल में दसवीं के छात्र द्वारा अपनी शिक्षिका पर लगाए योन प्रलोभन और धर्मांतरण के आरोपों के बाद अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी मामले को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया है। सोमवार को जहां माल रोड स्थित ब्रह्मानंद कॉलेज से सैकड़ो की तादाद में एबीवीपी के छात्र हाथों में भगवा झंडा लेकर निकले और पैदल मार्च करते हुए छावनी स्तिथ मिशनरी स्कूल तक गए,लेकिन स्कूल से ठीक पहले सेना के जवानों के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें वही रोक दिया गया,रोके जाने पर आक्रोशित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र और उनके साथ में मौजूद पीड़ित छात्र के पिता धरने पर बैठ गए, एबीवीपी कार्यकर्ताओ ने मांग की है कि तत्काल आरोपी शिक्षिका की गिरफ्तारी हो और पीड़ित छात्र को न्याय दिया जाए,उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन की ओर से कार्यवाही नहीं होती है तो आंदोलन लगातार जारी रहेगा वहीं पीड़ित छात्र के पिता अखिलेश शुक्ला ने बताया कि मिशनरी स्कूल की ओर से अलग-अलग माध्यमों से लगातार उनको धमकियां मिल रही हैं या मामले को शांत करने की बात कही जा रही है, उन्होंने कहा की न सिर्फ यहां पर योन प्रलोभन का ही मामला है बल्कि स्कूल प्रशासन की यह पूरी मिली भगत है जिसके चलते छात्र-छात्राओं को एनसीईआरटी में मौजूद महापुरुषों के पाठ्यक्रम भी नहीं पढ़ाए जाते हैं, इस पूरे आंदोलन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पीएसी के जवान भी तैनात रहे, हालांकि कार्यकर्ताओं ने बीएनडी कॉलेज से छावनी तक शांतिपूर्ण ढंग से सिर्फ नारेबाजी के साथ ही मार्च किया ।

## नगर के विकास को लेकर महापौर ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर के विकास और जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए महापौर प्रमिला पांडेय ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान महापौर ने महानगर की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही जे.एन.यू.आर.एम. के अन्तर्गत गंगा बैराज से कानपुर जलापूर्ति पेयजल योजना हेतु बिछायी गयी जी.आर.पी. पाइप के सुदृढ़ीकरण हेतु पाइप रेट्रोफिटिंग कार्य योजना का प्राक्कलन अनुमानित लागत 139.38 करोड़ की धनराशि अमृत योजना 2.0 के अन्तर्गत उपलब्ध कराने, दक्षिण एवं पूर्वी वार्डो की पेयजल समस्या के निदान हेतु अमृत 2.0 के अन्तर्गत प्रोजेक्ट रू0 347.00 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराने, कानपुर महानगर की जनता की सुविधाओं एवं नगर निगम, कानपुर की मार्ग प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के दृष्टिगत नगर निगम, कानपुर को लगभग 70 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराये जाने ताकि सी.सी.एम.एस. (सेन्ट्रल कन्ट्रोलिंग एण्ड मॉनिट्रिंग सिस्टम) लगाकर मार्ग प्रकाश बिन्दुओं ऑटोमेटिक ऑन ऑफ किये जा सके एवं विद्युत भुगतान में बचत हो सके, 20 नये कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण कराये जाने हेतु लगभग 15 करोड़ रुपये की धनराशि कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को आवंटित कराये जाने की मांग की एवं सुझाव दिया कि 15 वें वित्त आयोग से एयर पोल्यूशन के अंतर्गत आवंटित कराये जाने वाली धनराशि को एक पोर्टल के माध्यम से धन आवंटित किया जाये एवं पोर्टल पर मैप के माध्यम से हो रहे कार्यो जैसे सड़क, पार्क, कूड़ा निस्तारण इत्यादि को जी.आई.एस. टैगिंग भी किया जाये। जिससे रियल टाइम के अन्तर्गत देखा जा सके कहॉ क्या-क्या कार्य हो रहे है।

## साढ़ चौराहा में खाद्य विभाग का छापा दुकानों के शटर बन्द, पसरा सन्नाटा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



साढ़ चौराहा में उस वक्त हड़कम मचने के साथ साथ दुकानों के सटर बन्द होना सुरु हो जब खाद्य विभाग की टीम ने अचानक चौराहा में संचालित दुकानों में छापा मारना शुरू कर दिया और खाद्य विभाग की टीम आने से साढ़ चौराहा में सन्नाटा पसर गया और दुकानदार अपनी अपनी दुकान में सटर गिरा और ताला लगा कर इधर उधर खिसक लिए । छापा के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ड्राई फूड की दो दुकानो से सैम्पल भरे गए अगर कुछ भी मिलावट पाई जाती है तो इन दोनो दुकानदारो के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी। मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह,और सोमनाथ कुशवाहा,नायब तहसीलदार शिखा शुक्ला और वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

## कुलपति ने ताइवान यात्रा के दौरान हुई वार्ताओं और उपलब्धियों की दी जानकारी



### भारतीय विश्वविद्यालय संघ के प्रतिनिधिमंडल ने किया ताइवान के 6 विश्वविद्यालयों का दौरा

ताइवान के शिक्षा मंत्री मोनिची लियो के निमंत्रण पर भारतीय विश्वविद्यालय संघ के प्रतिनिधिमंडल ने 8 से 14 अक्टूबर 2023 तक ताइवान के 6 विश्वविद्यालयों का दौरा किया जिसका मुख्य उद्देश्य ताइवान के विश्वविद्यालयो और भारतीय विश्वविद्यालयो के मध्य अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं अकादमिक सहयोग स्थापित करना रहा। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के इस सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व एआईयू के उपाध्यक्ष सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक तथा सचिव प्रो॰ पंकज मित्तल द्वारा ने किया गया।

जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं एकेडमिक सहयोग प्रकोष्ठ की तरफ से डॉ. प्रभात द्विवेदी, डॉ.राजीव मिश्रा तथा अन्य सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक का सोमवार को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने ताइवान के शिक्षा मंत्री और छह विश्वविद्यालय एवं कुछ अन्य संस्थाओं में संपन्न हुई उनकी मीटिंग एवं वार्ताओं और उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ तथा ताइवान के ताइपे विश्वविद्यालय के मध्य एक एमओयू हस्ताक्षर हुआ जिसके अनुसार भारतीय विश्वविद्यालयों तथा ताइवान के ताइपे विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों को विनिमय कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। जिससे वह अपने ज्ञान, शोध, संस्कृति एवं अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा कर सकेंगे। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ के सदस्य प्रो.सुधांशु, प्रो. संदीप, डॉ.संदेश गुप्ता, डॉ.प्रशांत त्रिवेदी, डॉ.गौरव कुमार, डॉ.अंकित त्रिवेदी, डॉ.अंजु दीक्षित, डॉ.एकता खरे, सौरभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## 8 साल बाद मादा गैंडा मानू ने दिया बच्चे को जन्म



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर प्राणी उद्यान के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है क्योंकि 8 साल बाद मादा गैंडा मानू ने बच्चों को जन्म दिया है। बीते दिन सोमवार को कानपुर प्राणी उद्यान में आने वाले वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर हैं। सबसे विशेष बात यह है कि जिस मादा गैंडा मानू ने बच्चों को जन्म दिया है उसका भी जन्म कानपुर के चिड़ियाघर में ही हुआ था। आपको बताते चलें की मानू ने दूसरी बार बच्चों को जन्म दिया है। चिड़ियाघर प्रशासन के मुताबिक मानू का बच्चा पूरी तरीके से स्वस्थ है। इस बच्चे को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। जन्म के कुछ ही देर बाद वह अपनी मां के साथ बारे में खेलता हुआ नजर आया है। हालांकि प्राणी उद्यान की डॉक्टरों की टीम नवजात बच्चे के ऊपर नजर बनाए हुए हैं।

### मादा गैंडा मानू ने भी यहीं पर लिया था जन्म

वन प्राणी उद्यान की परंपरा के अनुसार यहां पर वन्य जीवों का दूसरे उद्यानों से एक्सचेंज प्रोग्राम चलता ही रहता है। जानकारी देते हुए वन प्राणी उद्यान के फॉरेस्ट ऑफीसर नावेद ने बताया कि 27 जुलाई 1997 को पटना के चिड़ियाघर से मादा गैंडा छुटकी को कानपुर लाया गया था। छुटकी ने 22 जून 2002 को मानू को जन्म दिया। आपको बताते चलें गैंडे की औसत आयु लगभग 50 वर्ष मानी जाती है। वर्तमान समय में मानू ने 21 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान बीते कुछ वर्षों में मानू ने 28 में 2013 को नर गैंडा पवन व 4 सितंबर 2015 को कृष्णा नाम के गैंडे को जन्म दिया था। अब तीनों गैंडा चिड़ियाघर के अलग-अलग बाड़ों में रहते हैं। वन प्राणी उद्यान में गैंडो की संख्या बढ़ाने के लिए प्रजनन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शारदीय नवरात्रि का पर्व

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में विवेकानन्द हाउस के सौजन्य से शारदीय नवरात्रि का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवरात्रि के सुअवसर पर विद्यालय के विशाल प्रांगण में मातारानी का आकर्षक दरबार सजाया गया। अनन्या सिंह और अरल विश्वकर्मा को आदिशक्ति माँ दुर्गा तथा उनके वाहन सिंह के जीवन्त रूप की आकर्षक झांकी में देखकर उपस्थित अभिभावक एवं अन्य सभी आगन्तुकों का मन मुग्ध हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रद्धा-भक्ति पूर्वक माँ का पूजन अर्चन सम्पन्न किया। इस अवसर पर हेड-मिस्ट्रेस मैडम द्वारा प्रस्तुत किये गये, आह्वान गीत के साथ माँ शेरावाली का आगमन देखने के लिए सभी लोग बहुत उत्सुक दिखाई दिये। इसी क्रम में स्कूल की छात्राओं में से मानसी, राधिका और उनके साथियों ने 'जरा फूल बिछा दो आंगन में, मेरी मैया आने वाली है.......' गीत प्रस्तुत किया। प्रोग्राम के दौरान सम्पूर्ण विद्यालय प्रांगण माँ के जयकारों से गूंज रहा था। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टीविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, माधुरी शुक्ला, रविन्दर कौर, मंजू शर्मा, गरिमा अग्रवाल, आशीष, उमैर और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा। अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में बच्चों से कहा कि नवरात्रि का पावन-पर्व शक्ति उपासना का पर्व है। नौ दिनों तक जो श्रद्धा-भक्ति पूर्वक माँ के अनेकानेक रूपों की उपासना करता है, उसे सुख-शान्ति, समृद्धि और बुद्धि-विवेक प्राप्त होता है। माँ का आशीर्वाद आप सभी पर हमेशा बना रहे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## फास्ट फॉरवर्ड

### बन्धन बैंक की गौरीगंज शाखा का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन



जन एक्सप्रेस/अमेठी। सोमवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बंधन बैंक की गौरीगंज अमेठी शाखा का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर बैंक के संचालन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह बैंक छोटे-छोटे ऋण और महिला समूहों को ऋण देने का कार्य करने की दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है। इस मौके पर मौजूद रीजनल हेड अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि बन्धन बैंक ने महिला सशक्तिकरण के लिए महिला समूह ऋण से व्यवसाय शुरू किया था। बन्धन बैंक को 2015 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से बैंकिंग लाइसेन्स प्राप्त हुआ। और वर्तमान में देश भर में 1600 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं। इस समय 5500 से अधिक महिला समूह बैंक के सहयोग से संचालित हैं। बन्धन बैंक में सभी बैंकिंग सेवाएं जैसे पैसे की जमा, निकासी, बचत खाता, चालू खाता, फिक्स डिपॉजिट और ऋण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि अन्य बैंकों की तुलना में बचत खाता में 6 प्रतिशत और फिक्सडिपॉजिट में 7.85 और वरिष्ठ नागरिक को 8.35 प्रतिशत ब्याज दरें देय है। जल्दी ही लाकर की सुविधा भी इस शाखा पर उपलब्ध होगी। इस अवसर पर क्लस्टर हेड सौरभ सिन्हा, शाखा प्रबंधक, आशीष द्विवेदी सहायक शाखा प्रबंधक बृजेश सिंह, सहायक प्रबंधक राहुल शर्मा व कैशियर अर्चना पाण्डेय के अलावा पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मटियारी पूर्व सभासद सतीश श्रीवास्तव व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अखिलेश शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

### ब्लॉक संसाधन केन्द्र तिलोई पर टेबलेट वितरण संपन्न



जन एक्सप्रेस/अमेठी। उप्र सरकार की तरफ से बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों को विभागीय सूचनाओं व विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप द्वारा धीरेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला एवं जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अमेठी को टैबलेट देकर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया इस टैबलेट से विभागीय सूचनाओं का आदान-प्रदान, प्रशिक्षण, बैठक व अनेक विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वन किया जाएगा। धीरेंद्र प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष ने बताया अभी तक शिक्षक अपने मोबाइल से विभागीय कार्यों को सूचना,प्रशिक्षण व गतिविधियों का क्रियान्वयन कर रहे थे। अब विभाग द्वारा उन्हें टैबलेट दिया गया है। इससे सूचनाओं के आदान प्रदान में सुगमता रहेगी और सभी प्रशिक्षण व गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न होंगी। टेबलेट वितरण के सहयोग में गोविंद त्रिपाठी, शुभम मिश्रा, राम सिंह, शशि कुमारी सिंह आदि शिक्षक लगे रहे। सुनील सिंह अध्यक्ष पवन मिश्रा, यतींद्र मोहन वैश्य कोषाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव, मंत्री, अमृता, अमिता, नदीम, अब्बास रिजवी, अनुराग कुमार, विजय विक्रम, धीरेंद्र सिंह बघेल, संतोष तिवारी, भारतेंदु सिंह सिसो, शालिनी सिंह, अलका सिंह, कृष्णा कुमारी, जितेंद्र सिंह चौहान, ससेंद्र बहादुर सिंह, आलोक सिंह, आरती सिंह, सरोज सिंह, कीर्ति मिश्रा, बृजेश कुमार सिंह, खुशबू, प्रज्ञा, श्रवण कुमार द्विवेदी सुरेश कुमार,विजय सिंह,महेंद्र प्रताप सिंह दिलीप सिंह, विनोद कुमार, चंद्रजीत यादव सहित सैकड़ों शिक्षकों ने उपस्थित होकर टेबलेट प्राप्त किया।

### 'तेवर' सुल्तानपुरी की याद में काव्य संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। तेवर सुल्तानपुरी की पहली बरसी पर एक काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के दर्जनभर शायरों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता जनाब कमेंद बड़े पुत्र आरजू नैय्यर ने किया। गौरतलब हो कि शायर रईस अहमद टाइटल 'तेवर सुल्तानपुरी' ब्लॉक कूरेभार ब्लाक के अंतर्गत तियरी गांव के रहने वाले थे। लगभग 82 साल की उम्र में रईस अहमद 'तेवर सुल्तानपुरी' का निधन उनके पैतृक गांव तियरी में 04 अक्टूबर 2022 को लम्बी बीमारी के बाद हो गया। तेवर साहब बहुत अच्छी शायरी करते थे। उनका शुमार जनपद के उस्ताद शायरों में होता है। वो जितने बेहतरीन शायर थे उतने है नेक दिल और अच्छे इंसान थे। 15 अक्टूबर को जनाब तेवर साहब की याद में प्रसिद्ध कवि डॉ डीएम मिश्रा द्वारा एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के मशहूर शायर जनाब जाहिल सुल्तानपुरी, जनाब हबीब अजमली साहब, जनाब अलिफ़ सीन कादिरी, जनाब मन्नान सुल्तानपुरी साहब की उपस्थिति रही। जिसमें काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता जनाब बुजुर्ग शायर जाहिल सुल्तानपुरी ने की। वहीं जनाब तेवर सुल्तानपुरी साहब की के बड़े पुत्र आरजू नैयर साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### सीएचसी सलोन में जन्म से कटे होंठ व कटे तालू वाले अब तक कुल 49 मरीजों का निःशुल्क पंजीकरण, 25 ऑपरेशन के लिए चिन्हित

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिले के कटे होंठ और कटे तालू वाले बच्चे खिलखिलाकर मुस्कुरा सकेंगे। बच्चों की इस जन्मजात विकृति को दूर करने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं स्माइल ट्रेन संस्था, हेल्थ सिटी हॉस्पिटल की ओर से जिले में निःशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ पी के बैसवार ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को सलोन, रोहनिया, डीह, नसीराबाद सहित चार ब्लॉकों के मरीजों का पंजीकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सलोन में किया गया। जिसमें अब तक कुल 49 मरीजों का निःशुल्क पंजीकरण किया गया और 25 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इसी क्रम में राही, नगरीय क्षेत्र व सतांव (जिले के समीप के ब्लॉक) ब्लॉकों के मरीजों का पंजीकरण कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद-रायबरेली में दिनांक 17अक्टूबर को किया जाएगा एवं समस्त ब्लॉकों के छूटे हुए मरीजों का पंजीकरण कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद-रायबरेली में 18 अक्टूबर को किया जाएगा। अधीक्षक डॉ पी के बैसवार द्वारा बताया कि कैम्प के दौरान पंजीकृत बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ के हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के प्लास्टिक माइक्रोवस्कुलर कॉस्मेटिक एवं क्रेनियोफेशियल सर्जरी विभाग में किया जाएगा।

### तीन माह के अंदर बनी सड़कों की उखड़ रही गिट्टियां, सीएम से करेंगे शिकायत

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। पीडब्लूडी द्वारा इसौली विधानसभा क्षेत्र में बनाई जा रही सड़के सवालों के घेरे में आ गई हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह बीते तीन माह के अंदर बनी सड़कों की गुणवत्ता पर प्रश्न चिंह लगाया है। उन्होंने कहा है कि हाल में बनी सड़कों की गिट्टियां उखड़ जा रही हैं। शिवकुमार सिंह ने मामले सीएम योगी और डीएम से शिकायत की बात कही है। इसौली विधानसभा क्षेत्र में सड़क बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग खंड-3 और आरईएस जिम्मेदार इकाई है। बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह का कहना है कि बीते तीन माह के भीतर जो भी सड़के बनाई गई हैं उसकी गिट्टी उखड़ने लगी हैं। सड़के गड्ढा युक्त हो रही हैं। जिससे हादसे और राहगीरों को चलने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह ने इस पूरे प्रकरण को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा है कि डीएम कृतिका ज्योत्सना के समक्ष भी इस प्रकरण को उठाया जाएगा। जिससे निम्न गुणवत्ता के मुद्दे पर जिम्मेदार इंजीनियरों को कटघरे में खड़ा किया जा सके। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह की तरफ से सड़क गुणवत्ता में सवाल उठाए जाने पर इंजीनियरों में खलबली मच गई है।

# निकली अमृत कलश यात्रा, 5 फिट का कलश रहा चर्चा का विषय




जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

**✱ 65 ग्राम सभाओं से होकर जिला मुख्यालय पर पहुंचा कलश**

**✱ जगह-जगह लोगों ने दी माटी कलश में हुई जमा**

बल्दीराय तहसील से सोमवार को अमृत कलश यात्रा निकाली गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह और एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह ने कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा भी पहुंचे। ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया। 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के मद्देनजर 70 किमी लंबी कलश यात्रा निकाली गई। जो बल्दीराय तहसील की 65 ग्राम सभाओं से होते हुए देर शाम जिला मुख्यालय पर पहुंची। यहां डीएम कृतिका ज्योत्सना ने कलश यात्रा का स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने बताया कि अमृत कलश यात्रा में 5 फिट ऊंचाई का कलश तैयार किया गया था। जिसका वजन करीब 36 किलो के आसपास था। उन्होंने ये भी बताया कि यूपी भर में इकलौता अनोखा कलश बना है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। सभी स्थानो से इसमें मट्टी जमा कर डाली गई है। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुति की झलकियां भी देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए। ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने मीडिया को बताया कि आज यह यात्रा निकालकर हम संदेश देना चाहते हैं कि हमारे ग्राम की मिट्टी हमारे घर परिवार की मिट्टी राष्ट्रीयता के बारे में सबसे बड़ा संदेश है कि हमारा भारत देश एक है। हम लोग यही संदेश देना चाहते हैं की एकता में बहुत बल है। आज हम बल्दीराय से निकाल करके जो जा रहे हैं इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल हैं। आज हमारे वीर शहीदों को नमन किया जा रहा है। मेरी माटी मेरा देश के कलश को लेकर 28, 29 तारीख तक शायद दिल्ली में पहुंचना है। सबसे बड़ा संदेश राष्ट्र की एकता को लेकर के है। हमारे जो युवा साथी है उन सबने मिलकर कहा कि कुछ किया जाए तो हमने सोचा कि चलिए अच्छी तैयारी किया जाए। तैयारी तो सारे देश में की जा रही है। सब तरीके से तैयारी है पूरे प्रदेश में भी। इस कलश यात्रा को निकालने का संदेश यह है कि हम सभी शहीद वीर जवानों नमन, धरती पुत्रों को नमन, वंदनीयों को नमन हम भारत की राष्ट्रीयता और एकता एवं भाईचारा बना रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापमारी कर लिए नमूने



जन एक्सप्रेस । अमेठी

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद में नवरात्रि और दशहरे के दृष्टिगत छापमारी अभियान चलाया जा रहा है।जिसके चलते जनपद के विभिन्न बाजारों में छापा मार कर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिनहा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मुसाफिरखाना,जायस,ओदारी गौरीगंज बाजार में किराना दुकानों के निरीक्षण किये तथा खाद्यतेल,किशमिश मखाना,सिघाड़े के आटा और साबूदाना के नमूने जाँच हेतु लिए हैं।नमूनों की जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोग शाला से कराई जाएगी। जिसकी जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# बी.एड. में पूजा, हर्षिता एवं आरती ने 80.25% अंक प्राप्त कर बनीं महाविद्यालय की टॉपर

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज/रायबरेली




न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन सलेथू, महाराजगंज, रायबरेली में गत् सोमवार को बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर एवं डी.एल.एड. तृतीय सेमेस्टर में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अध्यापकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. शशिकांत शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज के द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रबंध निदेशक डॉ. शर्मा ने कहा कि जो छात्र अपने विद्यार्थी जीवन में कठिन परिश्रम करेगा उसका भविष्य आने वाले समय में हीरे के समान चमकेगा, प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बेहतर शिक्षक के द्वारा देश का जिम्मेदार आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है। बी.एड. की टॉपर पूजा तिवारी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहां की हमारी सफलता का श्रेय यहां के शिक्षक हैं। प्राकृतिक वातावरण में अत्यधिक भौतिक सुविधाओं से युक्त यह महाविद्यालय प्रांगण सीखने की प्रवृत्ति को विकसित करता है। इसी के साथ ही आयुषी शुक्ला और आशुतोष ने भी छात्र जीवन से संबंधित अपने विचारों को रखा। उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर में आरती यादव, हर्षित सिंह व पूजा तिवारी ने 80.25: अंक प्राप्त करके प्रथम, आकांक्षा यादव 80: अंक से द्वितीय, रितु रानी 79.75: से तृतीय रहीं। वहीं डी. एल. एड. तृतीय सेमेस्टर में जितिन 92.12: अंकों से प्रथम रहे, संजय कुमार 91.37: से द्वितीय, सबीहा बानो 89.87: से तृतीय रहीं। डीएलएड प्राचार्य ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन जे सी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० शिव ओम श्रीवास्तव, प्रवेश प्रभारी डॉ० अरुण चौधरी, शैक्षिक प्रभारी गौरव मिश्रा, खुशबू सिंह, आशीष वर्मा, प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार, उदय सिंह, सौरभ कुमार, आर एन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कृषक को धान विक्रय के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य

**कॉमन धान का मूल्य 2183 रुपये प्रति कुंटल व ग्रेड ए धान का मूल्य 2203 रुपये प्रति कुटल**

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु समस्त किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि धान कॉमन मूल्य रुपये 2183 प्रति कुंटल तथा धान ग्रेड ए मूल्य-रुपये 2203 प्रति कुंटल है। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत धान विक्रय हेतु ऑनलाइन कृषक पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। अब तक जनपद में कुल 5852 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। जनपद में कृषक बंधुओं की सुविधा हेतु खाद्य विभाग के 32 पी०सी०एफ० के 42, पी०सी०यू० के 12 एवं भा०खा०नि० के 05 कुल 91 धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि कृषकों को धान विक्रय के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। कृषक किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या स्वयं से खाद्य विभाग के पोर्टल से पंजीयन करा सकते हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष भी आधार लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ०टी०पी० आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है, जिसके लिये किसान बन्धु पंजीकरण के समय अपने आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ०टी०पी० के माध्यम से प्राप्त करें तथा एस०एम० एस० द्वारा प्रेषित ओ०टी०पी० को भरकर पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। किसान पंजीकरण का शत प्रतिशत सत्यापन उपजिलाधिकारी, ए०डी०एम० लॉगिन से किया जायेगा। किसान अपनी खतौनी में दर्ज नाम का पंजीकरण में सही-सही दर्ज करायें, खतौनी में उल्लेखित (बायें तरफ) समस्त नामों अपना नाम चुने जाने के विकल्प उन्हें ऑनलाइन ड्रॉप डाउन में उपलब्ध रहेगा। नाम में भिन्नता की स्थिति में उपजिलाधिकारी द्वारा ऑनलाइन सत्यापन किया जायेगा। किसान अपना आधार संख्या, आधार कार्ड में अंकित अपना नाम, लिंग तथा आधार से लिंक मोबाइल नम्बर सही-सही अंकित करें। कृषक बंधुओं को विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी यथा क्रय भुगतान आदि आधार लिंक मोबाइल नम्बर पर ही प्राप्त होगी। किसान अपना बैंक खाता सी०बी०एस० युक्त बैंक शाखा में खाता खुलवायें तथा बैंक खाते को आधार से लिंक करवायें। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में ही किया जायेगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने कहा है कि किसान बन्धु अपना खाता जांच कर यह सुनिश्चित कर लें कि जितनी मात्रा का धान विक्रय किया जाना है उसके सापेक्ष धनराशि किसानों के खाते में ऑनलाइन व्यवस्था द्वारा अंतरित की जा सकती हो। इस स्थिति में सम्बन्धित बैंक खाते की लिमिट चढ़वा लें। उन्होंने बताया कि कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात् बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एन०पी०सी०आई० पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना आवश्यक है। धान के मूल्य का भुगतान पी०एफ० एम०एस० के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में करने की व्यवस्था है। धान विक्रय के समय पंजीयन प्रपत्र के साथ कंप्यूटराइज्ड खतौनी, आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लायें। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने समस्त कृषकों से कहा है कि धान विक्रय हेतु अपना पंजीकरण कराते हुए उपरोक्तानुसार भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मूल्य का अधिक से अधिक लाभ उठायें।


# कार्यालय : ग्राम पंचायत ऐलहाबढ़ैया, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांकः मेमो/निविदा/2023-24    दिनांकः 16-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस०एल०डब्लू०एम० के अन्तर्गत एस०बी०एम० से ग्राम पंचायत ऐलहाबढ़ैया, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 20.10.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21.10.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 17.10.2023 से दिनांक 20.10.2023 को अपराहन 2.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत ऐलहाबढ़ैया से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते है।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऐलहाबढ़ैया | SBM | ग्राम पंचायत ऐलहाबढ़ैया में आर०आर०सी० सेण्टर का निर्माण कार्य। | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |

निविदा शर्तें :- 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0वि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- शर्तयुक्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्ता की दरें एक होती है तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोतरी/घटोतरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रु0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र त्याग्रज भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

ग्राम प्रधानः नत्थू
ग्राम पंचायतः ऐलहाबढ़ैया
वि.ख.: मानिकपुर, जनपदः चित्रकूट

ग्राम विकास अधिकारीः बालगोविन्द
ग्राम पंचायतः ऐलहाबढ़ैया
वि.ख.: मानिकपुर, जनपदः चित्रकूट


# डॉ. अब्दुल हमीद का बढ़ा कद, यूपी टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व



जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

शहर के सिविल लाइंस निवासी और राजकीय इंटर कॉलेज टीकरमाफी अमेठी में कार्यरत डॉ. अब्दुल हमीद खेल निदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारियों की 14 सदस्यीय कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता आज से 20 अक्टूबर तक त्यागराज स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी प्रान्तों की टीमें प्रतिभाग कर रही है। डॉ. अब्दुल हमीद तर्कशास्त्र विषय के कर्मठ शिक्षक होने के साथ-साथ कबड्डी और, वालीबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं। राष्ट्रीय उद्घोषक के रूप में सुल्तानपुर/अमेठी और उत्तर प्रदेश में आयोजित खेल तथा शासकीय एवं सामाजिक कार्यक्रमों का मंच संचालन भी करते हैं। साथ ही साथ जिला नागरिक सुरक्षा संगठन सुल्तानपुर और उत्तरप्रदेश गोमती मित्र मंडल के सदस्य के रूप में लगातार विविध प्रकार के समाजसेवा के कार्यक्रमों में भी योगदान देते हैं। डॉ. अब्दुल हमीद सुल्तानपुर और अमेठी की गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक भी माने जाते हैं। डॉ. अब्दुल हमीद को तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी राजेश कुमार अग्रहरी और जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी जेके वर्मा द्वारा वर्ष 2021 में अमेठी रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके पूर्व डॉ. अब्दुल हमीद 2013 में सेन्ट्रल स्टेडियम त्रिवेन्द्रम केरल में आयोजित अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम से प्रतिभाग कर चुके है। वर्ष 2014- में अन्तर्राष्ट्रीय सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर राजस्थान में आयोजित अखिल भारतीय सर्विसेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम से प्रतिभाग कर चुके हैं। 2007 में तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल मप्र में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम से प्रतिभाग कर चुके हैं। डॉ० अब्दुल हमीद अखिल भारतीय इन्दिरा मैराथन प्रतियोगिता प्रयागराज में 19 नवम्बर 2019 एवं 19 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय, उद्घोषक के रूप में कार्यक्रम /प्रतियोगिता के सफल संचालन का गौरव भी प्राप्त है। डॉ. अब्दुल हमीद के उप्र टीम में चयनित होने पर प्रधानाचार्य राहुल सिंह पीईएस ओलंपिक संघ, सचिव वेद प्रकाश उपाध्याय, डॉ0 दिनकर प्रताप सिंह, पंकज दुबे, महेन्द्र पाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# प्रदेश में सड़कछाप मनचलों पर लगी लगाम, बीते 6 माह में एंटी रोमियो स्कायड ने दबोचे नौ हजार शोहदे



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में शोहदों और मनचलों पर नकेल कसने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। 6 माह के अभियान में 1678 एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा एक्शन लिया गया, इसमें 3324 पुरुष और 4090 महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 30,76,246 स्थानों की चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 1,34,33,261 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7563 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 9512 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 48,92,991 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने पूरे प्रदेश में जोन और कमिश्नरेट स्तर पर कार्रवाई की।

### सबसे ज्यादा आगरा जोन के मनचलों पर चला स्क्वायड का चाबुक

डीजीपी विजय कुमार ने बताया कि प्रदेश में बेटियों और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा शोहदों-मनचलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। इस क्रम में प्रदेश भर में स्क्वायड की ओर से 6 माह में विशेष अभियान चलाया गया। ऐसे में जोन स्तर पर कार्रवाई के लिए 8 जोन में 1413 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 2977 पुरुष पुलिसकर्मी और 3499 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 25,40,012 स्थानों पर चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 97,75,616 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7097 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 8951 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 44,31,216 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा जोन में की, जहां 474493 स्थानों की चेकिंग करते हुए 12,73,120 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 637 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 1114 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर बरेली जोन, तीसरे नंबर पर लखनऊ जोन, चौथे नंबर पर वाराणसी और पांचवे नंबर पर गोरखपुर जोन है।

### प्रदेश के सात कमिश्नरेट में भी शोहदों पर हुई कार्रवाई

प्रदेश के सात कमिश्नरेट में 265 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 347 पुरुष पुलिसकर्मी और 591 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 5,36,234 स्थानों पर चेकिंग की। इन स्थानों पर कुल 36,57,645 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 466 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 561 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 4,61,775 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में की, जहां 1,35,752 स्थानों की चेकिंग करते हुए 5,01,165 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 60 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 92 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर लखनऊ, तीसरे नंबर पर कानपुर, चौथे नंबर पर गौतमबुद्धनगर और पांचवें नंबर पर गाजियाबाद कमिश्नरेट है।

# फोन कॉल पर आपराधिक धमकी देने के मामले में ऑडियो आया सामने

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय



पीजीआई थाने के वर्दी-वर्दी के खेल में तबाह हो सकती है मासूम बच्चों की जिंदगियां



विभाग को शर्मसार करने वाला कथित तौर पर गृह मंत्रालय में तैनात कर्मचारी का बर्ताव

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

क्या है पूरा मामला!

सवालों के घेरे में साउथ सिटी चौकी प्रभारी व पीजीआई थाना प्रभारी की भूमिका

बच्चे के पिता द्वारा एकेडमी संचालक, प्रशिक्षुओं व अभिभावकों को दी गई मारने व जलील करने की धमकी

लखनऊ कथित रूप से गृह मंत्रालय में तैनात अधिकारी द्वारा एकेडमी संचालक को फोन कॉल पर आपराधिक धमकी देने के मामले में फिलहाल पीजीआई थाने में आईपीसी की धारा 504, 506 के तहत दुर्गेश मिश्रा निवासी 101 सेक्टर 5ष्ट वृंदावन योजना, लखनऊ, दुर्गेश मिश्रा का भाई व अन्य साथी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जन एक्सप्रेस के पास एकेडमी संचालक धीरज मिश्र निवासी वॉरियर्स एकेडमी सेक्टर एफ साउथ सिटी लखनऊ व चोटिल बच्चे के पिता व गृह मंत्रालय में तैनात अधिकारी दुर्गेश मिश्रा के बीच फोन पर हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग मौजूद है।

दोनों पक्षों के बीच फोन पर हुई बातचीत में दुर्गेश मिश्रा द्वारा एकेडमी संचालक को लगातार गंदी गालियां देते हुए आपराधिक धमकी दी जाती रही, जबकि धीरज मिश्र द्वारा दुर्गेश मिश्रा को लगातार शांत करने व समझाने का प्रयास किया गया।

एक कॉल रिकॉर्डिंग 15 मिनट 59 सेकंड जबकि दूसरी 5 मिनट 14 सेकंड सेकंड की है। फिलहाल मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह द्वारा मामले की गहनता से जांच की जा रही है। वहीं दुर्गेश मिश्रा ने फोन पर हुई बातचीत के मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इस कॉल रिकॉर्डिंग में मेरी आवाज नहीं है। यदि मुझे ऐसा करना होता तो मैं उसी दिन करता जिस दिन उनसे मिलने गया था। दुर्गेश मिश्रा ने आगे कहा कि मेरी धीरज मिश्र से सामान्य बातचीत हुई थी, हो सकता है बच्चे को देखने आए किसी दोस्त अथवा रिश्तेदार द्वारा आवेश में आकर कॉल कर दिया गया होगा। चूंकि बच्चे के सिर में लगी चोट देखकर कुछ दोस्त काफी नाराज भी हुए थे उन्हीं में से किसी ने मेरा फोन उठाकर कॉल कर दिया होगा। मुझे इस बात की जानकारी भी नहीं है कि किसने किया। दूसरी तरफ एकेडमी संचालक धीरज मिश्र द्वारा पुलिस के उच्च अधिकारियों से एकेडमी में शिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों की सुरक्षा हेतु सहयोग मांगा गया है, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। फिलहाल दुर्गेश मिश्रा द्वारा 12 अक्टूबर को फोन पर दी गई धमकी के बाद से ही बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एकेडमी संचालक द्वारा कक्षाएं अस्थाई रूप से बंद कर दी गई हैं।



# बाजार में ठेकेदार द्वारा पीला ईटा व घटिया सामग्री से हों रहा निर्माण

**बाजार निर्माण में मानकों को दरकिनार कर लगाई जा रही घटिया सामग्री**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बीकेटी विधानसभा के अन्तर्गत अकड़रिया कलां ग्राम पंचायत के निकट विधायक निधि से एक बाजार का निर्माण किया जा रहा हैं। आपको बता दें कि इस बाजार में ठेकेदार द्वारा पीले ईंटो व घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा हैं जिससे नागरिकों ने इसका कड़ा विरोध जताया है। वहीं इस गांव के ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय विधायक की निधि से लगभग 65 लाख रुपए की लागत से एक बाजार का निर्माण किया जा रहा है। इस बाजार का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। ठेकेदार बेखौफ पीली ईंटो व घटिया सामग्री का प्रयोग कर रहा है जिससे कुछ अरसे बाद बाजार की दीवारें ध्वस्त हो जाएगी और बाजार मैदान का आकार ले लेगा। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि ऐसे बाजार के निर्माण से क्या फायदा है जहां सब्जी विक्रेता तथा अन्य नागरिकों को बाजार की सुविधा न हो सके। वहीं जब इस संबंध में स्थानीय विधायक योगेश शुक्ला से संपर्क किया गया तो संपर्क नहीं हो सका। इसके अलावा मंडी परिषद के जेई से जानकारी की गई तो उन्होंने इस संबंध में जानकारी देने में आनाकानी की। वहीं सरकार के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है।

# अम्बेडकरनगर की डरबन झील का 04 करोड़ 75 लाख रूपये से होगा सौन्दर्यीकरण: जयवीर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अम्बेडकरनगर जिले में 124 हेक्टेयर में फैली हुई डरबन झील का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। डीपीआर तैयार कराया गया है।परियोजना पर 04 करोड़ 75 लाख धनराशि व्यय होगी। इसके विकसित हो जाने सेआसपास जनपदों के लोगों को सैर सपाटा के लिए एक उपयुक्त स्थान प्राप्त होगा। पक्षी प्रेमियों को विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखने का अवसर प्राप्त होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के हर जनपद में स्थित अल्पज्ञात एवंचर्चित स्थलों के आसपास बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराकर सैर करने वालों को आकर्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार का विशेष फोकस ईको टूरिज्म पर है। इसके लिए कई पर्यटन स्थल चिन्हित किये गये हैं। इनके विकास के लिए परियोजना तैयार की जा रही है। जयवीर सिंह ने बताया कि डरबन झील में देशी-विदेशी पक्षियों के लिए एक टीला बनाया जायेगा। यहां बच्चों के लिए झूले, चार काटेजेज, पार्किंग, सीढ़ियां समेत अन्य कार्य कराये जायेंगे। जाड़े के दिनों में यहां भारी संख्या में विदेशी पक्षी आते हैं। इन पक्षियों के लिए झील के बीच में एक स्थल निर्मित किया जायेगा। यह प्राचीन झील है जिसको देखने सालभर पर्यटक आते हैं। विकास न होने से घेरलू पर्यटकों की संख्या अभी कम है। झील केसौन्दर्यीकरण के बाद पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।

# शिक्षकों के लिए खुशखबरी: यूपी के परिषदीय स्कूल के अध्यापकों का होगा ग्रुप इंश्योरेंस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) से ग्रुप इंश्योरेंस कराने के लिए नया प्रस्ताव भेजा है। क्योंकि एक अप्रैल 2014 के बाद तैनात शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सामूहिक बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल की ओर से शासन को भेजे प्रस्ताव में गया है कि पहले के ग्रुप इंश्योरेंस के तहत सिर्फ मृत्यु जोखिम का प्रावधान है, बचत का नहीं। शिक्षकों के वेतन से हर माह या सालाना प्रीमियम की कटौती की जाएगी। यदि सेवानिवृत्त तक शिक्षक जीवित रहता है तो कुल कटौती की गई प्रीमियम की राशि वापस नहीं होगी और यदि उसकी असमायिक मृत्यु होती है तो उसे मृत्यु दावा का भुगतान होगा। उन्होंने बताया है कि नए नियमों के अनुसार केवल ग्रुप टर्म इंश्योरेंस की सुविधा है। इसमें केवल असामयिक मृत्यु पर ही दावा मिलेगा और मेच्योर हुई राशि या ब्याज का प्रावधान नहीं है। सचिव ने इस पर शासन से अनुमति मांगी है। वहीं शिक्षक नेताओं ने इस पर असंतोष जताया है। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षकों को ज्यादा लाभ नहीं होगा। वहीं 2014 के बाद से काटी गई बीमा की राशि भी अभी तक विभाग ने नहीं वापस की है। सामूहिक बीमा की मांग लंबे समय से बेसिक शिक्षकों के द्वारा की जा रही है। संगठन समय-समय यह मुद्दा उठाते रहे हैं।

# बीकेटी में धूल भरी आंधी, बारिश व ओलावृष्टि होने से किसानों की फसलें बर्बाद

**कठवारा, इंदौरबाग, देवरी दुखरा सहित कई गांव में हुई ओलावृष्टि, धान की फसल में भारी नुकसान**

जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी







**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र में धूल भरी आंधी के साथ जोरदार बारिश एवं ओलावृष्टि होने से किसानों की बर्बाद हो गई। बता दें कि बीकेटी से लेकर इटौंजा क्षेत्र तक किसानों की धान,मक्का, लौकी, तोराई,भिंडी अन्य फैसले बर्बाद हो गई। बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई नजर आई। वहीं ऑफिस व नौकरी से घर लौटने वालों को भी बारिश ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा। वहीं बीकेटी के कठवारा, रैथा, देवरी दुखरा, इंदोराबाग,अन्य गांवों में करीबन 5 बजें शाम से बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से किसानों की धान की काटी हुई फसल बर्बाद हो गईं, बिजली की कड़कड़ाहट के साथ जोरदार बारिश व ओलावृष्टि होने से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बन गया, वहीं किसान परेशान है राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



# देवी का तृतीय स्वरूप चन्द्रघण्टा

नवरात्रि का आज तृतीय दिवस है। यह दिवस देवी चन्द्रघण्टा को समर्पित है। माँ का पूजन-अर्चन घर-घर श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। देश भर में पूजा पंडालों में दिन-रात एक कर माँ के भक्त पंडाल सजाने में व्यस्त है। कही मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है तो कही पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सभी भक्तों के मन में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। हर्ष व उल्लास के महानतम उत्सव नवरात्रि के अलग-अलग दिवस जन एक्सप्रेस क्रमश: देवी के अलग स्वरूप आदि के बारे प्रकाशित कर रहा है। इसी कड़ी में आज पढिये देवी चन्द्रघन्टा के बारे में।

*घर पधारती तृतीय दिवस चन्द्रघण्टा*
*होकर सिंह सवार।*
*कृपा से साधक बने निर्भय-पराक्रमी*
*कभी न हो लाचार।।*

### ध्यान मन्त्र

*पिण्डजप्रवरारुढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।*
*प्रसादं तनुते मह्रं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।*

### मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र शोभायमान है

नवरात्रि के तृतीय दिवस देवी चन्द्रघण्टा का पूजन एवं अराधना किया जाता है। इनके मस्तक पर घंटे का आकार का अर्धचंद्र शोभायमान है इसी कारण से इन्हें चन्द्रघण्टा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान अत्यन्त चमकीला है। माँ के दस हाथ है। दसों हाथ अस्त्र, कमल पुष्प, कमण्डल खड्गादि से सुशोभित हो रहे है। सिंह पर सवार देवी चन्द्रघण्टा असुरों के संहार हेतु युद्ध के लिए सदैव तत्पर रहती है। देवी श्रद्धालु भक्तों की भय पीड़ा व दु:खों को मिटाने वाली है। भक्त जनों के मनोरथ को पूर्ण करने वाली है। माँ भयंकर दैत्य सेनाओं का संहार करके देवताओं को उनका भाग दिलाने वाली है। भक्तों को वांछित फल दिलाने वाली हैं। देवी सम्पूर्ण जगत की पीड़ा का नाश करने वाली है। जिससे समस्त शास्त्रों का ज्ञान होता है, वह मेधा शक्ति हैं। भव सागर से उतारने वाली है। इनका मुख मंद मुस्कान से सुशोभित, निर्मल, पूर्ण चन्द्रमा के बिम्ब का अनुकरण करने वाला और उत्तम सुवर्ण की मनोहर कान्ति से कमनीय है। असुर शक्ति इन्हें देख ही कांप उठती है।

**कथा:** पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार महिषासुर असुरों का स्वामी था। अधर्म, अत्याचार ही उसका मुख्य उद्देश्य था। वह देवराज इन्द्र का सिंहासन पाना चाहता था। देवराज इन्द्र आदि देव अपने सिंहासन की रक्षा हेतु महिषासुर से युद्ध करने लगे। परन्तु महिषासुर उन पर भारी पड़ रहा था। देवगण अपने पर हो रहे इस प्रकार का अत्याचार देख परेशान हो गए और इस समस्या से निकलने का उपाय जानने के लिए त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश के पास पहुंचे। देवताओं के मुख से महिषासुर के अत्याचार को जानकर तीनों देव अत्यंत क्रोधित हुए। उस क्रोध के कारण उनके मुख से ऊर्जा उतपन्न हुई। इसी ऊर्जा से देवी का अवतरण हुआ। देवी को शिवजी ने अपना त्रिशूल, भगवान विष्णुजी ने अपना चक्र प्रदान किया। वहीं ब्रह्माजी ने अपना कमंडल दिया। इस प्रकार सभी देवताओं ने देवी को कुछ-न-कुछ भेंट किया। जैसे इंद्रदेव से माँ भगवती को वज्र एवं ऐरावत हाथी मिला तो भगवान सूर्यदेव ने उन्हें अपना तेज भेंट किया। सबसे आज्ञा पाकर देवी चन्द्रघण्टा ने महिषासुर से युद्ध की और अनन्त: घण्टे की टंकार से उसका सर्वनाश कर सभी देवताओं एवं धर्म की रक्षा की।

### माँ की शक्ति

इस दिन साधक का मन 'मणिपुर चक्र' में प्रविष्ट होता है। चन्द्रघण्टा के स्पंदन से मनुष्य में स्पष्ट और उचित निर्णय की क्षमता पूर्ण चमक व धमक के साथ प्रकट होती है। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है। व्यक्ति में बौद्धिक क्षमता का विकास, स्वयं पर विश्वास व ज्ञान के प्रकाश का संचार होता है। देवी के कृपा से समस्त पाप और बाधाएँ शीघ्र दूर हो जाते हैं। देवी का ध्यान इहलोक एवं परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी एवं सद्गति देने वाला है। इनके कृपा से साधक के जीवन में किसी चीज की कमी नहीं रह जाती है। इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और सभी भय से दूर हो जाता है।

### देवी को प्रिय

देवी को लाल वर्ण पसन्द है। इसलिए माँ को लाल पुष्प चढ़ाना चाहिए। गुड़हल का पुष्प देवी को अर्पित करना चाहिए। रक्त चन्दन और लाल चुनरी समर्पित करना भी उत्तम है। पूजा में दूध या दूध से बनी चीजों का भोग लगाना चाहिए। लाल सेव तथा शहद का भी भोग लगाया जा सकता है।

### स्तोत्र

आपद्धद्धयी त्वंहि आधा शक्ति
शुभा पराम्।
अणिमादि सिद्धिदात्री चन्द्रघण्टे
प्रणमाम्यीहम्॥
चन्द्रमुखी इष्ट दात्री इष्ट मंत्र
स्वरूपणीम्।
धनदात्री आनंददात्री चन्द्रघण्टे
प्रणमाम्यहम्॥
नानारूपधारिणी इच्छामयी
ऐश्वर्यदायनीम्।
सौभाग्यारोग्य दायिनी चन्द्रघण्टे
प्रणमाम्यहम्॥

### देवी ब्रह्मचारिणी का कवच

रहस्यम् श्रुणु वक्ष्यामि शैवेशी
कमलानने।
श्री चन्द्रघण्टास्य कवचम्
सर्वसिद्धिदायकम्॥
बिना न्यासम् बिना विनियोगम् बिना
शापोध्दा बिना होमम्।
स्नानम् शौचादि नास्ति श्रद्धामात्रेण
सिद्धिदाम॥
कुशिष्याम् कुटिलाय वञ्चकाय
निन्दकाय च।
न दातव्यम् न दातव्यम् न दातव्यम्
कदाचितम्॥



राजीव नन्दन मिश्र
सरना, भोजपुर (बिहार)

**चन्द्रघण्टा स्तोत्र-!! ध्यान !!**

वन्दे वाच्छित लाभाय चन्द्रर्घकृत शेखराम्।
सिंहारूढा दशभुजां चन्द्रघण्टा यशंस्वनीम्॥
कंचनाभां मणिपुर स्थितां तृतीयं दुर्गा त्रिनेत्राम्।
खड्ग, गदा, त्रिशूल, चापशंर पद्म कमण्डलु माला
वराभीतकराम्॥
पटाम्बर परिधानां मृदुहास्यां नानालंकार भूषिताम्।
मंजीर हार, केयूर, किंकिणि, रत्नकुण्डल मण्डिताम॥
प्रफुल्ल वंदना बिबाधारा कांत कपोलां तुग कुचाम्।
कमनीयां लावाण्यां क्षीणकटिं नितम्बनीम्॥

# युवाओं को किसी न किसी खेल से जुड़े रहना चाहिए: कौशल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आगामी 19 अक्टूबर को नशामुक्त हॉफ मैराथन में दौड़ेंगे 6978 युवा,नशामुक्त भारत अभियान के तहत 22 किलोमीटर की नशामुक्त हॉफ मैराथन पुरुष का आयोजन किया जायेगा। नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्वर्गीय आकाश किशोर उर्फ जैबी की पुण्यतिथि पर19 अक्टूबर को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य से नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के द्वारा नशामुक्त हॉफ मैराथन पुरुष का आयोजन होगा। इस नशामुक्त हाफ मैराथन का आयोजन %नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का% के तहत केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर द्वारा किया जा रहा है। इस नशामुक्त हाफ मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 3 लाख, 2 लाख और 1 लाख की सम्मानित राशि, ट्रॉफी, मेडल, टी-शर्ट और सम्मान पत्र दिया जाएगा। साथ ही इसके बाद क्रमशः अन्य दौड़ पूरी करने वाले 10 प्रतिभागियों को 21 हजार रू, मेडल, टी-शर्ट और सम्मान पत्र, उसके बाद क्रमशः अन्य 10 प्रतिभागियों को 11 हजार रू, मेडल, टी-शर्ट और सम्मान पत्र और इसके बाद भी अन्य 10 प्रतिभागियों को 5100 रू, मेडल, टी-शर्ट और सम्मान पत्र दिया जाएगा। नशामुक्त हॉफ मैराथन में 6978 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन किया है जो इसमें प्रतिभाग करेंगे।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# सांस्कृतिक दिग्विजय की ओर भारत

**पश्चिम के कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा रही है वहीं भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार भारत 2025 में विश्व में चौथे स्थान पर 2027 में तीसरे स्थान पर आ जायेगा। मोदी के नेतृत्व में भारत रूस,ब्राजील,इटली,फ्रांस व इंग्लैंड को पीछे कर पांचवे स्थान पर पहुंच चुका है। वहीं वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद भी भारत बनता जा रहा है। रक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। चन्द्रयान 3 की सफल लैंडिंग राष्ट्रीय गौरव को जागृत करने का एक प्रशंसनीय प्रयास है।**

*आज भारत के यश-वैभव की विजय पताका दुनिया में फहरा रही है। योग व आयुर्वेद के क्षेत्र में पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। अमृतकाल में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा के साथ विश्वसनीयता भी बढ़ी है। वहीं गौरवशाली विरासत और राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुनः प्रतिष्ठा हो रही है। गुलामी के प्रतीक चिन्हों को मिटाकर आत्म सम्मान के साथ भारत खड़ा हो रहा है। राम-जन्मभूमि स्थल पर मन्दिर निर्माण की शताब्दियों पुरानी हिन्दुओं की अभिलाषा पूर्ण हो रही है। अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य दिव्य राम मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। मकर संक्रान्ति के बाद रामलला गर्भगृह में विराजमान होंगे। लक्ष्य की ओर हम अविराम बढ़ रहे हैं। वर्षों बाद हमें हिन्दू होने का आत्मबोध हो रहा है। इस्लामी आक्रान्ताओं ने हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए ही अयोध्या मथुरा और काशी के मंदिरों का विध्वंस किया था। इसके बाद निरन्तर राम जन्मभूमि के लिए संघर्ष चला। राम मंदिर के आन्दोलन में लाखों भक्त जेल गये, सहस्त्रों घायल हुए एवं बहुत बड़ी संख्या में रामभक्त बलिदान भी हुए। फिर भी मंदिर को प्राप्त करने की जिद हिन्दुओं ने नहीं छोड़ी। राम मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर का निर्माण द्रुत गति से चल रहा है। जो सपना हमारे देश के महापुरुषों ने देखा था वह सपना मोदी के कार्यकाल में पूर्ण हो रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल में देशभर के धार्मिक व तीर्थस्थलों का कायाकल्प हुआ है। मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में भव्य अद्यैत लोक विकसित हो रहा है। दुनिया में सनातन की ध्वजा पताका फहरा रही है। हिन्दू चेतना ही भारत की आत्मा है। अब वह पुनःजाग्रत हो रही है। मोदी के प्रयासों से पूरे विश्व में हिन्दू उत्थान की लहर दिखाई पड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रत्येक भाग और हर वर्ग को स्पृश किया है। यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण नहीं होगा कि ऐसा हिन्दू उत्थान भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। हिन्दू जागरण की यह प्रबल लहर सम्पूर्ण भारत को आप्लावित कर रही है। ऐसा लग रहा है कि भारत के उत्थान और हिन्दुओं के पुनर्जागरण के लिए ही मोदी का आगमन हुआ है। जब-जब भारत सांस्कृतिक उत्थान के शिखर पर रहा है तब-तब उसकी गूंज विदेशों की धरती तक पहुंची है। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी हिन्दुत्व की पताका को दुनिया में लहरा रहे हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि नेता ऐसा हो जो पूरी तरह से समर्पित, स्वार्थ रहित और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसके उदाहरण हैं। मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, वैभवशाली और समर्थ भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी सरकार ने प्रगति का नया इतिहास रचा है। जन कल्याण व गरीब कल्याण का नया अध्याय लिखा है। आज पूरा विश्व भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। जी- 20 सम्मेलन के बाद भारत विश्व की प्रमुख शक्ति बन कर उभरा है। नई दिल्ली स्थित भारत मण्डपम में संपन्न जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पृथ्वी,एक परिवार,एक भविष्य के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने इतिहास रचने का काम किया है। वसुधैव कुटुम्बकम को जी-20 के नारे के रूप में अपनाया गया। इससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता पैदा हुई है। अफ्रीकी संघ का जी-20 में शामिल होना भारत की ग्लोबल साउथ के प्रति प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अफ्रीकी संघ एक महत्वपूर्ण भागीदार है। आप हमें एक साथ ला रहे हैं, हमें एक साथ रख रहे हैं, हमें याद दिला रहे हैं कि हमारे पास चुनौतियों से मिलकर निपटने की क्षमता है। मोदी का सबका साथ सबका विकास नारा वैश्विक नारा सिद्ध हुआ है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। इस त्योहार को पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती है। यह हमें बताती है कि इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्त और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जनजीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं।**

# अंतः शुद्धि का महापर्व है नवरात्रि



रमेश सर्राफ धमोरा

**नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतः नवरात्र अंतः शुद्धि का महापर्व है।**

नवरात्रि हिन्दू धर्म के लोगो द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनों के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी मां के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीकों और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती हैं। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। इस त्योहार को पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती है। यह हमें बताती है कि इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्त और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जनजीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोत्तम मानी गई है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्हीं में से एक है नवरात्रि। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं



**माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं –शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री।**

दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते हैं। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी-समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवें दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवां दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ बच्चियों की पूजा होती है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं। शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाई जा रही है। आदिशक्ति के हर रूप की नौ दिनों में क्रमशः अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गई थीं। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततः महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 25:24 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 20:21 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | प्रीति, 09:19 |
| सूर्योदयः | 06:26 |
| सूर्यास्तः | 17:45 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 14:55-16:20 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### नाम का ऐलान !

*हो रहा है रोज रोज ।*
*नाम का ऐलान ।।*
*अपने अपने क्षेत्र के ।*
*हैं सब ही महान ।।*
*कोई ग़म में डूब रहा ।*
*रहा है कोई झूम ।।*
*हक़ किसी का छिन लिए ।*
*रहे किसी को चूम ।।*
*लगा रहता तांता ।*
*आता जब चुनाव ।।*
*मिल जाता है उसको भी ।*
*मिला जिसे न भाव ।।*
*होता है फिर आगे ।*
*धीरे से प्रहार ।।*
*बोलने सब लगते ।*
*हम ही असरदार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*जिंदगी के हर पल चमकदार नहीं होते,*
*जिंदगी में हर पल चमत्कार नहीं होते।*
*ईमान और पसीने से बनती है जिंदगी,*
*बेईमान कभी भी इज्जतदार नहीं होते।*
*अच्छी नियत साफ इरादे रखिए जनाब,*
*आस्तीन के सांप कभी वफादार नहीं होते ।*

*गर नमक खाया वतन का तो अदा कर पूरा*
*नमक हराम कभी अच्छे पहरेदार नहीं होते*
*जख्म पर अपने मरहम की उम्मीद मत कर हर*
*किसी से से उठे हुए हर हाथ मददगार नहीं होते द्य*
*जमाने की चकाचौंध से फिसल मत जाना संजीव,*
*सफेद लिबास में हर कोई ईमानदार नहीं होतेद्य*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अपने लक्ष्य को पाने के लिए हर रोज कुछ न कुछ प्रयास जरूर करो, एक दिन आप उस लक्ष्य को जरूर पाओगे।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शिशु के लिए घर पर तैयार करें रागी से बेबी फूड पाउडर






**शिशु** के 6 महीने पूरे होने के बाद उनकी डाइट में मां के दूध के अलावा अन्य खाद्य पदार्थ भी शामिल कर दिए जाते हैं। पेरेंट्स अपने बच्चे को हेल्दी बनाने के लिए कई तरह के हेल्दी फूड्स खिलाने लगते हैं। मार्केट में मिलने वाले ऐसे कई प्रोडक्ट्स हैं जो पेरेंट्स अपने बच्चों को खिलाना पसंद करते हैं ताकि वो फिट रहे और उनका विकास अच्छा हो। कई माताएं अपने बच्चों के लिए घर की बनी हेल्दी रेसिपी भी उन्हें खिलाती हैं। रागी बच्चों के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। बच्चों के डॉक्टर पवन मंडाविया ने घर पर रागी पाउडर बनाने की आसान रेसिपी सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। जिसमें उन्होने इसे खाने के हेल्थ बेनिफिट्स भी बताए हैं।

**रागी पाउडर बनाने की विधिः** रागी पाउडर बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े बाउल में सभी सामग्री डाल लें। अब साफ पानी से 3-4 बार अच्छी तरह रगड़कर इसे धो लें। इसके बाद पानी से इसे निकालकर किसी साफ कपड़े पर फैला दें। अब इस मिश्रण को धूप में अच्छी तरह सुखा लें। जब आपका ये मिश्रण पूरी तरह सुख जाए, तो इसे धीमी आंच पर हल्की खुशबू आने तक भून लें। इस मिश्रण को ठंडाकर मिक्सर जार में पीसकर बारीक पाउडर बना लें और उसे छलनी की मदद से छान लें। बस आपके बेबी के लिए रागी सेरेलक पाउडर तैयार है, आप इसे एयरटाइट कन्टेनर में रख कर 2 से 3 महीने तक इस्तेमाल कर सकते हैं

**रागी दलिया तैयार करने का तरीकाः** रागी पाउडर बनाने के लिए किसी बर्तन में एक कप पानी लें और उसमें 1 बड़ा चम्मच रागी सेरेलक डाल दें। पानी में पाउडर तब तक मिलाएं, जब तक उसमें मौडूज गुठलियां खत्म न हो जाएं। अब गैस की फ्लेम धीमी करके मिश्रण को गाढ़ा होने तक हिलाते रहें। बस आपका रादी पाउडर तैयार है, इसे 8 महीने से बड़े बच्चे को आप खिला सकते हैं।

**शिशुओं के लिए रागी दलिया खाने के फायदेः** रागी में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है, जो बच्चों में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करता है और इसके सेवन से बच्चों में कुपोषण की समस्या नहीं आती। चावल में मौजूद विटामिन्स शिशु की आंखों, पाचन तंत्र के विकास और स्किन के लिए अच्छा माना जाता है। मूंग की दाल प्रोटीन से भरपूर होती है, इसलिए बच्चों के लिए इसे सुपरफूड के रूप में भी माना जाता है। यह बच्चों के सेहत के लिए काफी हेल्दी होती है। बादाम बच्चों के मानसिक विकास, हड्डियों को मजबूत करने और शरीर में ऊर्जा बनाए रखने में मदद करता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# निठारी हत्याओं का विचार : प्रमुख आरोपियों के बरी होने पर चिंता



ज्ञानेश्वर दयाल

**निठारी हत्याएं के पीछे छिपे कारणों के बारे में कई कथाएँ सुनाई गईं, लेकिन पुलिस के प्रमुख आरोपी सुरिंदर कोहली और मोहिंदर सिंह पांडर को 2009 में दोषी पाया गया था। इसके हाल ही में हाईकोर्ट द्वारा उन्हें दोषी ठहराने वाले फैसले को पलट दिया गया है, जिससे समाज में एक बड़ी उलझन उत्पन्न हुई है।**

**निठारी हत्याओं का मामूली नाम भूलकर यह समझें कि हमारे समाज में न्याय की प्राधिकृत और व्यापक रूप से व्यवस्था की आवश्यकता है, ताकि हम अपने बच्चों को एक सुरक्षित और न्यायिक समाज में बड़ा कर सकें। यह फैसला हमें यह भी याद दिलाता है कि न्याय के प्रति हमारी आँखों में आंसू बह सकते हैं, लेकिन हमें अपनी निरंतर प्रयासशीलता से लड़ना होगा, ताकि हमारे समाज में सच्चे और दुरुस्त न्याय की ओर एक कदम और बढ़ा सकें।**

निठारी हत्याओं का मामूली नाम सुनने पर हर किसी की आँखें नम हो जाती हैं। यह घटना भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के नोएडा जिले में 2005 और 2006 में घटित हुई थी, और इसके पीछे छिपे डरावने सच्चाईयों को सबके सामने आने में कई साल लग गए। निठारी हत्याएं विशेष रूप से उन बच्चों के लिए अत्यंत दुखद हैं, जिन्होंने अपनी माताओं के साथ खेलने और स्कूल जाने का सपना देखा था, लेकिन उनके लिए जीवन की सबसे बड़ी कड़वाई की जान पड़ी। ये घटनाएं उनके परिवारों के लिए भी एक अवसर हैं जब उन्हें अपने सबसे प्रिय और असली सदस्यों को खोना पड़ा। निठारी हत्याएं के पीछे छिपे कारणों के बारे में कई कथाएँ सुनाई गईं, लेकिन पुलिस के प्रमुख आरोपी सुरिंदर कोहली और मोहिंदर सिंह पांडर को 2009 में दोषी पाया गया था। इसके परंतु, हाल ही में हाईकोर्ट द्वारा उन्हें दोषी ठहराने वाले फैसले को पलट दिया गया है, जिससे समाज में एक बड़ी उलझन उत्पन्न हुई है। कथित गवाहों की साक्षात्कार के बाद हुए फैसले में उन्हें बरी कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप वे अब फुस्तक हैं। इस फैसले ने समाज में चिंता और आशंका का सिलसिला चालू किया है। इस घटना के पीछे छिपे कई पहेलियों के समाधान के बावजूद, यह फैसला कुछ मामूली सफाई प्रदान नहीं करता है। यह बात सबको यह सोचने पर मजबूर कर देती है कि अखिलेश यादव सरकार ने जो निठारीमामले का निरीक्षण किया, वह सही था या नहीं? निठारीहत्याओं के साथी घातक अपराधी को छुड़ाने के इस फैसले के बाद, सुरिंदर कोहली और मोहिंदर सिंह पांडर के द्वारा किए गए अपने क्रिमिनल क्रियाओं के लिए सजा पाने में लगे हजारों कुर्बानियाँ व्यर्थ नहीं जा रही हैं। निठारीमामले के इस नए फैसले से हमें यह सिखने को मिलता है कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया कितनी मामूली है और कितनी विवेकानुसारी है। अपने कार्यविधि में अपनी भूमिका को समय-समय पर बदलने की आवश्यकता है, ताकि मामलों के आधार पर सजा देने के बजाय निर्धारित न्याय की ओर बढ़ा जा सके। निठारी हत्याएं के मामले में फैसला बदलने के बाद, हमें सोचने का समय आ गया है कि क्या हम न्यायिक प्रक्रिया के सुधार की आवश्यकता है। इसके साथ ही, हमें समाज के हर व्यक्ति को भी सजा की ओर अधिक जिम्मेदारी बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि हमारे बच्चे और युवा सुरक्षित रह सकें और इस तरह की घटनाएं फिर से न हों। निठारी हत्याएं का यह नया फैसला हमें यह याद दिलाता है कि न्यायिक प्रक्रिया का भरपूर और सटीक अनुसरण केवल हमारे कानूनी प्रणाली की सफलता का निर्माण नहीं करता है, बल्कि हमारे समाज के मूल्यों, नैतिकता और न्याय के प्रति हमारी भावना को भी प्रभावित करता है। निठारी हत्याओं का मामूली नाम भूलकर यह समझें कि हमारे समाज में न्याय की प्राधिकृत और व्यापक रूप से व्यवस्था की आवश्यकता है, ताकि हम अपने बच्चों को एक सुरक्षित और न्यायिक समाज में बड़ा कर सकें। यह फैसला हमें यह भी याद दिलाता है कि न्याय के प्रति हमारी आँखों में आंसू बह सकते हैं, लेकिन हमें अपनी निरंतर प्रयासशीलता से लड़ना होगा, ताकि हमारे समाज में सच्चे और दुरुस्त न्याय की ओर एक कदम और बढ़ा सकें।



नोएडा के गांव निठारी की इसी कोठी में मोनिंदर पंधेर रहता था।



मोनिंदर सिंह पंधेर



सुरेंद्र कोली

# शादीशुदा युवक ने पीड़िता को फेसबुक के जरिए प्रेम जाल में फंसा ठगी कर किया विवाह फिर छोड़ा तन्हा

* यह इश्क़ नहीं आंशा बस इतना समझ लेना है एक आग का दरिया है और डूब के जाना है ऐसे ही इश्क रूपी आग के दरिया में फसीं पीड़िता लगा रही है न्याय की गुहार
* एक तरफ़ परिजनों द्वारा तय की गई शादी दूसरी तरफ प्रेमी की तड़प सब कुछ छोड चुना प्यार हुआ धोखा प्रेमी निकला शादी शुदा पीड़ित को तड़पते छोड़ गया प्रेमी खुद काट रहा मौज

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र में सदर कोतवाली के एक मोहल्ला की पीड़िता ने बताया की वह नौ बहने हैं भाई नहीं है घर का सारा बोझ पिता के कंधों पर है।जो सदैव बीमार रहते हैं। पीड़िता ने शोशल मीडिया के जरिए एक वर्ष पूर्व इरफान अली पुत्र लियाकत अली मोहल्ला अंडान ,11, जगदीश गली, तहसील बड़नगर ,उज्जैन , मध्य प्रदेश- 456771 के रहने वाले युवक के प्रेमजाल में फंस गई पीड़िता के पिता ने पीड़िता की शादी अन्य जगह तय कर दी थी दो राहे पर फंसी पीड़िता ने यह बात प्रेमी इरफान अली से बताई इरफान ने पीड़िता को पिता द्वारा लगाई शादी को ठुकरा कर खुद से शादी करने का



दबाव बनाया ऐसा न करने पर ज़हर खाकर जान देने की बात कही तब हिम्मत कर के पीड़िता ने अपने परिजनों से कहा की मैं एक लड़के इरफान को बहुत चाहती हूं मैं इरफान के साथ शादी करूंगी आप लोगों ने जो शादी तय की मना कर दे यह बात सुनकर पीड़िता के पूरे परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई बोले की परिवार रिस्तेदारी समाज में मुंह दिखाने वाले नहीं रह जाएंगे पीड़िता को बहुत समझाया लेकिन पीड़िता ने किसी की बात नहीं मानी इरफान से ही शादी की जि़द पर अड़ी रही मजबूर होकर पीड़िता के घर वालों ने तय शादी को मना करते हुए पीड़िता की शादी 29. मई.2023 को इरफान से कर दी दो राज्यों का मामला था किराया भाड़ा बहुत लगता पीड़िता के ससुरालियो की राय पर की दहेज़ का सामान वहीं से ले लेंगे इस पर पीड़िता के पिता ने नक़द 7 लाख रूपए जो पीड़िता की शादी के लिए रखे थे पीड़िता के पति को दे दिए पीड़िता के पिता ने निकाह के साथ साथ स्टांप पर भी मैं गवाह के लिखा-पढ़ी भी कर ली थी क्योंकि पीड़िता के पिता को शुरू से आशंका थी को धोखा न हो पीड़िता ससुराल पहुंची दस दिन बाद 8.जून .2023 को पीड़िता के ससुराल में एक औरत आईं काफी चीख चिल्ला रही थी मेरे होते हुए तुम दूसरी औरत कैसे ले आए पीड़िता समझ गई कि यह इरफान की पहली औरत है इस बारे में बहुत पूंछने पर इरफान ने बताया यह मेरी पहली बीबी इससे वाद विवाद चल रहा था इसने चैलेंज किया था की तुझे कोई लड़की नहीं मिलेगी जिद में मैंने शादी की है।इतना सुनते ही पीड़िता रोने लगी कहा जब तुम शादीशुदा थे तो मेरी जिंदगी के साथ खिलवाड़ क्यूं किया तेरे चक्कर में मां बाप किसी की नहीं सुनी तय शादी तोड़ दी इतना बड़ा धोखा इतना सुनते ही पति ने कहा कि अगर यह बात घर बताई तो ठीक नहीं होगा पीड़िता ने कहा इतनी बड़ी बात घर पर जरूर बताएंगे पीड़िता के पति ने पीड़िता को खूब मारा पीटा पीड़िता चीखती रही जेठ इमरान ने लात मारकर कहा इसे मार कर गाढ दो पीड़िता रोती चिल्लाती रही रहम की भीख मांगती रही सास शमशा नंद मलिका उर्फ़ लाली और डाली ने लात धूसो से मारकर घर से निकाल दिया और बाद में पति ने वीडियो बनाया उसके बाद 09. जून.2023 को पीड़िता को मायके लाया पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई लेकिन घर वालों ने कहा जैसा किया भरो मैं नहीं रखूंगा जिसका फायदा पति ने उठाते हुए मायके में ही पीड़िता को खूब मारा पीटा और मध्यप्रदेश जाकर पति ने हालचाल तक नहीं पूछा तब मजबूर पीड़िता 03.अगस्त.2023 को मायके से 04. अगस्त .2023 को मध्यप्रदेश ससुराल पहुंची ससुरालियो और पति ने कहा मैं तुम्हें जानती नहीं पीड़िता ने पुलिस को बुलाकर पीड़िता ससुराल के अंदर पहुंची किसी तरह पीड़िता ने रात काटी ससुराल वाले बाद में नार्मल हुए कहा या तो मेरे बेटे को अपने पिता से कहकर 20 लिखा रूपए दो या मेरे बेटे इरफान को तलाक दे दो मैं तुम्हें नहीं रखूंगा पति ने भी यही कहा जो घर वाले कह रहे हैं। वहीं करो पीड़िता ने इन्कार किया फिर पीड़िता को ससुराल से मार पीट कर निकाल दिया गया 06.अगसत.2023 को पति एक दोस्त के साथ पीड़िता को मायके छोड़ने आया दोस्त को लखनऊ में मोबाइल देकर वीडियो बनाकर छोड दिया पति प्रार्थिनी पुनः मायके आ गई घटना 07. अगस्त.2023 को जब पीड़िता के पिता ने पूछा कि यह सब क्या है नई नई शादी हुई अभी से इतनी नौटंकी एक तो शादी शुदा दूसरे मेरे ही घर में उत्पात मचा रहे हो। इतना सुनते ही पीड़िता के पति ने पीड़िता के पिता को ढकेल दिया जिससे पीड़िता के पिता का कन्धा फ्रेक्चर हो गया और उसके बाद पीड़िता को खूब मारा पीटा तीन तलाक़ की धमकी देकर यह कहता हुआ मध्यप्रदेश चला गया की दो राज्यों का मामला है। पुलिस कुछ नहीं करेगी मामला उत्तर प्रदेश मध्यप्रदेश का है तुम्हें दौड़ाती रहेगी किसी न किसी दिन सब सही हो जाएगा राह देखते देखते दो माह के उपर हो गये है न पति न ससुराल वालों ने कोई पीड़िता की सुध ली अपने किए की सजा भुगत रही पीड़िता दर दर भटने के लिए मजबूर कर दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्वास्थ्य विभाग ने रोकथाम के लिए कैंप लगाकर डोर टू डोर संदिग्ध मरीजों की पहचान करने में जुटा



जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। बरबर क्षेत्र में लगातार तेज बुखार से हो रही मौतों के चलते स्वास्थ्य विभाग ने रोकथाम के लिए कैंप लगाकर डोर टू डोर संदिग्ध मरीजों की पहचान करने में जुटा है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की कई टीमों ने कस्बा से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाते हुए जगह-जगह कैंप लगाकर संदिग्ध लोगों की जांच कर दवाई वितरित का कार्य शुरू किया।100 जांचों में 35 मलेरिया की जांच की गई है ।जिसमें सभी जांच नेगेटिव पाई गई। चार लोगों को डेंगू की जांच की गई जिसमें 2 नेगेटिव और 2 लोग पॉजिटिव पाए गए। जांच कर रहे डॉक्टर ने संक्रमित लोगों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देते हुए उन्हें इलाज के लिए पसगवां सी एच सी में भर्ती होने के लिए भेजा है।

### नवागत नायब तहसीलदार हर्ष निशांत ने संभाला कार्यभार



जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। नवांगत नायाब तहसीलदार हर्ष निशांत आज पदभार ग्रहण कर लिया है नायाब तहसीलदार हर्ष निशांत पद भार ग्रहण करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वन कराना हमारी प्राथमिता हैं बताते चलें कि गत दिवस पुर्व नायाब तहसीलदार ताहिर परवेज का स्थांतरण मोहमदी हो जाने के चलते पद रिक्त चल रहा था।

### जंगली हाथियों ने रौद डाली किसानों की फसले



जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। रेहरिया महेशपुर वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्रंट साहबगंज गांव में रात में लगभग 25 जंगली हाथियों का झुंड एक साथ रात में गन्ने के खेत में घुस जाने से किसानों के गन्ने को रौंद दिया। जिन किसानों के गन्नों का नुकसान हुआ हैं ।दीपक पुत्र राज सिंह 1बीघा , जोगिंदर पुत्र पतरस 1बीघा, शक्तिपुत्र जल सिंह 2बीघा , मीर सिंह पुत्र दलेल सिंह 2 बीघा, वही जंगली हाथी आने से क्षेत्र में कोहराम मच गया वहीं किसानों का कहना है कि पिछली बार जो गेहूं की फसलों का नुकसान हुआ था वह अभी तक वन विभाग ने उसका मुआवजा नहीं दिया है।

### बाइक की टक्कर से घायल हुई महिला , मौत

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला भुसौरिया मार्ग पर एक बाइक ने राह चलती महिला को टक्कर मार दी। महिला को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला की जिला चिकित्सालय में मौत हो गई है। मृतक महिला का नाम प्रेमवती पत्नी प्रकाश निवासी ग्राम भुसौरिया थाना गोला बताया गया है। मोटरसाइकिल चालक का नाम लल्ला पुत्र इकलाख ग्राम बढ़ैया खेड़ा थाना गोला बताया गया है। मृतक प्रेमवती के पति प्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और अभियुक्त की तलाश में जुट गई है।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/ पलिया कलां खीरी। नगर के कैंब्रिज पब्लिक स्कूल पलिया कला खीरी में विभिन्न एक्टिविटी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता पासिंग बाल प्रतियोगिता,ओड,इवेन नंबर अचिविंग प्रतियोगिता और चंद्रयान प्रोजेक्ट प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया इन प्रतियोगिताओं में प्री प्राइमरी सेक्शन में प्रथम स्थान महिमा ,आतिफा बानो, अनुप्रियाल, अरवेज खान ,सुमित द्वितीय स्थान काव्य यादव अंशिका सरफराज ,बुशर्द्र, । तृतीय स्थान विराज राठी आरुषि दानिश,जानवी को प्राप्त हुआ प्राइमरी वर्ग में प्रथम स्थान हुमैरा ,सूरज व द्वितीय स्थान अरबाज ,मेहबिस, और तृतीय स्थान अमानत वीर शाह, और सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान इशिता मिश्रा द्वितीय स्थान आयूष भारद्वाज व तृतीय स्थान आज्ञा दीप, और मिलनप्रीत को प्राप्त हुआ ।प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाऐ मौजूद रहीं।



### किसान संगठन द्वारा किये जा रहे धरना प्रदर्शन को तहसीलदार ने रुकवाया



जन एक्सप्रेस/मनोज कुमार मिश्रा।/बिजुआ-खीरी। आज गोला मंडी में धान मिल मालिकों के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन संगठन (अराजनैतिक )के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य मांगे धान मिल मालिकों द्वारा प्रति कुंतल 2 किलो करदा व 15 रूपये प्रति कुन्तल पल्लेदारी और 80 रुपए धर्म कांटा प्रति ट्रॉली लिया जा रहा था। इस धरना प्रदर्शन में मौके पर तहसीलदार विनोद कुमार द्वारा सभी मांगों को संज्ञान में लेते हुए धरना समाप्त करवाया व किसानों को आश्वासन दिया कि धान मिल मालिकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी । इस अवसर पर गुरमुख सिंह , हरविंदर सिंह, बाबूराम ,इंद्रजीत, कामता प्रसाद, वीरेंद्र ,विद्यावती, दानिश खान, आदि किसान व किसान संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म की वारदात, चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

* परिजनों ने पुलिस उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री से पत्र भेजकर की शिकायत

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली



**क्या है मामला**

परिजनों ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 10 अक्टूबर को वह खेत पर गए थे उनकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी तभी पड़ोस के ही मनचले घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

**निघासन खीरी।** जहां एक तरफ सूबे की योगी सरकार महिलाओं की त्वरित सुनवाई के लिए प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित कर महिला सम्बंधित संज्ञेय अपराध में तत्काल एफआईआर दर्ज कर मनचलों शोहदों के खिलाफ कार्रवाई का दावा कर रही वहीं कोतवाली पुलिस सीएम के मंसूबो पर पानी फेरने का काम कर रही है जहाँ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता व उसके परिजन रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए चार दिनों से कोतवाली के चक्कर काट रहे हैं पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की।सुनवाई न होने पर परिजनों ने पुलिस उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग है।

## नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मोहर



जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली नगर पंचायत की बोर्ड बैठक सोमवार को चेयरमैन रिज़वान खां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बोर्ड बैठक में आय-व्यय की पुष्टि के साथ कई अन्य विकास से जुड़े प्रस्तावों पर सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से मुहर लगा दी। चेयरमैन रिज़वान खां ने कहा कि वह और उनका बोर्ड पाली के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है, उन्होंने बताया कि नवरात्रि, दशहरा व रामलीला महोत्सव के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाए जाने व प्रकाश व्यवस्था के लिए उनके द्वारा नगर पंचायत कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए है। चेयरमैन श्री खां ने कहा कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना से जल्द ही पाली नगर में कई कार्य कराए जाएंगे। बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह यादव ने कहा कि बोर्ड बैठक में सितंबर 2023 के आय-व्यय की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। वही मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 51 लाख 17 हजार 574 रुपये की कार्य योजना शासन को भेजे जाने हेतु सभी सभासदों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। ईओ ने आगे बताया कि स्व कर निर्धारण हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान करते हुए अग्रिम कार्यवाई हेतु चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। नगर पंचायत के काजीसराय उत्तरी वार्ड की सदस्या रहनुमा बेगम द्वारा शव को अंतिम संस्कार तक सुरक्षित रखने हेतु जनहित में दो वातानुकूलित फीजर क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया, बोर्ड द्वारा राज्यवित्त की धनराशि से दो वातानुकूलित शव फीजर क्रय किये जाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बोर्ड बैठक में सदस्यों द्वारा ठेका आपूर्ति प्लम्बर राजेश मिश्रा द्वारा अपना कार्य न करने पर इनके विरुद्ध कार्यवाई के लिए सर्वसम्मति से चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक बबलू दीक्षित, गणेश मिश्रा, सभासद दिलीप दीक्षित, ब्रजेश कुशवाहा, अजीत गुप्ता, रीतू गुप्ता, इस्लाम खां, रामदेवी, राकेश कुमार, राजेश कुमार, अभय त्रिवेदी, राजन शुक्ला, रश्मि कुशवाहा, रहनुमा बेगम, शबाब बेगम, संगीता देवी, कमरुल मलिक, गुलजार खां आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने श्रवण देवी मन्दिर की व्यवस्थाओं को सही करने के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने साण्डी रोड़ स्थित श्रवण देवी मन्दिर का भ्रमण किया। उन्होंने मन्दिर के मुख्य पुजारी से मन्दिर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने मन्दिर प्रांगण मे स्थित सत्संग भवन तथा प्रहलाद कुण्ड का निरीक्षण किया तथा पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रहलाद कुण्ड मे आवश्यक मरम्मत का कार्य जल्द कराया जाये तथा कुण्ड मे पानी भरने की व्यवस्था की जायें। कुण्ड के आस-पास आगन्तुकों के बैठने की पर्याप्त की जायें। प्रागंण की साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखी जायें। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी दीपांकर चौधरी एवं जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

### डेंगू बुखार से बालक की मौत

जन एक्सप्रेस/हरदोई। कछौना पी.बी.आर. इंटर कॉलेज गौसगंज के लिपिक उमेश कुमार का 9 वर्षीय पुत्र अर्नव राज मल्होत्रा का डेंगू से निधन होने से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। शोकाकुल परिवार को विद्यालय प्रबंधक, शिक्षक, रिश्तेदार, शुभचिंतक ढांढस देने पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के कारण वर्तमान समय में बुखार, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू आदि संक्रामक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों की कमी व जांचों के अभाव में मरीज प्राइवेट, झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाने को विवश है। जिसके कारण मरीज के परिवार जनों का जमकर आर्थिक शोषण व स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होता है।

## विश्वकर्मा समाज के द्वारा पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सोमवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी खीरी के कार्यालय पहुंचकर का जिला अधिकारी खीरी महेंद्र बहादुर सिंह से भेट वार्ता की। पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।श्री शर्मा ने जिला अधिकारी खीरी महेंद्र बहादुर सिंह से वार्ता करते हुए कि हमारे पैतृक ग्राम सकेथू थाना हैदराबाद तहसील व ब्लॉक लखीमपुर जिला खीरी विद्यालय की बाउंड्री हो रही है। ग्राम प्रधान रेनू देवी के पति दिनेश राज विद्यालय के प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार राज के रिश्तेदार है। क्षेत्र के राजनीतिक तत्वों के इशारे पर मनरेगा मेला स्थल विद्यालय की बाउंड्री के अंदर करना चाहते है। मनरेगा मेला स्थल प्रथिमिक विद्यालय के पूर्व तरफ है। सैंकड़ों वर्षों से वट पूजा महिलाए करती है। उसी स्थल पर लड़कियों के विवाह में बरातें टिकाई जाती है। हिंदुओ के एकादश संस्कार होते है। मनरेगा मेला स्थल स्कूल की बाउंड्री के बाहर रखे जाने की मांग की है। किसानों का गन्ना बिकने पर आधा भुगतान नगद तुरंत दिया जाए। जिससे किसान गन्ने की छुलाई व ढुलाई निकल सकें। जिला खीरी में ग्राम पंचायत सदस्यों को बैठक में नही बुलाया जाता है। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी फर्जी बैठक दिखाकर गोल माल करते है। जिला अधिकारी खीरी महेंद्र बहादुर सिंह ने विश्वास दिलाया है। कि मनरेगा मेला स्थल ग्राम सकेथू के विद्यालय की बाउंड्री में नहीं लिया जाएगा। मनरेगा मजदूर मिस्त्री मेला , वट पूजा, एकादशा संस्कार एवं लड़कियों की शादी के बरातें उसी स्थल पूर्व को भांति हमेशा होते रहेंगे। मनरेगा के प्रतिनिधि मंडल एड0 संतोष शर्मा प्रदेश सचिव विश्वकर्मा सभा, एड0 बालकृष्ण शर्मा जिला अध्यक्ष ग्राम पंचायत सदस्य प्रकोष्ठ खीरी, एड0 राजू खान, मिश्रा शर्मा राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी मनरेगा आदि मौजूद रहे।

## भाकिमयू दशहरी ने 20 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौपा

* 12 अक्टूबर से पलिया गांव में धरने पर बैठे थे किसान संगठन के कार्यकर्ता
* बिजली पानी सड़क तथा आवारा गोवंशो की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की

जन एक्सप्रेस । हरदोई

भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के कार्यकर्ता क्षेत्र के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर 12 अक्टूबर से पालिया गांव में धरने पर बैठे थे। सोमवार को किसान पंचायत का आयोजन कर 20 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सवायजपुर को सौप है।

भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह यादव के नेतृत्व में पलिया गांव में सोमवार को आयोजित किसान पंचायत में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें कटियारी क्षेत्र में आई बाढ़ के दौरान हुई फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई। क्षेत्र में आवारा घूम रहे गोवंशो को पकड़ कर पशु आश्रय स्थल भिजवाया जाए।विद्युत सब स्टेशन पलिया में हो रही अघोषित कटौती बंद की जाए तथा मकानो के ऊपर से निकली हाई वोल्टेज लाइन के तार तत्काल हटवाए जाए। बेहथर से खैरुद्दीनपुर चैन सिंह मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया तत्काल प्रभाव से बनाई जाए। चियासर घाट पर पुल का निर्माण कराया जाए। आवास नाली खडंजा समेत 20 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव को सौपा गया है। मौके पर पहुंचे एसडीओ विद्युत डीएन शर्मा,बीडीओ हरपालपुर ने एक सप्ताह के अंदर समस्याओं के समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष लल्लन कुशवाहा, अरविंद मौर्या ,विद्यासागर यादव ,अजीत कुमार ,सतीश यादव, आसिफ हुसैन ,आशुतोष मिश्रा मौजूद रहे।

## घर मे घुसकर महिला से अश्लीलता व मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने पुरानी रंजिश के चलते घर मे घुसकर चार लोगों पर मारपीट व अश्लीलता करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है।महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने थाने पर दी गयी तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश के चलते उसके गांव निवासी वरनेश पुत्र रामफेरे, सौरभ पुत्र रामनिवास,सुधीर पुत्र रामवीर,राजवीर पुत्र धर्मजीत सहित चारों आरोपी अपने हांथो में लाठी डंडे लेकर बीती 11 अक्टूबर को शाम लगभग 8 बजे उसके घर मे घुसकर गाली गलौज करने लगे।महिला ने आरोप।लगाया कि वरनेश व सौरभ ने उसे बुरी नियत से पकड़ लिया और अश्लीलता करने लगे।महिला द्वारा शोर मचाने पर आरोपी जान माल की धमकी देते हुए चले गए।पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने चारो आरोपियो के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच उपनिरीक्षक रफीक अहमद को सौंप दी है।

## जश्न-ए-दस्तार बंदी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । अमीर नगर खीरी



कस्बे के नगर ग्राम महमदपुर में मदरसा अनवारुल कुरान में रविवार रात को जश्ने दस्तार बंदी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया कॉन्फ्रेंस का आगाज हाफिज अरमान रजा साहब ने किया मदरसा अनवारुल कुरान के प्रिंसिपल हजरत अल्लामा मौलाना नईम राजा बरकाती ने कॉन्फ्रेंस का संचालन करने के लिए हजरत तारिक रजा लखीमपुर को दावत ए सुखन दी तारिक रजा ने कॉन्फ्रेंस की सर परस्ती की और फिर शायर इस्लाम हजरत सहेनवाज रजा पलीयावी ने कुछ यूं कहा *शहरे तैयबा तेरे बाजार महकते होगे* *तेरी गलियों से जो सरकार गुजरते होंगे* नाते पाक सुनाकर लोगों के दिलों को अजमत ए मुस्तफा से लबरेज किया ।आने वाले हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अहमद निजामी गोरखपुरी ने कहा कि अल्लाह व उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलने से ही जिदगी के हर क्षेत्र में कामयाबी मिलेगी। तालिम के बिना कौम व मिल्लत की तरक्की मुमकिन नहीं है। मुसलमान अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी शिक्षा साथ-साथ दिलाएं। वहीं दूसरे शायर हसन रजा नौशाही ने यु कहा *शहर का वक्त था मासूम कलियां मुस्कुराती थी हवाएं खैर मकदम की तराने गुनगुनाती थी अभी जिब्रील उतरे भी ना थे काबे के मेंबर से इतने में सदा आई अब्दुल्ला के घर से* मुरादाबाद से आए हुए हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती हम्माद रजा ने कहां कि मुसलमान अल्लाह व उसके रसूल हजरत मोहम्मद सल्ललाहो अलैही वसल्लम के बताए रास्ते पे चलें और कहा मुसलमान किरदार को शवारे हक पर चले दीन की सेवा करें औरतों मर्दों से पर्दा करना चाहिए औरतों को वे वजह शहर व बाजार मे नही घूमना चाहिए लड़कों को अपने मां बाप की सेवा करना चाहिए और उनकी बात पर अमल करना चाहिए मां के कदमों निचे जन्नत है हजरत अल्ल्लामा मौलाना हम्माद रजा ने कॉन्फ्रेंस की सरपरस्ती करते ही स्थानीय कस्बा अमीर नगर के ग्राम महमदपुर में मदरसा अनवारुल कुरान से हाफिज बने 13 बच्चों के दस्तार बंदी की इसमें हाफिज मुबारक पुत्र सादिक मोहम्मदी सराय हाफिज चा़द पुत्र लाल मोहम्मद गोला हाफिज मुस्तकीम पुत्र मुस्ताक रायपुर घुंशी हाफिज अनीस पुत्र गुड्डु अमीर नगर हाफिज अबूतुराब पुत्र सबबन मोहम्मदी सराय हाफिज जुनैद की ओलमा कराम ने कांफ्रेंस में पगड़ी पोसी कर हाफिज की उपाधि प्रदान की बाद सलातो सलाम पढ़ के द्वारा खैर की कॉन्फ्रेंस में आए हुए मौलाना यूनुस राजा मौलाना सज्जाद अहमद मौलाना खालिद अहमद हाफिज रिजवान मौलाना सवील अहमद हाफिज मोहम्मद कादिर राजा शवनुर रजा कमेटी नन्हे हिमाएतुलला जमील मंसुरी समेत बड़ी संख्या में लोग कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस आयोजन में दर्जनो वोलेंटियर ने अपनी भूमिका निभाई।

# डीएम ने उरई तहसील का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मण्डी स्थित तहसील उरई का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने तहसील के समस्त पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया।

उन्होने न्यायालय तहसीलदार को निर्देशित किया कि समस्त वादों को दर्ज कर समयान्तर्गत वादों का निस्तारण करें एवं विवादित वादों का 90 दिन के भीतर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। धारा 34 के प्रकरण में कृषि बैनामा ऑनलाईन प्राप्त होने के बाद आरसीसीएमएस पोर्टल पर शत प्रतिशत बैनामे को दर्ज नही किया जा रहा है, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये डीएम ने आरके रामदत्त को प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ विभागीय कार्यवाही व कम्प्यूटर आपरेटर शुभम के खिलाफ कड़ी कार्यवाही और तहसीलदार का जबाब तलब लेने के उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि धारा 24, धारा 116/117 तथा धारा 80, धारा 67 का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही निर्देशित किया कि 03 साल व 05 साल से पुराने प्राप्त वादों को प्राथमिकता पर 60 दिन के भीतर



विशेष अभियान चलाकर निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने धारा 151 के तहत वादों में 116(3) का साक्ष्य लेकर गुणदोष के आधार पर वादों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने खनन, बैंक, विद्युत देयों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। आय, जाति, निवास का कोई भी प्रार्थना पत्र एक सप्ताह से अधिक और हैसित प्रमाण पत्र एक माह से अधिक लम्बित न हो यदि लम्बित होता है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। धारा 24 के प्रकरण के आधार पर नही बल्कि दायरा की तिथि के अनुसार क्रम से पैमाइश 02 माह के भीतर लम्बित प्रकरण समयबद्ध वाद निस्तारण करना सुनिश्चित करें। भूमि विवाद में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर गुणदोष के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का समयबद्ध अनुपालन व अमलदरामद नही किया जा रहा है। जिस पर तहसीलदार सदर ने बताया कि जिन ग्रामों की खतौनी आरटीके है वहां तो तत्काल अमलदरामद हो रहा है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ध्यान देकर शत प्रतिशत अमलदरामद करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होने निर्देशित किया कि खतौनी नकल लेने वालों को खतौनी देने में बिलम्ब नही होना चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखे कि बेबजह किसी को भी परेशान न किया जाये। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार, तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** एक 58 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गयी है। घटना की सूचना पर पहुँची थाना खन्ना पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा है। घटनाक्रम मे पता चला है कि श्रीमति देवश्री पत्नी सत्तीदीन निवासी ग्राम खन्ना की बीति रात संदिग्ध परिस्थितियो मे मौत होना बताया गया है। देवश्री की मौत का कारण जानने के लिए थाना खन्ना पुलिस द्वारा पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है। एक अन्य घटनाक्रम मे 19 वर्षीय युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या किये जाने का असफल प्रयास किया है। जहरीले पदार्थ के सेवन से घायल युवती को परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है।

# मेडिकल कॉलेज में रेबीज क्लीनिक व कैंसर क्लीनिक की इसी साल की गई स्थापना : सीएमएस

*** अब एम्स की तर्ज पर मरीजों की स्थिति के अनुसार भर्ती की सुविधा हुई प्रारम्भ- प्राचार्य**

**जन एक्सप्रेस । उरई**



राजकीय मेडिकल कालेज के छः माह की प्रगति रिपोर्ट को लेकर सोमवार को एक प्रेस वार्ता हुई। जिसमें कालेज के प्राचार्य आरके मौर्या व सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन ने बताया कि मेडिकल में मरीजों को प्रदान की जाने वाली चिकित्सीय सेवा में अमूल चूल परिवर्तन हुआ है।

पिछले साल जनवरी 2022 से दिसंबर तक ओपीडी 236868, आईपीडी 7276, मेजर आपरेशन 1233, माइनर आपरेशन 6018, टोटल आपरेशन 7314 हुये थे। जबकि 2023 जनवरी से सितंबर तक ओपीडी 336451, आईपीडी 208995, मेजर आपरेशन 3486, माइनर आपरेशन 19570 टोटल आपरेशन 23056 हो चुके है। बताया कि अब इमरजेंसी सेवाओं में एम्स की तर्ज पर मरीजों की स्थिति के अनुसार ग्रीन, बलो. रेड जोन व ट्रायज एरिया में भर्ती की सुविधा प्रारम्भ की गयी।

इमरजेंसी में 24 घंटे खून की जांच, एक्सरा, ईसीजी व प्लास्टर इत्यादि की सुविधा प्रारम्भ की गयी। आईसीयू में मरीजों को भर्ती प्रारम्भ कर सभी सुविधाएं दी जा रही है। बताया गया कि जननी सुरक्षा में इसी बर्ष अप्रैल से अक्टूबर तकएक्सरा, ईसीजी व प्लास्टर इत्यादि की सुविधा प्रारम्भ की गयी। आईसीयू में मरीजों को भर्ती प्रारम्भ कर सभी सुविधायें दी जा रही है। बताया कि जननी सुरक्षा योजन में इसी वर्ष अप्रैल से अक्टूबर तक शहरी में लाभार्थी 110 कुलराशि 11,0000 व ग्रामीणों में लाभार्थी 335 कुलराशि 4,69000 टोटल लाभार्थी 445 कुल राशि 5,79,000 है प्रदान की गई। मेडिकल में दन्त रोग विभाग में आर्थो पेन्टा ग्राम की स्थापना अप्रैल में, रेबीज क्लीनिक व कैंसर क्लीनिक की स्थापना इसी साल की गई। साथ ही आकस्मिक स्त्री व प्रसूति रोग विभाग, इमरजेंसी पीडियाट्रिक्स विभाग प्रारम्भ किया गया। बताया कि आगामी भविष्य में सेवाओं की आवश्यकता में एडवांस डायग्रोस्टिक सेवाओं की स्थापना (सीटी, एमआरआई, हार्मोनल परख और ट्यूमर मार्कर अध्ययन), मानव संसाधन की आवश्यकता। बताया कि विगत छः माह के दौरान राज्यपाल महोदया, उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा व डीएम के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी ने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर मेडिकल प्रशासन की सराहना की है। इस दौरान डॉ. शैलेन्द्र प्रताप, डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. चरक सांगवान, डॉ. अरुण अहिरवार आदि लोग मौजूद रहे।

# सिद्धि विनायक अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही से महिला की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

**जन एक्सप्रेस । उरई**



सोमवार को कालपी रोड स्थित प्राईवेट सिद्धि विनायक अस्पताल में गाल ब्लैडर में पथरी का ऑपरेशन कराने गयी 25 वर्षीय युवती की चिकित्सकों की लापरवाही से अचानक हालत बिगड़ गयी, तो चिकित्सकों ने अपना पल्ला झाड़ते हुये उसे आनन फानन में झांसी के लिये रिफर कर दिया। लेकिन रास्ते में युवती की मौत हो गयी। इसके बाद परिजन युवती का शव लेकर अस्पताल जा पहुंचे। जहां उन्होंने हंगामा काटते हुये घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार श्यामा 25 वर्ष पत्नी धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा निवासी औरेखी कोतवाली जालौन निवासी के गाल ब्लैडर में पथरी थी।जिसका ऑपरेशन कराने के लिये उसके परिजन सिद्धि विनायक अस्पताल ले आये थे। बताया जाता है कि उक्त अस्पताल का संचालन डॉ. बलराम द्वारा किया जाता है। जहां परिजनों द्वारा ऑपरेशन का रुपया जमा करने के बाद चिकित्सक उसका ऑपरेशन करने लगे। तभी अचानक चिकित्सकों की लापरवाही से युवती की हालत बिगड़ गयी तब ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के हाथ पैर फूल गये और आनन फानन में उन्होंने युवती के परिजनों को बुलाकर युवती की हालत चिंताजनक बताते हुये उसे झांसी के लिये रैफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही युवती की मौत हो गयी। तो युवती के परिजन उसका शव लेकर सिद्धि विनायक अस्पताल आ धमके। जहां पर उन्होंने शव को रखकर जमकर हंगामा काटा। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को हुई तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया। तो परिजनों ने सिद्धि विनायक अस्पताल के चिकित्सकों के विरुद्ध तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया जाता है कि मृत युवती के एक तीन वर्ष की बेटी है। उसकी शादी वर्ष 2018 में हुयी थी। अधिकारियों का कहना था कि टीम गठित कर वीडियो ग्राफी के साथ पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। तब जाकर परिजनों ने हंगामा काटना बंद किया।

# दबंग पिता-पुत्र ने बीच बाजार झोंके फायर, 11 जख्मी

**जन एक्सप्रेस । पनवाड़ी/महोबा**

मामूली कहासुनी के बाद दबंग युवक ने पिता के साथ मिलकर दुकान में बैठे लोगों पर फायर झोंक दिए। जिसमें तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत ग्यारह लोग जख्मी हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई गई है। डॉक्टरों द्वारा सभी को जिला अस्पताल महोबा रिफर किया गया है। विकासखंड के बैंदों गांव में रविवार को दिनदहाड़े हुए इस गोलीकांड से क्षेत्र भर में सनसनी फैल गई। पुलिस द्वारा आरोपित पिता पुत्र को हिरासत में ले लिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बेंदों निवासी विमलेंद्र तिवारी घर में परचून की दुकान है। रोजाना की तरह रविवार को अन्य लोगों के साथ दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव का ही जितेंद्र पुत्र नरेंद्र तिवारी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बाकये के घंटा भर बाद जितेंद्र और उसका पिता नरेंद्र ने गाली गलौच करते हुए अवैध तमंचे और लाइसेंसी बंदूक से विमलेंद्र और अन्य पर फायरिंग कर दी। जिसमें 39 वर्षीय विमलेंद्र तिवारी पुत्र जगदीश तिवारी, 35 वर्षीय वंदना तिवारी पत्नी नीलेंद्र, प्रभादेवी पत्नी अरविंद (45 वर्ष), रानी पति पुन्नी पाल (36 वर्ष), सुशीला पत्नी चिन्तामन( 65), सगुन पत्नी जीवनलाल (55वर्ष), अरमान खान पुत्र रमजान (30 साल) और जगदीश नारायण तिवारी पुत्र स्वर्गीय वंशीधर तिवारी (72 वर्ष), हर्ष कुशवाहा (9 साल), कृष्णा (8 वर्ष) और पार्थ तिवारी( 10 वर्ष) घायल हो गए।

# बैंदो गोलीकांड: गांव के बाजार में पसरा रहा सन्नाटा

**जन एक्सप्रेस । पनवाड़ी/महोबा**

आम दिनों में ग्रामीणों की चहल-पहल से गुलजार रहने वाले बैंदों के बाजार में सोमवार को सन्नाटा छाया रहा। रविवार शाम बीच बाजार गोलीकांड की दुस्साहसिक वारदात के बाद रात भर पुलिसिया बूटों की धमक गांव में गूंजती रही।

स्थानीय थानेदार के साथ सीओ, एसपी और डीएम महोबा ने मौका ए वारदात पर पहुंचकर माहौल का जायजा लिया। जिसके बाद सोमवार सुबह पीएसी दल घटनास्थल के आसपास तैनात कर दिया गया। डरे सहमे ग्रामीण अपने अपने घरों में दुबके रहे। वारदात की पृष्ठभूमि से लेकर सरेशाम हुई फायरिंग दिन भर क्षेत्रीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। इस बीच पनवाड़ी पुलिस की अभिरक्षा में आरोपित युवक जितेंद्र और उसके पिता नरेंद्र तिवारी का स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। उधर, महोबा रिफर किए गए घायलों का इलाज सोमवार को जारी रहा। डॉक्टरों के मुताबिक जख्मियों की स्थिति में सुधार देखा जा रहा है।

बता दें कि आपसी विवाद के बाद बैंदो ग्राम निवासी जितेंद्र तिवारी और उसके पिता नरेंद्र तिवारी ने रविवार शाम चार बजे के आसपास बीच बाजार फायरिंग कर दी थी। जिसमें तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत 11 लोग जख्मी हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

## एसपी ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाने की दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** बाल विवाह मुक्त भारत के रूप में मनाया जा रहा है, इस उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्याल में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जनपद में बालिका एवं महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित किये जाने का संकल्प दिलाते हुए बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाने की शपथ दिलाई, ताकि प्रत्येक बालक-बालिका स्वतंत्र, सुरक्षित और शिक्षित हों नई ऊचाईयों को हासिल कर सकें। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थानो में सम्बन्धित थाना प्रभारी, थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों में नियुक्त सभी अधिकारियों, कर्मचारीयों के साथ सामूहिक रुप से बाल विवाह निषेध के संकल्प के साथ शपथ दिलायी गयी।

# फट्टी में लिपटा महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप, हत्या की आशंका

*** सूचना पर एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, टीम साक्ष्य किए एकत्रित**

**जन एक्सप्रेस । उरई**



चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम बिनौरा वैद्य में एक महिला रविवार को चारा लेने गई थी। जिसकी हत्या कर दी गई। शव प्लास्टिक की एक फट्टी में लिपटा मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर कार्रवाई की है। चुर्खी थाना क्षेत्र के बिनौरा वैद्य गांव में उस समय सनसनी फैल गई। जब राजन जाटव की 40 वर्षीय पत्नी गीता देवी की हत्या करने के बाद उसका शव गांव के बाहर एक खेत में प्लास्टिक की पट्टी में लिपटा मिला। परिजनों ने बताया कि महिला रविवार को खेतों से चारा लेने गई थी।इसके बाद वह घर लौटकर नहीं आई। जिसकी खोजबीन होती रही रात में किसी की निगाहें उस पट्टी पर नहीं पड़ी। जिसमें महिला का शव लिपटा हुआ था। सोमवार को 10 बजे लोगों ने खेतों पर जाते समय एक खंदक में महिला का शव फटटी में लिपटा मिला तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने खेतों से शव को बरामद किया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए। थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि महिला की किन परिस्थितियों में हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन संदेह के आधार पर पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी है।

# मिशन शक्ति टीम ने गांव गांवों मे पहुँच महिलाओं, बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरुक करने हेतु आज मंगलवार के रोज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत मिशन शक्ति फेज-04 (शक्ति दीदी अभियान) का जनपद में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत मिशन शक्ति फेज-04 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर व बस स्टैंड, बाजार, गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं, बालिकाओं से जुड़कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं को शासन, यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहे है जिससे महिलाओ पर हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न रोकने और अधिकारों के प्रति किया जा रहा जागरुक, महिलाये अपने अधिकारों को समझे डरे सहे नही, महिलाओ के प्रति सजग है सरकार।

महिलाओं की समस्या की सहज सुनवाई के लिए सकारात्मक पहल

महिलाओं के समस्याओं की सुनवाई के हेतु जनपद के प्रत्येक थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित है जिसमें महिलाओं की समस्या महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सुनी जाती है। शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण बीट पुलिस अधिकारी के द्वारा समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जा रहा है। महिला पुलिस कर्मियों की थानों के बीटों पर नियुक्ति की गयी है ताकि महिला पुलिसकर्मी थाना पुलिसिंग के अन्य क्षेत्रों में भी अपनी सहभागिता बनाये रखे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मेहरौना चौकी पर की गई पीस कमेटी की बैठक

**जन एक्सप्रेस/मेहरौना/देवरिया।** लार थाना क्षेत्र के मेहरौना चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह द्वारा पीस कमेटी की बैठक की गई जिस बैठक में चुरिंया, नदौली, खेमादेई, गढ़वा, उकीना, पटना मेहरौना, हाटा के लोगो ने भाग लिया बैठक मे प्रशासन द्वारा बनाये गये दुर्गा पूजा के नियमों को बताया व समझाया ताकि शांति पूर्वक खुशियों के साथ त्यौहार मनाया जाये।

### देवेश दुबे ने अखिलेश यादव से मिलने से किया इनकार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** फतेहपुर नरसंहार में मारे गए पीड़ित परिवार के देवेश दुबे ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने से इनकार कर दिया है। अब वह अपने गांव फतेहपुर के लेहड़ा टोला नहीं जाएंगे। रामनाथ देवरिया में एक आवास में ठहरे देवेश ने बताया कि वर्ष 2014 में समाजवादी पार्टी की सरकार थी उसी वक्त हमारे पिता सत्य प्रकाश दुबे ने सरकार से गुहार लगाई थी कि हमारी भूमि जबरिया दबंग प्रेमचंद यादव द्वारा बैनामा कराया जा रहा है, लेकिन उस वक्त कोई सुनवाई नहीं हुई। देवेश का आरोप है कि दबंग प्रेमचंद यादव के दबाव में जमीन बैनामा करा दिया गया। उस घटना को भूल नहीं पा रहा। देवेश ने आरोप लगाया कि यदि अखिलेश यादव की सरकार में बैनामा नहीं हुआ होता तो यह नरसंहार नहीं होता। जब उनकी ही सरकार में मेरे परिवार के साथ उत्पीड़न हुआ तो किस मुंह से मुझसे मिलने के लिए आ रहे हैं। मैं उनसे किसी भी हाल में मिलने के लिए तैयार नहीं हूं।

### बॉर्डर पर बिहार में पकड़ी गई शराब

**जन एक्सप्रेस/बनकटा/देवरिया।** नकटा थाने के रामपुर बुजुर्ग यूपी बिहार सीमा पर यूपी से बिहार ले जा रहे शराब तस्करों द्वारा बोरे में भरकर एक सौ पैंतीस पीस देशी शराब बन्टी बबली के साथ दो तस्कर धरनीछापर पुलिस चेकपोस्ट पर गिरफ्तार किए गए हैं। बताते चलें कि यूपी में भी पुलिस चौकी है और यूपी बार्डर से मात्र सौ मीटर की दूरी पर बिहार के मैरवा थाने का धरनीछापर में पुलिस चेकपोस्ट है, परन्तु यूपी पुलिस के पकड़ में यदा कदा ही शराब के साथ तस्कर पकड़े जाते हैं वहीं धरनीछापर पुलिस चौकी पर प्रतिदिन ऐसा करने वाले पकड़ में आ जाते हैं। ऐसे में यूपी पुलिस पर सवालिया निशान लगना लाज़िमी है। शनिवार शाम को गाड़ी नं-यूपी 52बी एस 0221, से एक बोरे में भरकर एक सौ पैंतीस पीस बन्टी बबली देशी शराब यूपी से बिहार में लेकर जा रहे जी बी नगर सीवान निवासी शराब तस्कर शिवकुमार और अजय कुमार पकड़े गए हैं। रामपुर बुजुर्ग पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों के कार्यप्रणाली पर किसी उच्च अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है इनके नाक के नीचे से तस्करी हो रही है और प्रतिदिन बिहार में पकड़ी जा रही है। आखिर यूपी पुलिस कब-तक अपने रवैए व क्रियाकलाप में सुधार करेंगे यह समझ से परे है।

### भाजपा जाति के नाम पर कर रही राजनीति: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव देवरिया जिले के रुद्रपुर क्षेत्र के फतेहपुर गांव के अभयपुर टोला में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव के घर में शोक संतृप्त परिवार से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जाति के नाम पर राजनीति कर रही है। इस घटना का भाजपा राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।कहा कि इस घटना में बीजेपी की नियत साफ दिखाई दे रही है, भाजपा देश को बर्बाद करना चाहती है। यही हाल रहा तो लोग अपना वोट नहीं डाल पाएंगे। कहा कि जिस तरह से यह घटना हुई है। उत्तर प्रदेश में कहीं और नहीं देखी, घटना के प्रति आम जनमानस में आक्रोश है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी बाबा के गृह जनपद के बगल में यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। बुलडोजर चलाने के सवाल पर अखिलेश यादव भड़क गए कहा, कैसे बुलडोजर चला देंगे। बुलडोजर जनता नहीं चलाने देगी। प्रेमचंद के घर पर अगर सरकार बुलडोजर चलाती है तो जिस तरह से सरकार अपनी जमीनों पर बने भवनो का मुआवजा लेती है, वैसे ही यहां अभी मुआवजे की व्यवस्था करे। कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति की बात करती है और यहां एक नहीं दो-दो परिवारों के लोगों की जान चली गई। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अभयपुर टोला में पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व.प्रेमचंद यादव के घर में करीब 30 मिनट तक रहे ।इस दौरान स्वजन से मिलकर सांत्वना दिया। परिवार के सदस्यों की मांग पर घटना की सीबीआई से जांच करने का आश्वासन दिया। इस बीच दबंग प्रेमचंद यादव की पत्नी प्रेमशीला बिलखने लगी तो अखिलेश ने उन्हे ढांढस बंधाया। बच्चों को सहायता देने के साथ ही पढ़ाने का भी आश्वासन दिया।

### सपाईयो ने तोड़ा पुलिस घेरा, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** बाहरी जनपद से आ रहे सपा कार्यकर्ताओं को बरहज पुलिस ने कपरवार पुलिस पिकेट पर जिले में प्रवेश से रोका। जिससे नाराज सपा के पूर्व सांसद लालगंज दरोगा प्रसाद की अगुआई में बड़ी संख्या में सपाइयों ने सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी की। फिर पुलिस घेरा तोड़कर आगे बढ़ गए। पुलिस बेबस बनी रही। जनपद की सीमा में प्रवेश पर सपा के पूर्व सांसद लालगंज दरोगा प्रसाद, विधायक गोपालपुर नफीस अहमद, दुर्गा प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, आलम वदी, दरोगा सरोज सहित बड़ी संख्या में सपाइयों को पुलिस ने रोका तो उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी की। फिर बैरियर पर गाड़ी छोड़ सभी लोग पैदल फतेहपुर के लिए जाने लगे। 200 मीटर दूर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने घेरा बनाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन पुलिस को पीछे धकेल सपाई आगे बढ़ गए। पुलिस यहां लाचार दिखी और बस उन्हें जाती देखती रही।

### मिलेट्स पर मालवीय संस्थान में होगी राष्ट्रीय मंत्रणा: राघवेंद्र

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी/देवरिया।** मोटे अनाज आज की जरूरत है जिसकी खेती मूलत: सीमांत किसानों द्वारा की जाती है। ये अनाज भारत की पोषण सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं इनको सुपर फूड का दर्जा भी दिया जाता है। कैल्शियम, आयरन और फाइबर जैसे तमाम पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 19 अक्टूबर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कस्बे के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज सभागार में किया गया है। उक्त बातें आयोजक मंडल के अध्यक्ष व संस्थान के प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह तथा प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।आयोजक द्वय ने कहा कि मोटे अनाज की वहनीयता तथा मानव जीवन में इसके पोषकीय तथा औषधीय संभावना विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में देश के लब्धप्रतिष्ठित वैज्ञानिकों का आगमन इस क्षेत्र के किसानों तथा युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। संगोष्ठी में बी0एच0यू0 के प्रोफेसर जसमीत सिंह, सीएसआईआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर जितेंद्र नारायण, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर0बी0 पटेल, जय प्रकाश विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कमल जी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर अश्वनी मिश्र, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राम नारायण तथा डॉक्टर विकास तिवारी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र की महनीय उपस्थिती संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण होगी। यह संगोष्ठी इस क्षेत्र में मोटे अनाज (श्री अन्न) के प्रति लोगों को जागरूक करने में योगदान देगी।

### गैस सिलेंडर फटने से दो भाई झुलसे, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में बीते 7 अक्टूवर को पुराने थाने की टंकी के पास वार्ड नंबर 2 में रह रहे नसीर अली पुत्र हाजी असगर अली उम्र 55 वर्ष देर रात अपने घर में चाय बना रहे थे। तभी सिलेंडर में रिसाव हुआ और उसमें आग लग गई। आग की लपटे देख उनके छोटे भाई मोहम्मद रशीद उर्फ पटू भी वहां आ गया और दोनों ने आग बुझाने की कोशिश की। तभी आग बुझाते समय सिलेंडर फट गया था। जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से झुलस गए थे। जिनको पुलिस द्वारा जिला चिकित्सालय भिजवाया गया था। वहीं डॉक्टरों ने झांसी मेडिकल रेफर किया था। इसके बाद सोमवार सुबह झांसी में इलाज के दौरान नसीर की मौत हो गई। जिसकी सूचना घर वालों को मिली तो पिता हाजी असगर दहाड़े मार कर रोने लगे। मृतक की पत्नी डेढ़ वर्ष पहले गुजर चुकी थी। वहीं मृतक के दो पुत्र छोटा बेटा शोएब अली व बड़ा बेटा सैफू अली जिसकी शादी हो चुकी है। मृतक का छोटा भाई मोहम्मद रशीद की गंभीर हालत में झांसी मेडिकल में इलाज चल रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** अजनारी रोड ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सबार की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पंहुची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

रामपुरा थाना क्षेत्र के जगम्मनपुर निवास धीर सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह सेंगर 42 बर्ष 15 अक्टूबर को अपनी ससुराल ग्राम आस्था गुरसरांय जिला झांसी से अपनी बाइक से वापस आ रहा था। तभी अजनारी रोड ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने नंबर के आधार पर युवक की पहचान की।

# राजकीय मेला देवी पाटन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**बड़ी-बड़ी लाइनों में लगकर श्रद्धालु कर रहे मां पाटेश्वरी का दर्शन, मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरा के जरिए की जा रही निगरानी**

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर पर शारदीय नवरात्र के उपलक्ष में लगने वाले राजकीय मेले मे द्वितीय तिथि सोमवार को भोर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती दिखाई दी। देश के विभिन्न प्रदेशों के शहरों व ग्रामीण क्षेत्रो तथा पड़ोसी देश नेपाल से आने वाले श्रद्धालु रात से ही लाइनों में लगे रहे। घंटों लाइनों में लगने के बाद मां पाटेश्वरी का दर्शन प्राप्त हुआ। जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर शारदीय नवरात्र के द्वितीय तिथि को तुलसीपुर तहसील मुख्यालय के देवी पाटन मंदिर में लगने वाले राजकीय नवरात्र मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालु ट्रेन व बस तथा निजी साधनों के माध्यम से देवीपाटन मंदिर तक पहुंच रहे थे।



सूर्यकुंड में स्नान करने के बाद श्रद्धालु लाइनों में लगे। घंटो इंतजार के बाद मंदिर के गर्भ गृह तक पहुंच सके।

देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरी तरह से ख्याल रखा जा रहा है। श्रद्धालुओं को पीने के लिए शुद्ध पेयजल रहने के लिए यात्री निवास तथा दर्शन करने के लिए उचित व्यवस्थाएं कराई गई हैं। मेला परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कराई गई है। मेला की सुरक्षा व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी के रूप में उप जिलाधिकारी देखरेख कर रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक रैंक के एक आधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी कर रहे है। मेले में 60 सीसी कैमरे मंदिर प्रबंधन की ओर से लगाए गए हैं जबकि प्रशासन की ओर से भी दर्शन भर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है, इसके अलावा सभी दुकानदारों से भी सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेले की सुरक्षा तथा व्यवस्थाओं की बराबर मानीटरिंग कर रहे हैं। मेले की साफ सफाई व्यवस्था नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को सौंपी गई है, जबकि सुरक्षा व्यवस्था जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी संभाल रहे हैं। नवरात्र की द्वितीया तिथि होने के कारण सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए देवीपाटन पहुंचे। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु देवी पाटन पहुंच रहे हैं। साथ ही नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए शक्तिपीठ देवी पाटन पहुंच रहे हैं।

## संविदा विद्युत कर्मियों द्वारा हाथ में काली पट्टी बांधकर किया गया विरोध

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के आवाहन पर अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को विद्युत उपकेंद्र बीकापुर एवं विद्युत उपकेंद्र मंगारी सहित तहसील क्षेत्र के सभी विद्युत उपकेंद्रों पर संविदा विद्युत कर्मियों द्वारा हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया। इस दौरान संविदा विद्युत कर्मी विरोध जताने के बावजूद काम करते रहे। संविदा विद्युत कर्मियों द्वारा वेतन विसंगति, ईपीएफ घोटाला, ईएसआइ डिमांड सहित अन्य मांगों को लेकर विरोध जताया गया। मांग को लेकर संविदा कर्मियों ने हाथ में काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया गया। विरोध जताने वालों में संघ के पदाधिकारी कुलदीप वर्मा, गौरी शंकर, घनश्याम यादव, सुभाष, पिंटू श्रीवास्तव, राजेंद्र, रामकुमार, ओम प्रकाश, सरयू प्रसाद, बलराम, दिनेश यादव, राम अनुज, हरिशंकर, बिंदु कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य संविदा कर्मियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

## मोबाइल चोरी करने के आरोप का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** मोबाइल चोरी करने के आरोप में एक आरोपी के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। मामला बीकापुर कोतवाली के मोतीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र का है। पीड़ित विकास यादव पुत्र आत्माराम निवासी गौरा गयासपुर थाना तारुन का आरोप है कि वह बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के रमऊपुर गंगापुर में पानी की पाइप डलवा रहा है। और वही रमऊपुर स्कूल में निवास भी करता है। इसी दौरान 12 अक्टूबर की रात्रि में उनके सोते समय आरोपी आनन्द दुबे पता अज्ञात पहुंचे और उनका रेडमी सेवन ऐ मोबाइल उठा ले गए। जब वह सुबह सो कर उठा तो मोबाइल गायब मिली। पीड़ित द्वारा आरोपी से जान माल का खतरा भी बताया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

## सीएचसी बीकापुर में करीब डेढ़ वर्ष से बंद पड़ा दक्षिणी गेट

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दक्षिणी गेट का ताला पिछले करीब डेढ़ वर्ष से बंद होने के चलते मरीजों और तीमारदारों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी का उत्तरी गेट खुला रहता है। जबकि प्रयागराज हाईवे के सामने खुलने वाला दक्षिणी गेट पर अस्पताल प्रशासन द्वारा करीब डेढ़ वर्ष पूर्व ताला लगा दिया गया है। दक्षिणी गेट के सामने ही प्रयोगशाला, डॉट सेंटर, प्रसूता भर्ती वार्ड, जनरल वार्ड, ऑपरेशन थिएटर एक्स-रे रूम, हेल्थ एटीएम, ऑक्सीजन प्लांट तथा अस्पताल कार्यालय संचालित है। टीकाकरण एवं वैक्सीनेशन का कार्य भी होता है। गेट में ताला बंद होने के चलते लोगों को घूम कर दूसरे उत्तरी गेट से अस्पताल के अंदर जाना पड़ता है। प्रसूता महिलाओं को भी एंबुलेंस घूमकर उत्तरी गेट से लेकर जाती है। समाजसेवी दीप नारायण शुक्ला, धर्मेंद्र पांडेय एडवोकेट, नगर पंचायत के तेंदुआ माफी निवासी दिव्यांग कन्हैया लाल गौड, राम नायक तिवारी, सहित जागरूक लोगों द्वारा दिन में ओपीडी के समय महीनों से बंद अस्पताल के दक्षिणी गेट को खुला रखने की मांग की है। जिससे अस्पताल में जरूरतमंद को आने जाने में असुविधा का सामना न करना पड़े। इस संबंध में अधीक्षक से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## व्रत रखी हुई माताओं बहनों में सपा नेता ने वितरित किया फलाहार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक उपवास व्रत रखी हुई माताओं बहनों में समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने वितरित किया फलाहार शारदीय नवरात्र के मौके पर दिव्यांग सपा नेता पंडित समरजीत ने आज नवरात्रि के पावन महापौर पर नौ दिनों की उपवास व्रत रख रही ग्रामीण महिलाओं के बीच जाकर उन्हें फलाहार वितरित किया। विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के पिपरी जलालपुर निषाद बस्ती मैं पहुंचकर माताओ, बहनों तथा बच्चियों को फल वितरित करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है जिसमें व्रत रखने वाली हमारी माताओ बहनों को भी फल इत्यादि लेने में कठिन आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है महंगे दामों पर खाद्य पदार्थों के साथ-साथ हवन पूजन सामग्री तथा रोजमर्रा की चीजे आसमान को छू रही हैं। हमारे आदरणीय सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश भैया जी ने कहा है कि जहां-जहां हमारी गरीब माताएं बहने नौ दिनों की उपवास व्रत रखी हुई है तथा महंगाई के कारण फल इत्यादि खरीदने में कठिनाई आ रही है तो हमारे सपा कार्यकर्ता यथा संभव उन माताओ बहनों की मदद करने का काम करें।कुमकुम देवी, फूल कला, नीलम, पुष्पा देवी, राजरानी, मंगेशा, जनक लली, प्रियंका, रूबी, नीलम, सुनैना।

## मण्डलायुक्त व डीएम ने स्ट्रीट लाइटों व फुटपाथ निर्माण के कार्यों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आवागमन की उच्च स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने व श्री राम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालुओं की पहुंच सुगम करने के दृष्टिगत अयोध्या में निर्माणाधीन राम पथ पर सहादतगंज में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटों व फुटपाथ निर्माण के कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अधिकारी द्वय ने पथ के समस्त कार्यों को तीव्र गति से करने तथा समस्त स्ट्रीट लाइटों के पालों को संरेखण व लंबवत लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-3 ध्रुव अग्रवाल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | ए०एम०ओ०सी० (रिमूविंग, क्लीनिंग, रिपेयरिंग एन्ड रीफिटिंग) ऑफ 10800 नं० बायो-डिजस्टर टैंक्स ऑफ आई०सी०एफ०/एल०एच०बी० कोचेस विथ मटेरियल फॉर टू इयर्स। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 3,36,60,920.10 मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 3,18,300/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक- 25.10.2023 से 08.11.2023 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | -www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |

निविदा सूचना सं. 2023-ए.एम.वी.- सी एंड डब्लू ईनिविदा - 29 दिनॉक 14.10.2023 3208/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी बैठक का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई (बलरामपुर)**

थाना परिसर में बुधवार को आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा, दशहरा को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। थाना क्षेत्र के सभ्रांत व्यक्ति बैठक में शामिल हुए। थाना प्रभारी रिंकी गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई थाना प्रभारी ने एक-एक कर सभी से विस्तृत रूप से जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया की थाना क्षेत्र के अंतर्गत 76 दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जायेंगी।



दुर्गा पंडाल, महिला सुरक्षा, आग से बचाव, विद्युत सप्लाई, मूर्ति विसर्जन आदि के बारे मे विस्तृत रूप से सभी को जानकारी देते हुए कहा कि पंडाल में लाइटिंग कार्य में कटे हुए तारों का उपयोग बिल्कुल न करें। कई बार विद्युत करंट से दुर्घटनाएं सुनने को मिलती हैं। दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा महिला सुरक्षा और शान्ति माहौल बनाएं रखने हेतु पहले से ही रणनीति बना ले। थाना क्षेत्र में पूर्व से ही स्थापित की जाने वाली ही मूर्तियां स्थापित की जाएगी। यदि किसी को नई मूर्ति स्थापित करनी है। तो वह पहले उप जिलाधिकारी तुलसीपुर से अनुमति प्राप्त कर ले। यदि बिना अनुमति के किसी के द्वारा मूर्ति स्थापित की गईं तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि अश्लील गाने बिल्कुल न बजे धार्मिक आयोजन है धार्मिक गाने ही बजे। पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगी। यदि कहीं पर विवाद उत्पन्न होने की आशंका हो तो तत्काल डायल 112 व थाना के सीयूजी नम्बर पर सूचना दे। पंडाल के पास यदि किसी को शराब का सेवन करता पाया गया तो मशीन से जांच कर कार्रवाई जायेगी। हमेशा की तरह इस बार भी सभी लोग शांति माहौल में शारदीय नवरात्रि धूमधाम से मनाएं। इस मौके पर ग्राम प्रधान सूर्यलाल, प्रधान गणेश प्रसाद सोनी, सूर्यलाल गुप्ता, उत्तम दयाल, गोपीनाथ जायससवाल, धनीराम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अर्धविक्षिप्त अधेड़ युवक को नहला धुलाकर पहनाए नए कपड़े

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज अयोध्या।** सोमवार सुबह सड़क पर एक अधेड़ मैला कुचैला वस्त्र पहनकर इधर-उधर घूम रहा था निःस्वार्थ सेवा समिति प्रबंधक समाज सेवी हनुमान सोनी की नजर पड़ी तो समाजसेवी के पुराने अंदाज में आकर युवक को बैठाया जलपान ग्रहण कराया इसके पास उसे सीताराम घाट पर ले गए बड़ी-बड़ी बाल व दाढ़ी को बनवाया अपने हाथों से सैम्पू लगाकर रगड़ रगड़कर उसे नहलाया। उसके बदलते चेहरे की बानगी रविवार को गोसाईगंज में देखने को फिर मिली। हनुमान सोनी अर्धविक्षिप्त युवक को नहलाते और नया कपड़ा पहनाते दिखे। यह देखकर नगर में आने वाले भौचके रह गये। हर कोई समाजसेवी हनुमान सोनी के इस मानवीय चेहरे की तारीफ कर रहा था। सोनी ने बताया कि हमने इससे पहले और कई लोगों की इसी तरह सेव किया है हम इसे अपने आप को सौभाग्यशाली भाग्यशाली मानते हैं उन्होंने बताया कि क्या जाने किस रूप में आ जाए भगवान तो हम उसे भगवान समझकर सेवा करते हैं।

# देवीपाटन मंदिर परिसर में नए वनवासी छात्रावास का किया गया शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित मां पाटेश्वरी देवी मंदिर परिसर में थारू जनजातीय छात्र-छात्राओं के लिए नए वनवासी छात्रावास का शिलान्यास सोमवार को मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन करके किया।



शिलान्यास पूजन में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बलरामपुर चीनी मिल तथा तुलसीपुर शुगर कंपनी के अधिकारी भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर को देवीपाटन मंदिर परिसर में थारू जनजाति बच्चों के लिए वनवासी छात्रावास के लिए भूमि पूजन देवी पाटन मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी वैदिक मंत्रोचार के बीच विधि विधान के साथ पूजन अर्चन करके किया। देवीपाटन मंदिर परिसर में पहले से संचालित हो रहे थारू जनजातीय बनवासी छात्रावास के पास में ही नए बनवासी छात्रावास का निर्माण कराया जाना है। छात्रावास का निर्माण बलरामपुर चीनी मिल समूह द्वारा कराया जा रहा है।

बलरामपुर चीनी मिल के मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता ने तुलसीपुर शुगर कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार व अपर प्रधान प्रबंधक आशीष प्रताप सिंह के साथ शिलान्यास अवसर पर पूजन में प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से चीनी मिल अपने सामाजिक दायित्वों की पूर्ति करते हुए बनवासी थारू जनजातीय छात्रों के लिए तीन मंजिला अति आधुनिक सुविधाओं से लैस छात्रावास का निर्माण करने जा रहा है। करोड़ों की लागत से बनने वाले इस छात्रावास में 100 छात्रों के रहने की उचित व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल लगातार सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभा रही है। शिलान्यास के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप जिलाधिकारी व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित तमाम अधिकारी व मंदिर के कार्यकर्ता मौजूद रहे। भूमि पूजन का कार्य पंडित मातेश्वरी प्रसाद तिवारी व उनके सहयोगी टीम के विद्वान पंडितो द्वारा संपन्न कराया गया।

## दशरथ गद्दी के श्रीमहंत बृजमोहन दास महराज ने किया कुसुम वर्मा के भजन की शूटिंग का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

एक्टर सिंगर लखनऊ आकाशवाणी की एनाउंसर व बालिका इंटर कालेज की प्रचार्या कुसुम वर्मा द्वारा निर्मित राम भजन के एलबम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दशरथ गद्दी के श्रीमहंत बृजमोहन दास महराज के द्वारा भजन गा कर किया गया तथा पूरी टीम को शुभकामनाएं आशीर्वाद देकर एलबम की सफलता के लिए बधाई दी गई इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी रहे तथा उनके द्वारा राम मंदिर आंदोलन के लिए की गई पत्रकारिता की जम कर तारीफ की गई इस एलबम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर राम भजन राम की पैड़ी पर फिल्माया गया जिसमे कुसुम वर्मा के द्वारा अपने साथी कलाकारों के द्वारा राम की पैड़ी, फिल्माया गया है इस एलबम के डायरेक्टर राधेश्याम बन्दा वैरागी हैं जिन्होंने कई सफल एलबम व सीरियल बनाया है यह राम भजन दीपावली तक रिलीज हो जाएगा आप को बताते चले एक्टर सिंगर कुसुम वर्मा डीआईजी आजमगढ़ श्रीराम कृष्ण वर्मा की धर्मपत्नी हैं।



## तहसीलों के तहसीलदार होंगे जन सूचना अधिकारी, नियम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए डीएम ने दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम को तहसीलों में और अधिक प्रभावी बनाने एवं समुचित क्रियान्वयन तथा आम जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा आदेश जारी करते हुए तहसील में राजस्व विभाग से संबंधित जन सूचना की मांग की जाने पर सूचना ससमय उपलब्ध कराए जाने हेतु संबंधित तहसीलदार को जन सूचना अधिकारी एवं संबंधित उपजिलाधिकारी को प्रथम अपीलीय अधिकारी नामित किया गया है।

## महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने किया अयोध्या की रामलीला का भव्य शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के मंचन का रविवार की देर शाम शुभारंभ हुआ। रामनगरी अयोध्या के वशिष्ठ संतों ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया।

इस मौके पर रामलीला समिति के रंग महल मंदिर के महामंत्री रामशरण दास व समिति के सदुरु बधाई भवन के महंत राजीव लोचन शरण, डा. प्रभाकर मिश्रा उपाध्यक्ष विशाल मिश्रा भाजपा नेता, आलोक कुमार मिश्रा पूर्व पार्षद, अच्युतानंद पांडे मिंटू भाजपा नेता, विजय पांडे,



व्यवस्थापक चंद्रकांत स्वास्थी, राजू अवस्थी परमानंद पांडे, सामूहिक रूप से आए हुए अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा वर्षों से चली आ रही रामलीला का आज दूर-दूर तक प्रचार प्रसार है अयोध्या में बन रहे राम मंदिर से भक्तों में बहुत ही उत्साह दिख रहा है आने वाले समय में अयोध्या राम मय हो जाएगा राम जी की इस लीला को देखकर भक्त झूम उठे ऐसा लग रहा है पूरी अयोध्या राम मय हो गया। प्राचीन परंपराओं के अंतर्गत राजेंद्र निवास में हो रही रामलीला से अयोध्या बहुत मनमोहक दृश्य दिखाई दे रहा है अयोध्या सहित तमाम श्रद्धालु रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के मंचन का आनंद ले रहे हैं। और प्रभु श्री राम की मर्यादा को अपने जीवन में उतार कर जीवन को सफल बनाएं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एसएसबी 59वीं वाहिनी द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/बाबागंज/बहराइच।** एस एस बी 59वीं वाहिनी नानपारा के अधीनस्थ 'डी' समवाय द्वारा सोहनी बलाईगाँव के पंचायत भवन परिसर में नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर एवं मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन शक्ति सिंह ठाकुर कार्यवाहक कमांडेंट 59वीं वाहिनी के तत्वाधान में कराया गया। जिसमें डा. आर.पी. सिंह गौंड नेत्र चिकित्सक जिला अस्पताल बहराइच के द्वारा 11 पुरुष व 20 महिलाओं कुल 31 ग्रामीणों के आँखों में मोतियाबिंद का जाँच किया गया एवं डा. आकिब अजाज जिडीएमओ द्वारा 51 पुरुष 54 महिला व 21 बच्चे कुल 126 ग्रामीणों का चिकित्सीय जांच किया गया तथा चिकित्सीय टीम द्वारा नि:शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें साफ सफाई से रहने के बारे में भी बताया गया। इस शिविर के आयोजन के तहत सीमावर्ती गाँव सोहनी बलाईगाँव, अचकवा, पोंडा एवं मेढ़किया के ग्रामीण लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डा. आकिब अजाज जिडीएमओ द्वारा एड्स सर्दी के मौसम में फ़ैल रही विभिन्न संक्रमण बिमारियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान गौतम शर्मा सहायक कमांडेंट, ग्राम प्रधान रौशनी देवी तथा 59वीं वाहिनी के अन्य बलकर्मी व गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### केडीसी में अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऑटोनॉमस संस्था में शांतिपूर्ण शिक्षण के लिए आंतरिक सुरक्षा दल का गठन किया गया है जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ व अनुभवी शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। इन शिक्षकों के महाविद्यालय परिसर में लगातार भ्रमण करने से महाविद्यालय में अराजकता फैलाने वाले तत्वों के बीच हड़कंप मच गया है। वे महाविद्यालय की सीमा में प्रवेश करने से घबराने लगे हैं। कालेज के मुख्य द्वार पर ही सुरक्षा में नियुक्त कर्मी महाविद्यालय में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं के परिचय पत्र का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद ही महाविद्यालय में प्रवेश दे रहे हैं। विगत दो माह में महाविद्यालय की शांति को भंग करने के कई मामले प्रकाश में आए थे। इनको ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय के शिक्षकों डॉ. अजय प्रताप सिंह, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह, अजय त्रिपाठी, शैलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ.राम बदन वर्मा, रीता सिंह डॉ. प्रिया अग्रवाल सहित कई शिक्षकों को आंतरिक सुरक्षा दल का सदस्य बनाया गया है। इस दल के सक्रिय होते ही महाविद्यालय में शांतिपूर्वक सभी कक्षाओं का संचालन हो रहा है। हालांकि पहले से ही महाविद्यालय में प्रॉक्टोरियल बोर्ड गठित है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स व इलेक्ट्रिकल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने मनीष, सुशील महामंत्री

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** बहराइच इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल डीलर्स एसोसिएशन का चुनाव रविवार देर शाम होटल हर्ष पैलेस में सम्पन्न हुआ। चुनाव में मनीष मल्होत्रा को अध्यक्ष, सुशील भल्ला महामंत्री, इस्लामुद्दीन **पप्पू** वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सिद्धार्थ अग्रहरि व अमित गुप्ता को उपाध्यक्ष तथा राजेश वैश्य को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। इनके अतिरिक्त धीरेंद्र अग्रवाल को उपाध्यक्ष, हलीम अहमद व पंकज मातनहेलिया को सचिव, मानिक चावला व मोहम्मद गुफरान को संयुक्त सचिव तथा रामशंकर को आडीटर के पद पर नामित किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बहराइच शाखा के अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा की अध्यक्षता और महामंत्री दीपक सोनी **दाऊजी** व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन मातनहेलिया के पर्यवेक्षण में चुनाव सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने सभी डीलर साथियों का धन्यवाद अदा करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल्स ही नहीं हर ट्रेड के रिटेलरों की सबसे बड़ी लड़ाई आज आनलाइन ट्रेड से है। व्यापारी अपनी एकता के दम पर ही आनलाइन ट्रेड से लड़ सकेंगे। इसके लिए सबसे पहले हमें खुद की निजी खरीदारी में ऑनलाइन की बजाय नजदीक के दुकानदारों को वरीयता देनी होगी। महामंत्री सुशील कुमार भल्ला ने कहा कि बहुत शीघ्र अभियान चलाकर एसोसिएशन के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाएगी। बैठक में पदाधिकारियों व पर्यवेक्षकों के अलावा हलीम अहमद, पंकज मातनहेलिया, आयुश अग्रवाल, श्याम शुक्ला, मोहम्मद गुफरान, नीतेश कुमार, रवि वर्मा, ऐश्वर्य अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, मेराजुद्दीन सहित इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल्स ट्रेड के प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका, महामंत्री शीतल अग्रवाल, अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, महामंत्री दीपक सोनी दाऊजी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन मातनहेलिया व उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नयी टीम व्यापारी एकता की दिशा में मिसाल कायम करेगी।

### छात्राओं को बतायी गई महिला सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में मिशन शक्ति के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मिश्रा ने बताया कि मिशन शक्ति 4.0 अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित नीलम शुक्ला जिला समन्वयक महिला शक्ति केंद्र एवं शब्बो बेग़म वरिष्ठ सहायक जिला प्रोबेशन कार्यालय बहराइच ने छात्राओं को इस अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की एवं योजनाओं की जानकारी से सम्बंधित पैम्फलेट भी वितरित किये। उन्होंने बताया कि जागरूकता के अभाव में लोगों को शोषण और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। इसलिए सभी व्यक्तियों खासकर महिलाओं को कानून और नियम की समुचित जानकारी होनी चाहिए जिससे वे अपनी सुरक्षा कर सकें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### धूमधाम के साथ मनाई गई भारत रत्न ए.पी.जे अब्दुल कलाम जयंती

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए सामाजिक सेवा संस्थान कलाम फाउंडेशन ने भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन के नाम से विख्यात एपीजे अब्दुल कलाम जयंती को शिक्षक सम्मान समारोह के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन गोपाल त्रिपाठी रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आनंद पाठक, जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री राजकुमार सिंह जिला मंत्री प्रशासन बृजेंद्र प्रताप सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री सचिन्द्र पाठक जिला कोषाध्यक्ष एवं गांधी इंटर कॉलेज के प्राचार्य जसवंत सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विजय उपाध्याय रहे। कलाम फाउंडेशन के संरक्षक मेजर डा. एसपी सिंह ने मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण किया तथा अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राथमिक जूनियर एवं माध्यमिक शिक्षा के मार्च 2023 में सेवा निवृत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कलाम फाउंडेशन के संस्थापक अमर सिंह विसेन ने बताया कि सामाजिक उत्थान में सम्मिलित समाज के सभी वर्गों का सम्मान करना कलम फाउंडेशन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है तथा इस तरह के आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में कलम फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष (महिला विंग) दिव्या पोरवाल, प्रदेश सचिव संजय सिंह, साहित्यिक प्रकोष्ठ के संरक्षक रमेश चंद तिवारी, देशराज सिंह आजाद, समाजसेवी बलदेव प्रसाद पांडेय, बलराम पाठक, पत्रकार एवं शिक्षक पुण्डरीक पांडेय, राहुल पांडेय, जितेंद्र बाजपेयी, रोहित शर्मा समेत बहुत से समाजसेवी शिक्षक एवं गणमान्य अतिथि।

### जन्मदिन पर मलिन बस्ती में किया भण्डारा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में नियुक्त सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव ने अपने 34वां जन्मदिन वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित अपना स्कूल में पहुँचकर केक काटकर व सब्जी पूड़ी बाँटकर धूमधाम के साथ मनाया। 15 अक्टूबर दिन रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत रणजीत यादव ने माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए दीपक जलाकर किया। इसके उपरान्त कानपुर निवासी वीरेन्द्र सारस्वत द्वारा भेंट किये गए केक को रणजीत यादव ने काटकर बच्चों और अतिथियों में वितरित किया। अपना स्कूल के बच्चों ने खाकी वाले गुरुजी को उपहार देकर जन्मदिन की बधाई दिया। इसके बाद जयसिंहपुर वार्ड के सभी बच्चों के साथ उनके माता-पिता को बैठाकर सम्मान के साथ पत्तल में परोस कर सब्जी पूड़ी खिलाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजन यादव लोकोपायलट,अशोक यादव प्रबंधक विजय कृष्ण आईटीआई, धीरज श्रीवास्तव स्टेनो सीजेएम कोर्ट, शिल्पी चौरसिया लिपिक न्यायालय व अयोध्या कैंट जंक्शन के लोकोपायलट कुलदीप, आशीष, हेमंत, सुरेंद्र, अमन ने मिलकर छात्रा तराना को सिलाई मशीन भेंट किया।

# शारदीय नवरात्रि पर विशेष: रोहिलखंड मंडल के सबसे सुंदर मुक्ति धाम का काली मंदिर शक्तिपीठ भक्तों की आस्था का प्रमुख आकर्षण केंद्र बना

* राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मुक्ति धाम पर दो सोलर लाइट लगवा कर बढाई रौनक

जन एक्सप्रेस । अरुण भारद्वाज





**पीलीभीत।** नगाधिराज हिमालय की तलहटी, देवहुति, गंगा तट एवं सुरम्य वन सम्पदा से आच्छादित टाइगर रिजर्व पीलीभीत में रोहिलखंड मंडल का सबसे सुंदर एवं आकर्षक मुक्तिधाम देवहुति गंगा तट पर बना हुआ है। इस मुक्तिधाम परिसर में अति प्राचीन मां भगवती काली मां का मंदिर जहां एक ओर स्थापित है।
उसी के ठीक सामने अवढर दानी कैलाशपति भगवान शिव का भी प्राचीन मंदिर बना हुआ हैं। मुक्तिधाम के काली शिव मंदिर पर नगर के सैकड़ो श्रद्धालु जहां रोजाना पूजन अर्चन करने आते हैं। वही शारदीय नवरात्र एवं चैती चैत्र नवरात्र के अलावा अषाढ माह में भी सैकड़ो देवी भक्त शहर के देवी मंदिरों शक्तिपीठो के अलावा यहां पर आकर काली मां की पूजा अर्चना ही नहीं करते हैं। बरन कई तांत्रिक भी इस काली मंदिर पर आकर मुक्तिधाम में बगलामुखी काली मां दुर्गा मां आदि की पूजा अर्चना ध्यान अनुष्ठान हवन अनुष्ठान करके सिद्धियां प्राप्त करने आते हैं।
जिनमें प्रमुख रूप से बगलामुखी के अनन्य उपासक ध्रुव नारायण कपूर,काली के उपासक पत्रकार स्वर्गीय नीरज राज सक्सेना, पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट एवं शहर के विद्वान तांत्रिक चिंतामणि महाराज सहित अनेक नारी तांत्रिक भी इस काली मंदिर पर आकर सिद्धियां प्राप्त करने हेतु अनुष्ठान पूरी पूरी रात किया करते हैं। कहा जाता है कि इस काली मंदिर पर पूजा अर्चना करने वाले की सभी मनोकामनाएं काली मां एवं शिवजी पूरी करते हैं। मुक्तिधाम समिति कमेटी के अध्यक्ष परविंदर सिंह सैहमी, महामंत्री देवेश बंसल,सह सचिव एवं पत्रकार कुंवर ठाकुर अनिल सिंह, पूर्व महामंत्री दिलीप अग्रवाल गुड्डू, मनोज पटेल, संजय अग्रवाल सीए, कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल पीपल वाले सहित सभी कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा इस मुक्तिधाम को वर्षो पूर्व सजाने संवारने में पूरा योगदान किया गया।
यह मुक्तिधाम पूरे रोहिलखंड मंडल में अपनी अलग पहचान अपनी सुंदरता के कारण रखता हैं।
इस मुक्तिधाम पर करीब दो-तीन वर्ष पूर्व गन्ना विकास एवं चीनी मीले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा दो पैनल सोलर लाइट लगवाकर इस मुक्तिधाम एवं श्रद्धा स्थल को सजाने संवारने में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया गया हैं। वहीं मुक्तिधाम कमेटी के पूर्व महामंत्री दिलीप अग्रवाल गुड्डू द्वारा इस मुक्तिधाम पर बहुत सुंदर फुलवारी बनाने के साथ ही इस शमशान भूमि पर अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने आने वाले लोगों के लिए बहुत सुंदर सेड का निर्माण भी किया गया है। वहीं दूसरी तरफ पश्चिम दिशा में कैलाश पर्वत का स्वरूप बनवाकर उस पर भगवान शिव जी की बहुत सुंदर प्रतिमा स्थापित की गई है। जिस पर बहने वाले झरने से यहां की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं।
इस मुक्तिधाम पर पहले एक औघड़ बाबा कुटिया डालकर रहते थें। लेकिन अब कुछ वर्ष पूर्व वह यहां से कहीं और चले गए इस मुक्तिधाम पर काली के शक्तिपीठ पर पीलीभीत के सैकड़ो श्रद्धालु रोज आकर पूजा अर्चना करते हैं। हवन अनुष्ठान करके अपनी मनौतिया मां काली से मांगते हैं। और काली मां सभी की मनचाही मनौतिया सदैव पूर्ण करती हैं। यह काली मंदिर बरसों से देवी भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ हैं।

# दुखद: हाथियों के हमले में किसान की मौत

* घर से 30 मीटर की दूरी पर धान के खेत मे पड़ा मिला किसान का शव
* घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची वन विभाग की टीम और स्थानीय पुलिस

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** क्षेत्र में कई दिनों से विचरण कर रहे जंगली हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। दर्जनों किसानों की कई एकड़ फसलों को हाथी नष्ट कर चुके है। बीती रात जंगली हाथी ने धान के खेत की रखवाली करें एक किसान को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगती ही परिजनों को परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही दुधवा टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय वनाधिकारी वन विभाग की टीम के साथ गांव पहुँच गए। सूचना सेहरामऊ उत्तरी थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँच गए। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव चलतुआ निवासी 60 वर्षीय किसान गोपी पुत्र पूजन खेत की रखवाली कर रहे थे। ये खेत के किनारे धान की खेत की रखवाली करने के लिए खेत के पड़ोस में बनी झोपड़ी में सोते थे। बीती रात करीब दो बजे जंगली हाथी ने झोपड़ी में सो रहे किसान गोपी को पटक पटक कर मार डाला। भनक लगने पर परिजन नींद से जागे तो जाकर देखा कि झोपड़ी से 20 मीटर की दूरी पर गोपी का शव मृत अवस्था पड़ा हुआ था। परिजनों ने जंगली हाथियों को भी जाते हुए देखा है। मौत की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना गांव के ग्राम प्रधान अनिल कुमार को दी गई। ग्राम प्रधान की सूचना के बाद सोमवार सुबह सूचना पर तत्काल उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया खीरी-क्षेत्रीय वन अधिकारी किशनपुर गए स्टाफ के साथ मौके पर पहुँचे सरना स्थल का भली-भांति निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बना स्थल पर जंगली हाथी के पैर के निशान मिले और झोपड़ी के निकट शव पड़ा हुआ पाया गया। सूचना पर पहुंचे सेहरामऊ उत्तरी थाना अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक के शव को कब्जे मिले पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद गांव व क्षेत्र में हाथियों की दहशत से हड़कंप मचा हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एक्सप्रेस-वे पर मृतक पशु से टकराया वाहन



**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक चिकित्सक दम्पत्ति परिवार सड़क पर मरे हुए पशु के कारण बड़े हादसे का शिकार हो गये। घटना में चिकित्सक दम्पति मामूली रुप से घायल हो गये। वहीं कार से बाहर आने के बाद आग लग गया। कार पूरी तरह जल कर खाक हो गया। वहीं पूरा परिवार सदमे में हैं। नगर के डिहवा भादी गांव निवासी बाल रोग विशेषज्ञ डा महफूज अहमद अपनी पत्नी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा सहरोजा बानो व दो बच्चों उमर व शहनाज के साथ पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से शनिवार रात अपनी कीया कार से लखनऊ जा रहें थे। सुल्तानपुर एयर स्ट्रिप के पहले सड़क पर एक गोवंश मरा पड़ा था। जिसे चालक डा महफूज देख नहीं पाये। टक्कर के बाद कार पलट विपरीत दिशा की ओर मुड़ गया। आनन फानन में ड्राइवर साइड से चारों लोग बाहर आये। बाहर निकलने के बाद कार धू धू कर जलने लगा। बताया जाता है कि दुर्घटना के बाद कार का एयर बैग खुल गया। वहीं सभी के बाहर आने के बाद कार जली। शुक्र रहा कि कार आटो लाक नहीं हुआ वरना बड़ा हादसा सम्भव था। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी के बाद शुभचिंतकों का तांता घर पर लगा हुआ है।

### पुलिस की सक्रियता से गायब बच्चा आठ घंटे में बरामद



**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र स्थित सेमरी डिहवा से रविवार को अपरान्ह 2 बजे रहस्य मय ढंग से गायब हुआ बच्चा पुलिस की सक्रियता से 8 घंटे के भीतर ही बरामद कर लिया गया ।देर रात 11 बजे मीरगंज की जंघई पुलिस चौकी इंचार्ज रामविलास प्रतापगढ़ से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार जंघई से मुंगराबादशाहपुर मार्ग पर रविवार को 12 वर्षीय अनिकेत पुत्र राजेश कुमार मौर्य टहल रहा था कि दोपहर 2 से 3 के बीच वह अचानक गायब हो गया ।चर्चा रही कि किसी बाइक सवार ने उसे अगवा कर लिया है। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था। शाम को परिजनो से लिखित तहरीर पाकर मीरगंज पुलिस सक्रिय हो गई। फोटो को आस पास के जिलों में विभागीय तौर पर भेज कर सहयोग की मांग की गई थी। रात 8 बजे किसी अज्ञात ने परिजनो को बताया कि आपका बेटा प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म 1 पर बैठा है। आप ले जाएं सूचना पाकर परिजनों समेत ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार गुप्ता एसआई रामविलास उसे रात 11 बजे सकुशल बरामद कर घर ले आए।

### मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर सचिव हुए निलंबित

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** विकासखंड सुजानगंज ब्लाक में कार्यरत सचिव भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण निलंबित होने का मामला प्रकाश में आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार करौरा ग्राम सभा में ग्राम सचिव द्वारा पंचायत सहायक के चयन की कार्रवाई नियम पूर्वक पूर्ण नहीं कराए जाने के संदर्भ में ग्राम सचिव द्वारा गांव मे बगैर बैठक कराये ही तथा फाइल पर गांव के प्रधान रेनू देवी (अध्यक्ष) के बगैर साइन के ही पंचायत मित्र का नियुक्ति को लेकर ग्राम प्रधान करौरा ने मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत की थी जिसके संदर्भ में उच्च अधिकारियों ने स्पष्टीकरण मांगा था स्पष्टीकरण न देने के आरोप में शासन द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करते हुए तात्कालिक सचिव विनय कुमार जायसवाल को प्रभाव से निलंबित किया गया है इसी क्रम में कुछ माह पूर्व सुजानगंज ब्लाक स्थित सरकारी धन के गबन मामले में सचिव विनोद सरोज,पुरुषार्थ यादव को भी शासन द्वारा निलंबित किया गया है। कहीं ना कहीं क्षेत्र में सचिवों के माध्यम से होने वाले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु उच्च अधिकारी तत्पर दिख रहे हैं सुजानगंज ब्लाक पर कार्यरत सचिवों में दहसत जैसा माहौल है।

# व्यापार का पहला पायदान लघु उद्योग से ही शुरू होता है उसके बाद ही व्यक्ति बड़ा व्यापारी बनता है: नंदकिशोर कश्यप

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक रामस्वरूप पार्क में संगठन के जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में रेडी पटरी एवं लघु उद्योग से जुड़े व्यापारियों ने हिस्सा लिया और सैकड़ो की संख्या में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रेडी पटरी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक का संचालन करते हुए लघु उद्योग एवं रेडी पटरी के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर कश्यप ने कहा व्यापार का पहला पायदान लघु उद्योग से ही शुरू होता हैं। इसके बाद ही व्यक्ति बड़ा व्यापारी बनता हैं। पीलीभीत में एकमात्र संगठन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ही ऐसा है जिसमें सभी व्यापारियों को सम्मान और अधिकार बराबर का दिया जाता है। अगर किसी भी व्यापारी के साथ कोई भी उत्पीड़न या हनन होता हैं। तो हम सब व्यापारी एकजुट होकर उसको न्याय दिलाने का कार्य करते हैं। आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से सैकड़ो की संख्या में रेडी पटरी से जुड़े व्यापारियों ने उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की सदस्यता ग्रहण की यह बहुत ही हर्ष और गौरव का विषय है। युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा कि आप सभी का सम्मान सदैव होता रहेगा और आपके सम्मान की लड़ाई को हम सब कंधे से कन्धा मिलकर लड़ेंगे। इस अफसर पर युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, आशीष लोधी नगर अध्यक्ष, जिला महामंत्री मनोज पांडे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सुनील शर्मा पान वाले, सूरज राठौड़, संजय कश्यप, हनी, राजू टाइपिस्ट वीरेंद्र पांडे चंदन भाई जुबेर बाल कटिंग वाले सैकड़ो की संख्या में व्यापारियों ने लघु उद्योग एवं रेडी पटरी की सदस्यता ग्रहण की जिला अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# तेज हवा के साथ स्कूली बस पर गिरा विशालकाय पेड़, बचे छात्र

* ट्रांस शारदा क्षेत्र में मूसलाधार बारिश और ओले गिरने से जन जीवन अस्त व्यस्त

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




**हजारा(पूरनपुर)।** सोमवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र में अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और देखते ही देखते तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश एवं तेज गति से आंधी तूफान चलने लगा साथ ही ओले गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो उठा तो तेज आंधी के चलते एक विशालकाय पेड़ स्कूल बस के ऊपर गिर जाने से एक बड़ी दुर्घटना होने से बाल बाल बची है। ट्रांस शारदा क्षेत्र में सोमवार को मौसम का मिजाज एकाएक बिगड़ गया और आसमान में काले बादल छा गए दिन में ही अंधेरा छा गया देखते ही देखते आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट के साथ मूसलाधार बारिश होने लगी कुछ समय बाद बारिश के साथ-साथ ओले भी गिरने लगे तेज हवा के कारण जहां गन्ने की फैसले गिर गई हैं तो वही पड़ोसी जिला लखीमपुर खीरी के थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के अंतर्गत सोनिया इंटरनेशनल स्कूल मझरा की स्कूल बस यूपी 66 टी-5165 छात्रों और शिक्षकों को लेकर हजारा थाना क्षेत्र के गांव शांति नगर होते हुए मुरैना गांधीनगर की तरफ जा रही थी कि अचानक तेज हवा के कारण एक विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ कर स्कूली बस के ऊपर जा गिरा स्कूली बस पर पेड़ गिरते ही आसपास ग्रामीण में चिख पुकार मच गई मौके पर पहुंचे शांति नगर निवासी अवधेश राजभर अशोक नगर ग्राम प्रधान नीलम देवी के पति सूर्यभान सहित अन्य दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचकर छात्रों एवं अध्यापकों को बस के अंदर से सकुशल बाहर निकाला। ग्रामीणों ने संपूर्णानगर वन विभाग एवं हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार को सूचना दिया जिस पर थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम मौके पर भेजकर बचाव कार्य कराते हुए हाइड्रा मंगाकर पेड़ को बस के ऊपर से हटवाया और बस को रवाना किया है।ग्रामीण एवं छात्र शिक्षक काफी भयभीत थे कि आज कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी गनीमत यह रहा कि उधर से गुजर रही 11000 बोल्ट के तार भी पास से गुजरे हैं लाइट न होने की वजह से दुर्घटना से बचाव हो गया है लाइट होती तो एक बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

# गालीबाज लेखपाल ने कहा बीडीओ माधर.... सेक्रेटरी भोस.... वाले का हूँ नौकर, नहीं लगाऊंगा रिपोर्ट

* बरसात के कारण कच्चा मकान गिरने की रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपाल ने मांगा था दो हजार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बीडीओ, सेक्रेटरी और पिड़ित को गाली देने वाले गालीबाज हल्का लेखापाल की शिकायत सोमवार को पिड़ित ने जिलाधिकारी अनुज झाँ से किया। जिलाधिकारी ने पिड़ित को आश्वासन दिया है कि जल्द ही जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विकासखंड सरकोनी क्षेत्र के हौज उचवांपर गांव निवासी राजकुमार ने बताया कि बीते 16 जुलाई को बरसात के कारण उसकी कच्चा मकान पूरी तरह गिर गया । मकान गिरने के बाद प्राकृतिक आपदा की धनराशि का लाभ लेने के लिए उसने जिलाधिकारी सहित अन्य कई जगहों प्रार्थना पत्र दिया । राजकुमार के एक प्रार्थना पत्र में सेक्रेटरी ने बरसात के कारण कच्चा मकान गिरने की रिपोर्ट लगाई थी परंतु प्राकृतिक आपदा धनराशि के लाभ के लिए हल्का लेखपाल की रिपोर्ट जरूरी था। आरोप है कि हल्का लेखपाल विक्रांत चौहान पिड़ित राजकुमार को कई महीनो से दौड़ा रहा था और रिपोर्ट लगाने के नाम पर दो हजार रुपयों की मांग कर रहा था। गरीबी के कारण उसके पास पैसा नहीं जूट पा रहा था और वह बीते बृहस्पतिवार रिपोर्ट लगवाने के लिए हल्का लेखपाल से मिलने जौनपुर कलेक्ट्रेट गया तो लेखपाल देखते ही उसपर भड़क गया और गुस्से में उसको गाली तो दिया ही साथ में बीडीओ, सेक्रेटरी,को भी गाली देने लगा। और कहने लगा की मै बीडीओ माधर...द का और सेक्रेटरी भोस.. वाले का नौकर नहीं हूँ तुम्हें जहां जाना हो जाओ तुम्हारा रिपोर्ट नहीं लगाऊंगा। वहां मौजूद किसी ने गालीबाज लेखपाल का रिकॉर्डिंग बना लिया है जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।
इस संबंध में सेक्रेटरी रामाश्रय मौर्य ने लेखपाल विक्रांत चौहान की घोर निंदा करते हुए कहा कि पढ़े लिखे के मुंह से ऐसी अशोभनीय भाषा सुनकर मैं हैरान हूं। ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में हल्का लेखपाल विक्रांत चौहान कुछ भी बोलना उचित नहीं समझा और फोन को काट दिया।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों को देखा। इसके साथ ही साथ उन्होंने फॉल सीलिंग के कार्य को देखा और उसकी गुणवत्ता परखी, फॉल सीलिंग के अधूरे कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तेजी से कराने के निर्देश दिये। लेक्चर हॉल में कराये जा रहे कार्य को देखा। निरीक्षण के दौरान लेक्चर हॉल एसीओ पैनल, सेन्टरल रिसर्च लैब, मेडिकल एजुकेशन रूम, गर्ल्स हॉस्टल, शौचालय, गर्ल्स कॉमन रूम, एकेडमी ब्लाक बी, टाइप-2 व 3 रूमों, विद्युत फिटिंग व्यवस्था सहित अबतक कराये गये कार्यों को देखा। एकेडमी ब्लॉक बी में प्लास्टर के कार्य को तेजी से कराने के निर्देश दिये। सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि अतिरिक्त लेबर लगाकर कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि समस्त कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित संस्था के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि मेडिकल कॉलेज में विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाऐं कराने के निर्देश दिये। जिससे कि सत्र 2023-24 एकेडमिक सेशन में यहां पठन पाठन शुरू कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासीअभियन्ता लोक निर्माण विभाग सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाउस नंबर प्लेट के नाम पर पचास-पचास रुपए लेकर गांव गांव काटी जा रही रसीदें

* गांव वालों ने ऐसे लोगों को पुलिस से भी पकड़वाया था

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

> “यह लोग अबैध उगाही कर रहे हैं। इन्हें पहले लेटर जारी किए थे पर बाद में कैंसिल कर दिए गए।
> –एडीओ, पंचायत बरखेड़

> “इन लोगों को एडीओ पंचायत ने लेटर जारी किया था। हमारी तरफ से लेटर को कैंसिल कर दिया गया हैं।
> –डीपीआरओ पीलीभीत

बरखेड़ा क्षेत्र सहित जनपद पीलीभीत में इस समय 50-50 रूपया लेकर काटी जा रही है ब्लाक के 50 प्रतिशत से अधिक ग्राम पंचायतों में ब्लाक कर्मचारी वनकर लोगों से लाखों रुपए की बसूली की जा चुकी है। गांव के कुछ जागरूक लोगों ने वताया की सरकार हर बड़ी योजना और सुविधा निशुल्क दे रही है तो फिर इतनी सी बात के पचास रुपए क्यों। वहीं रसीद काटने वाले लोग ग्राम प्रधान को साथ लेकर रसीद काटते हैं जिससे गांव का आदमी विश्वास कर लेता है उक्त रसीद काटने बाले युबक से वात की तो पता लगा की इन लोगों के पास एडीओ पंचायत थाना सहित अन्य विभागों की साइन मोहर किया हुआ लेटर भी है। जिसे दिखाकर ग्रामीणों को ठगा जा रहा हैं। कुछ गांव वालों ने ऐसे लोगों को पुलिस से भी पकड़वाया था किंतु सांठगांठ के चलते कार्रवाई नहीं हुई।

# कलाम मेमोरियल अवार्ड से नावाजे गये जयशंकर दुबे




* पुरे देश के 50 युवाओं का चयन किया गया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर तहसील क्षेत्र के लेदुका गांव निवासी शिक्षक जय शंकर दुबे को आशा प्रतिष्ठा चेरिटेबुल ट्रस्ट राज नीति की पाठशाला,वन इंडिया इंटर नेशनल सेंटर नयी दिल्ली में कलाम कि जयंती पर आयोजित कलाम को सलाम का मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसको लेकर शिक्षक सहित कांग्रेस कार्य कर्ताओं में ख़ुशी का माहौल है। संस्था के अनुसार यह अवार्ड सामाजिक आर्थिक राजनैतिक देशहित में कार्य करने वाले देश के युवाओ को दिया जाता है। इसी क्रम में पुरे देश के 50 युवाओं का चयन किया गया है। जिसमें 10 युवा उत्तर प्रदेश से चयनित थे। जनपद जौनपुर के लेदुका निवासी शिक्षक व उत्तर प्रदेश कांग्रेस विचारविभाग के महासचिव जय शंकर दुबे प्रवक्ता श्री कृष्णदेव इंटरकालेज मंगारी नेवा दा वाराणसी को सम्मानित किये जाने पर शिक्षक समु दाय के साथ साथ कांग्रेस पार्टी खेमे में ख़ुशी की लहर व्याप्त है। कार्यक्रम में पूर्व मेयर नार्थ दिल्ली आदेश गुप्ता पूर्व न्यायाधीश हाईकोर्ट मुंबई बी जी कोलसे पाटिल एवं दिल्ली के पूर्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल भारद्वाज़ तथा विनोद नागर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मछुआरा समाज को जानबूझकर कर पिछड़ी जाति में डाला गया: सरवन निषाद

* सपा, बसपा और कांग्रेस पर हमलावर हुई निषाद पार्टी
* अब्बोपुर में निषाद राज की मूर्ति और मंदिर का हुआ शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



निषाद पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी व विधायक सरवन निषाद ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साँधा है। उन्होंने कहा कि सरकारों ने मछुआरा समाज को आरक्षण के नाम पर सिर्फ़ छला है उन्हें हक़ देने के बजाए अनुसूचित जाति से हटाकर पिछड़ी जाति में शामिल कर लिया। पार्टी सुप्रीमों के नेतृत्व में सूबे भर में उन्हें आरक्षण दिलाने के महाजनसंपर्क यात्रा प्रारंभ हुआ है। वह सोमवार को खेतासराय थाना क्षेत्र के अब्बोपुर बाज़ार में निषाद राज की मूर्ति और मंदिर शिलान्यास के मौक़े पर बतौर मुख्यातिथि सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समाज को पिछड़ी जाति में डालने वाले धोखेबाज है । उन्हें धोखा दिया गया है। भगवान राम की नैया पार कराने वाले निषाद वंशजो को सत्तर साल तक पव्वा पिलाकर बर्बाद किया गया। लेकिन अब ऐसा नही होगा। निषाद पार्टी पावर के लिए लड़ेगी। समाज को जागरूकता के लिए यह अभियान जारी रहेगा। पूर्व की सरकार ने मछुआरा समाज को अनुसूचित जाति से हटाकर ओबीसी में शामिल किया है। मेरी मांग है उन्हें अनुसूचित जाति में आरक्षण दिया जाए। विशिष्ट अतिथि विधायक रमेश सिंह ने कहा कि निषाद और एलायंस पार्टियों के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी की पुनः केंद्र में सरकार बनेगी उन्होंने कहा कि योगी मोदी की सरकार में विकास की गति बढ़ी है उन्होंने कहा कि शाहगंज विधानसभा के 30 वर्षों के सुखे को पाटने का काम कर रहा हूं और जल्द ही मेरा प्रयास है कि शाहगंज विधानसभा को प्रदेश में मॉडल विधानसभा के रूप में जाना जाए इसके लिए दृढ़ संकल्पित है सभा को मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह ने भी संबोधित किया ।इस से पूर्व निषाद राज की मंदिर का भव्य शिलान्यास हुआ ।अध्यक्षता चंद्रेश निषाद जबकि संचालन जितेंद निषाद ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अजीत सिंह श्री प्रकाश शुक्ला रीगन सिंह अमन वर्मा डॉ चन्द्रजीत निषाद, संदीप बिन्द, त्रिलोकी बिन्द प्रधान, डॉ चंद्रिका प्रसाद, राम अवतार, उमेश, चंदन कुमार समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा का मजबूत संगठनात्मक ढांचा किसी भी चुनौती में परिणाम देने में सक्षम: राकेश त्रिवेदी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




भाजपा का मजबूत संगठनात्मक ढांचा किसी भी चुनौती में परिणाम देने में सक्षम उक्त बातें डा राकेश त्रिवेदी भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित वोटर चेतना महाभियान की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने आगे कहा कि वोटर चेतना महाभियान प्रत्येक दहलीज पर पहुंचने का अभियान है प्रत्येक 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवाओं, विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान, बूथ से अन्यत्र निवास करने वाले तथा बूथ पर नए आये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या नाम कटने का कार्य तथा दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करना है।आगामी दिनों में होनी वाली मंडल कार्यशालाओं में पूर्ण जानकारी पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने का काम करें। ताकि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य सफल हो और प्रत्येक पात्र व्यक्ति मतदाता बन सके। अभियान में पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा प्रत्येक जनप्रतिनिधि की सहभागिता सुनिश्चित किया जाए। भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में तमाम दलों के गठबंधन के बावजूद भाजपा को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिला था। नगरीय निकाय, पंचायत तथा सहकारिता के चुनावों में भाजपा ने ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है। ऐसे में भाजपा का मजबूत संगठनात्मक ढांचा किसी भी चुनौती को स्वीकार करके परिणाम देने में सक्षम है। अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ई अमित श्रीवास्तव सुधाकर उपाध्याय रवीन्द्र सिंह राजू दादा राज पटेल अवधेश यादव डा रामसूरत मौर्य शशि मौर्य बृजेश यादव धीरू सिंह अजीत प्रजापति भूपेन्द्र सिंह विपिन द्विवेदी ओमप्रकाश सिंह आमोद सिंह रोहन सिंह अम्बरीश धर द्विवेदी नरेन्द्र उपाध्याय रागिनी सिंह अनिल गुप्ता दिव्यांशु सिंह अजय सरोज अजय सिंह जितेंद्र सिंह राजकुमार जायसवाल आशीष गुप्ता पंकज सिंह प्रबुद्ध दुबे मण्डल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा बलबीर गौड़ विनोद मौर्य लवकुश सिंह अजय मिश्रा शैलेस सिंह भूपेश सिंह अमित श्रीवास्तव विकास शर्मा राजकेशर पाल मदन सोनी धर्मेंद्र मिश्रा भीम सिंह संतोष गुप्ता मण्डल महामंत्री सिद्धार्थ सिंह दिनेश सिंह उमेश सिंह चिंताहरण शर्मा देवी अजीत सिंह विकास सहित शैलेन्द्र दुबे सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रिकार्ड मतों से जीतेगी भाजपा: प्रियंका रावत

* वोटर चेतना महाभियान में बोलीं प्रदेश महामंत्री
* हर विधानसभा में 21 हजार नव मतदाता बनाने का दिया लक्ष्य

जन एक्सप्रेस। दीप कृष्णा शुक्ला


कार्यशाला को संबोधित करती प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत।

उन्नाव। नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए भाजपा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए 'वोटर चेतना महाभियान' चला रही है। इस संबंध में पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सोमवार को कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिये कुछ संगठनात्मक संरचना बनायी जा रही है। प्रदेश क्षेत्र, जिला, विधानसभा मतदाता प्रमुख एवं मण्डल स्तर पर मतदाता प्रमुख बनाये गये हैं। जो वोटर चेतना अभियान के संयोजक की भूमिका निभायेंगे। नवंबर/दिसंबर माह में आयोग द्वारा घोषित 6 विशेष मतदाता अभियान तिथियों को जोड़कर प्रत्येक बूथ पर घर-घर संपर्क अभियान भी चलाना है। संपूर्ण अभियान में सभी प्रकार के जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए उनको वोटर चेतना अभियान टोली में सम्मिलित करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की पहचान पूरे विश्व में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है। बड़ी संख्या में समाज के हर वर्ग के लोग भाजपा से जुड़ रहे है। प्रत्येक विधानसभा में 21 हजार नव मतदाताओं को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि हम लोकसभा चुनाव में सभी रिकॉर्ड तोड़ेंगे पिछली बार इतनी बड़ी जीत का रिकार्ड भी टूटेगा। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने प्रत्येक मंडल की कार्यशाला कर योजना बनवाएंगे आईटी, सोशल मीडिया सभी ऑनलाइन मतदाता बनाने पर विचार करेंगे। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र वर्मा, विधायक बृजेश रावत, श्रीकांत कटियार, बम्बा लाल दिवाकर, मंचासीन रहे।

## लखनऊ पुलिस ने चोरी का माल बरामद करने के बाद तीन युवकों को छोड़ा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

लखनऊ क्राइम ब्रांच व थाना मलिहाबाद पुलिस ने शनिवार देर रात दही थाना क्षेत्र के गांव में दबिश देकर तीन लोगों को उठाया था। जिनके पास से चोरी का खरीदा गया माल भी पुलिस ने बरामद किया था। हलांकि रविवार शाम को तीनों युवकों को पुलिस ने छोड़ दिया। वहीं अजगैन कोतवाली क्षेत्र से हिरासत में लिए गए दो युवक अभी भी पुलिस की गिरफ्त में हैं। बता दें कि दही थाना क्षेत्र के मुर्तजा नगर में भाजपा नेता के बड़े भाई सुनील, राहुल, अंकित, उसके बहनोई अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बाराखेड़ा निवासी के माध्यम से चोरी की बैटरी इनवर्टर सहित अन्य सामान एक माह पूर्व खरीदा था। लखनऊ के मलीहाबाद थाना की पुलिस और क्राइम ब्रांच वहां हुई एक चोरी की जांच के दौरान अजगैन के बाराखेड़ा पहुंची जहां से दो चोरों को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर लखनऊ पुलिस शनिवार को दही थाना क्षेत्र के मुर्तजा नगर पहुंची जहां से तीन लोगों को रात को पुलिस ने उठा लिया। उनके पास से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। जबकि गांव में ऐसी चर्चा रही की पुलिस कुछ बैटरी और सामान लेकर गई है। दही थाना क्षेत्र के तीनों लोगो को पुलिस ने रविवार को छोड़ दिया था।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तगादा मांगने पर कर्जदार ने की मारपीट 22 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र में उधारी का पैसा मांगने गए युवक पर कर्जदार ने लाठी डंडो से हमला कर घायल कर दिया था। 22 दिनों ने चक्कर काट रहे पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अब जाकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम दौलत खेड़ा निवासी मुकेश कुमार पुत्र रामदयाल पासी ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उससे गांव के अमित कुमार पुत्र कृपा शंकर ने किसी जरूरी कार्य के लिए पैसा उधार लिया था। जब पीड़ित ने दिए गए उधार पैसों की मांग की तो अमित कुमार ने पीड़ित के घर पर चढ़कर लाठी डंडों से बे रहमी से पीटा जिससे उसके शरीर पर गहरी चोट आने के साथ दाहिना पैर टूट गया। घटना 22 सितंबर 2023 को हुई थी। घटना के लगभग 22 दिन बाद पुलिस ने मारपीट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है।

### अलग-अलग गांव में हुई मारपीट , दस घायल

जन एक्सप्रेस/सफीपुर/उन्नाव। अलग-अलग गांव में हुई मारपीट की घटनाओं में दस लोग घायल हो गए। घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। आसीवन थानाक्षेत्र के गांव परसौरा निवासी शिवकुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पिता परमेश्वर दिव्यांग हैं। उन्हें मुख्यमंत्री आवास मिला है उसे बनवा रहे थे। रविवार देर रात घर के सामने फैली बालू समेट रहे थे। तभी नशे में धुत पड़ोसी मुनीम ने गालियां दे दी। विरोध करने पर साथियों के साथ आकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में दिव्यांग पिता परमेश्वर (62), भाई वेदकुमार, रामकुमार, भतीजी गीता देवी (14) और मां लज्जावती घायल हो गईं। वहीं मुनीम पक्ष से उसके पिता भैयालाल, महेंद्र, रानी पत्नी राजेश और अमित उर्फ मतोले पुत्र राजेश घायल हो गए। घायल परमेश्वर को सीएचसी में इलाज चल रहा है। दूसरी घटना में थानाक्षेत्र के उत्साह निवासी बाइक सवार सोना व रामप्रसाद ने गांव के संतोष पुत्र छंगा को टक्कर मार दी। विरोध करने पर दोनों ने संतोष को पीट दिया। उसका सीएचसी में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि परसौरा में हुई मारपीट में दोनों पक्षो की ओर से मिली तहरीर के अनुसार व उत्साह निवासी घायल संतोष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सपा पदाधिकारी ने कटवाया पीपल का पेड़, सभासद प्रतिनिधि ने दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। सपा के जिला महासचिव के गेस्ट हाउस के बाहर खाली जमीन पर पीपल का पेड़ कटवा दिया गया। इसकी जानकारी होने पर वार्ड के भाजपा सभासद प्रतिनिधि ने सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
नगर पालिका के क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 अकरमपुर निवासी गेस्ट हाउस मालिक उजैर अहमद सपा में जिला महासचिव हैं। ओरियंटल पैलेस के नाम से उनका गेस्ट हाउस चलता है। उसी गेस्ट हाउस के सामने खाली पड़ी जमीन में काफी पुराना पीपल का पेड़ खड़ा हुआ था। जिसे कटवा दिया गया। सभासद प्रतिनिधि सर्वेश ने तहरीर दी है कि पीपल का हरा पेड़ कटाया जाना गलत है। अभी कोरोना काल में लोग ऑक्सीजन के लिए तरसे थे। ऐसे में जिस पेड़ से मनुष्य को ऑक्सीजन मिलती है और उसका जीवन सुचारू रहता है। उसी पेड़ को कटवाया जाना गलत है। जिला महासचिव का कहना है कि उन्होंने पेड़ कटवाने की वन विभाग से परमिशन ली थी। कोतवाल अश्वनी मिश्र ने बताया कि सभासद प्रतिनिधि की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सर्प दंश से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। घर की सफाई के दौरान युवक को सांप ने डंस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। औरास थानाक्षेत्र के गांव टिकरा निवासी कमलेश (40) सोमवार भोरपहर करीब चार बजे घर के बाहर पीछे सफाई कर रहा था। तभी उसे सांप ने डस लिया। हालत बिगडने पर परिजन सीएचसी लाए। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत से घर में कोहराम मच गया। पति की मौत से पत्नी अनीता और दो बच्चों में पारुल और आयुष हैं। मृतक की मां यशोदा की बीमारी से कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। मृतक के पिता भी मानसिक बीमार रहते हैं। पुलिस न शव का पोस्टमार्टम कराया है। पत्नी ने बताया कि पति मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते थे।

### महिला ने पति देवर ससुर पर मारपीट का आरोप लगाया

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर थाना क्षेत्र मे एक तरफ पुलिस नारी शक्ति, नारी सम्मान फेस 4 का बखान करने में जुटी है तो दूसरी तरफ उनके ही क्षेत्र में महिलाए सुरक्षित नही है। क्षेत्र के मीरपुर बिलहान गांव निवासी महिला ने पति समेत ससुर देवर पर मारपीट का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। गांव निवासी महिला मधु पत्नी अनिल ने रविवार की सुबह पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की कई दिनों से पति अनिल व देवर नन्हे ससुर रामप्रसाद एकराय होकर मारपीट पर आमदा हो गए। महिला ने जब इन सभी का विरोध किया तो देवर नन्हे और ससुर रामप्रसाद महिला से अश्लील हरकते करनी शुरू कर दी।महिला ने बताया की वह रविवार को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने पहुंची थी लेकिन 24 घंटे बीतने के उपरांत भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है महिला के मुताबिक पुलिस कर्मी फोन पर बात करते हुए उन तीनों लोगो से सांठ गांठ कर ली है जिसके कारण महिला को दर दर भटकना पढ़ रहा है महिला का आरोप है की पुलिस के इस रवैए के कारण वह उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाएगी। सोमवार दोबारा थाने पहुंचकर महिला ने न्याय की गुहार लगाई है वही पुलिस के मुताबिक मामला संदिग्ध है जांच की जा रही है।

## हद है मर्सी हॉस्पिटल और सर्वोदय हॉस्पिटल मानक विहीन अस्पतालों की सूची में नंबर 1

* नहीं है रजिस्ट्रेशन रिनुअल, ना है फायर एनओसी, फिर भी चल रहा अस्पताल

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे







कानपुर नगर। मर्सी हॉस्पिटल और सर्वोदय हॉस्पिटल कल्याणपुर क्षेत्र में चलने वाले ऐसे हॉस्पिटल हैं जिनके पास ना तो फायर एनओसी है और ना ही अभी तक इन अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन ही रिनुवल हुआ है उसके बाद भी अस्पताल संचालक धड़ल्ले से हॉस्पिटल संचालित कर रहे हैं। आपको बताते चलें जन एक्सप्रेस समाचार पत्र बीते काफी समय से कल्याणपुर क्षेत्र के मानक विहीन अस्पतालों के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए हैं। कल्याणपुर क्षेत्र में चल रहे मर्सी हॉस्पिटल और सर्वोदय हॉस्पिटल दोनों ही मानक विहीन बिल्डिंग में संचालित है। उस पर इन अस्पतालों का ना तो अभी तक लाइसेंस रिन्यूअल हुआ है और ना ही इन अस्पतालों के पास फायर एनओसी ही उपलब्ध है। सूत्रों की माने तो मर्सी हॉस्पिटल के संचालक बिना लाइसेंस के आईसीयू और एनआईसीयू भी चला रहे हैं। एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश ने बताया कि मर्सी हॉस्पिटल के खिलाफ कई शिकायतें आ चुकी है जिसमें बताया गया है कि मर्सी हॉस्पिटल आईसीयू का संचालन कर रहा है। समझने वाली बात यह है कि जब इन अस्पतालों को आईसीयू और एनआईसीयू चलाए जाने का लाइसेंस ही नहीं दिया गया है तो फिर आखिर किस तरह यह अस्पताल नियमों को तक पर रखकर आईसीयू और एनआईसीयू का संचालन कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन अस्पतालों पर कार्यवाही क्यों नहीं करते हैं।

## गांव गांव घूम कर विधायक ने सुनी ग्रामीणों की जन समस्याएं



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बीते दिन बिठूर विधानसभा अंतर्गत आने वाले गांव पंचमपुरवा, ठाकुर प्रसाद का पुरवा, बंधी, नयापुरवा, देवीपुर और सिद्धपुर में चौपाल लगा कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं विभिन्न शोकाकुल परिजनों से भेंट शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक से मिलकर जहां ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया वही विधायक ने ग्रामीणों को अस्वस्थ किया। कि जल्द ही उनके द्वारा बताई गई समस्याओं को अधिकारियों से मिलकर निवारण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्याम चौहान, तिलक चौहान, टिंकू चौहान, मंगल राठौर, आशीष मुन्ना, बलबीर चौहान, मुन्ना चौहान, वैभव दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

### क्रासिंग बंद होने से एक ओर मरहला चौराहे तक वाहनों की लगी कतार

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार सुबह बालूघाट से नवीन पुल का मार्ग संकरा होने के कारण आमने-सामने ई बसें आ गई। जिससे छोटे वाहन नहीं निकल सके और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक जाम की स्थिति बन गई। जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं विलंबित हो गई। वहीं दोपहर के समय अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकलने के कारण सरैयां क्रासिंग पर जाम की स्थिति बनी रही। क्रासिंग बंद होने से एक ओर मरहला चौराहे तक वाहनों की कतार लग गई। वहीं दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा रहा। इसके अलावा बैराज मार्ग पर आरओबी का कार्य होने से भी वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। संकरे और क्षतिग्रस्त मार्ग के कारण पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा।

## श्री राम जन्म, मुनि याचना, ताड़का वध, नगर भ्रमण, पुष्प वाटिका का मंचन

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव

सोमवार को ऋषि आश्रम में दूसरे दिन श्री राम जन्म, मुनि याचना, ताड़का वध, नगर भ्रमण, पुष्प वाटिका आदि का मनोरम मंचन किया गया। जिसमें भगवान श्री राम का जन्म होते ही लोग जय श्री राम का जयघोष करने लगे। भगवान श्रीराम की बालसुलभ लीलाओं को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। महल में घुटनों के बल चलते भगवान राम को देखने के लिए स्वर्ग से तमाम देवी, देवता व ऋषि मुनि तक अयोध्या पहुंच गए थे। उन्होंने भगवान राम की पूजा अर्चना की। वहीं पूरी अयोध्या में रामजन्म की खबर मिलते ही लोग खुशियां मना रहे थे। वहीं ताड़का सुकेतु यक्ष की पुत्री थी, जो एक शाप के प्रभाव से राक्षसी बन गई थी। उसका विवाह सुंद नाम के दैत्य से हुआ था। ताड़का के दो पुत्र थे, उनके नाम थे सुबाहु और मारीच। ताड़का का परिवार अयोध्या के नजदीक एक जंगल में रहता था। जिस पर राम और लक्ष्मण ने उसका वध कर दिया। इस मौके पर सुरेश पाठक, योगेश मिश्रा, प्रकाश त्रिपाठी, मनीष सिंह, अमित पांडे, सुधीर तिवारी, नीरज शुक्ला, गुड्डू मिश्रा, रजत, शशांक अवस्थी मौजूद रहे।

## भक्तों ने मां ब्रम्हचारिणी की विधि-विधान से की पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव

मां ब्रम्हचारिणी स्वरूप के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। जिसके बाद भक्तों ने मां ब्रम्हचारिणी की विधि-विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया। कंचन नगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड स्थित मां झंडेश्वरी देवी, महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री, गांधीनगर स्थित काली मंदिरों समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में पूजा पाठ किया गया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में श्रद्धालु सुबह ही लंबी लाइनों में लग करके मां के दर्शन किए। जहां फूल, मिठाई से सजी डलियों में प्रसाद लेकर भक्तों ने मां को भोग लगाया।
इसके साथ ही मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों श्रद्धालु ने मां की प्रार्थना किए। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दुर्गा मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही।

## बिल्हौर तहसील क्षेत्र के घर-घर में हुई मां दुर्गा की कलश स्थापना

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में घर-घर मां दुर्गा की कलश स्थापना कर माताएं और बहने शरदीय नवरात्रि के प्रथम, द्वितीय और तृतीय दिन तहसील क्षेत्र के हर घर ,हर मंदिर में जगत जननी की प्रतिमा की स्थापना कराई गई है घरों में भी व्रत रहने वाली महिलाओं व पुरुषों ने कलश स्थापना कर अपने व्रत की शुरुआत की है बिल्हौर कस्बे के सिंह वाहिनी मंदिर में विशाल प्रतिमा स्थापना के साथ भव्य रूप से मंदिर को सजाया गया है प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा में सैकड़ो भक्ति मंदिर में दर्शन व पूजा को पहुंचे इसी प्रकार ककवन कस्बे के प्राचीन सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर में भी भव्य रूप से पंडाल को सजाया गया है और विशाल आदि शक्ति जगदंबा की प्रतिमा स्थापना की गई है।क्षेत्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित किया जा रहे कार्यक्रम में अंतिम दिन विशाल जागरण का आयोजन भी किया जाएगा जबकि प्रातः काल, सायं काल विशाल महा आरती की आयोजन में कस्बे के सैकड़ो लोग जुड़कर माता की आराधना करते हैं वहीं गर्भ ग्रह में भी वर्षों से स्थापित सिद्ध पीठ दुर्गा देवी के स्वरूप को भव्य श्रृंगार के साथ सजाया गया है और उनके दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही इसी प्रकार उत्तरीपुरा,मकनपुर ,विषधन व बिल्हौर कस्बे निसाठी देवी, बनखंडेश्वर , कमसान स्थित सिंह वाहिनी माता आदि कई जगहों पर मंदिरों की भव्य सजावट व प्रतिमा की स्थापना कराई गई है।

## नवरात्रि पर देवी मंदिरों में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

* दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की उपासना कर भक्तों ने मांगा सुख समृद्धि का आर्शीवाद

जन एक्सप्रेस। उन्नाव





शारदीय नवरात्रि में मां भगवती के भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ रही है। घरों के साथ साथ मंदिरों में श्रद्धालु अपने अपने उपक्रमों से मां जगजनी को प्रसन्न कर उनकी कृपा पाने के प्रयासों में लगे नजर आ रहे हैं। बाजारों में भी खास रौनक नवरात्रि के चलते नजर आ रही है। बता दें कि रविवार से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो चुके हैं। पहले दिन कलश स्थापना के साथ शुरू हुई नौ दिवसीय देवी आराधना का सोमवार दूसरा दिन मां के द्वितीय स्वरूप मां बृह्मचारिणी की पूजा के नाम रहा। अपने अपने घरों में विधि विधान से पूजा अर्चना बाद आशीर्वाद लिया। शहर के कल्याणी देवी मंदिर, मां पूर्णा देवी मंदिर, जगन्नाथगंज स्थित दुर्गा मंदिर समेत सभी छोटे बड़े देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिन भर बनी रही। मां जगत जननी के जयकारों और घंटों की ध्वनियों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे। यही हाल जिले भर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों का रहा। मंदिरों के आस पास मेले जैसा नजारा है। पूजन अर्चन के लिए मंदिर पहुंचने वाले भक्त आस पास लगी दुकानों ने सौंदर्य प्रशाधन व गृह उपयोगी सामग्री की भी खरीददारी करते नजर आए। भक्तों ने मंदिरों में मां को पान, सुपाड़ी, बतासे, नारियल, लौंग-इलायची, फल-फूल व द्रव्य आदि अर्पित कर आरती उतार कर परिवारों संग देश की खुशहाली की कामना की।वहीं महिलाओं ने मंदिरों में संध्या वंदन कर ढोल मंजीरा आदि वाद्य यंत्रों पर भक्ति गीतों से मां की आराधना की। वहीं नवरात्रि में उपवास रखने वाले के बाजार में फल फूल, पूजन सामग्री व व्रत में खाने योग्य फलाहार सामग्री की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ उमड़ने के चलते रौनक बनी है। देवी स्वरूपा कन्याओं का भी पूजन अर्चन का क्रम शुरू हो गया है। साथ ही भजन कीर्तन के साथ जगराते भी हो रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार परिवार घायल

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज/उन्नाव



अजगैन मोहान मार्ग पर मंदिर से लौट रहे परिवार की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे बाईक सवार दो बच्चों समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां गम्भीर हालत के चलते घायलों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के केसरीखेड़ा गांव निवासी गंगा प्रसाद अपने 2 वर्षीय पुत्र शिवा का मुंडन संस्कार करने परिवार व रिस्तेदारों समेत बारा गांव गया था। मुण्डन के बाद वापस आने के दौरान अजगैन मोहान मार्ग पर दिरगज खेड़ा गांव के सामने पीछे से रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें चालक गंगा प्रसाद पुत्र मंगली, उसकी पत्नी सरोजनी, बेटा सत्यम 7 वर्ष व शिवा 2 वर्ष समेत बाइक सवार साली पूजा और चावली गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी 2920 ने घायलों को तत्काल अपने पीआरवी वाहन से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मासूमों समेत 4 घायलों को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### हिंदू धर्म छोड़कर विवाह करने वाली विवाहिता ने दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर गांव में कुछ वर्ष पूर्व हिन्दू युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते अन्य समुदाय के लड़के से विवाह किया। जिसके बाद युवक कमाई के लिए विदेश चला गया। विवाहिता ने ससुरालियों पर मारपीट कर घर से निकालने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव बहाउद्दीनपुर निवासी युवती गीता का करीब तीन वर्ष पहले गांव निवासी अन्य समुदाय के युवक आफताब के साथ प्रेम प्रसंग हो गया। जिससे शादी करने के बाद युवती ने अपना नाम बदलकर जोया रख लिया। बताते हैं युवती की जिद पर लड़की का पिता भी कोर्ट में शादी के दौरान गवाह बना था। शादी के करीब तीन माह बाद आफताफ कमाने के लिये कुवैत चला गया और तब से न कोई संपर्क रखा और न ही वापस नहीं आया। जिसके बाद से युवक के परिजन युवती को प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित महिला ने ससुराली जनों पर एक सप्ताह पहले मारपीट कर घर से निकाल देने का शिकायती पत्र पुलिस को दिया। पुलिस ने पति समेत 4 लोगों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली निरीक्षक अवनीश कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**सूचना**

मैं राजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय गुरु नारायन त्रिपाठी अपने बड़े पुत्र धीरेंद्र कुमार व पुत्र वधू को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल एवं अचल संपति से बेदखल कर दिया है।

**सूचनाकर्ता**
राजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय गुरुनारायन त्रिपाठी एलआईजी 266 के.डी. ए. गंगापुर कॉलोनी, यशोदा नगर कानपुर नगर

**सूचना**

मैं शहाना बेगम पत्नि स्वर्गीय गुलाम रसूल अपने पुत्र दिलदार अहमद व पत्नि इशरत जहां के कृत्यों से तंग आकर इनसे अपने सम्बन्ध तोड़ दिए है। तथा इनको अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। इन दोनो लोगो द्वारा कोई भी नैतिक व अनैतिक कार्य किया जाता है। अथवा किसी से कोई लेनदेन किया जाता है।तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगें मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई लेना देना नहीं होगा।

**सूचनाकत्री**
शहाना बेगम पत्नि स्वर्गीय गुलाम रसूल निवासी 117/133 रावतपुर गांव, पुरानी बस्ती कानपुर नगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल 'शंखनाद पार्टी' के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 117/पी/368 हितकारी नगर काकादेव कानपुर नगर उ0प्र0- 208025 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिकारियों के नाम / पता नीचे दिए गए है-
**सभापति / अध्यक्ष-** विवेक हिन्दू उर्फ विवेक सक्सेना
**पता** 117/ P/ 368 हितकारी नगर काकादेव, कानपुर नगर
पिन कोड 208025
**महासचिव/सचिव-** संजीव कुमार शुक्ला
**पता** 117/ N/887 तुलसी नगर काकादेव, कानपुर नगर
पिन कोड 208025
**कोषाध्यक्ष-** आशीष कुमार गुप्ता
**पता** 116 /215 कैलाश नगर रावतपुर गांव, कानपुर नगर
पिन कोड 2080 19
यदि किसी को शंखनाद पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)



Since 1980
गोल्डी
मसाले
SHUBH
नवरात्रि
स्वाद,
हर दिन रहेगा ख़ास
जहाँ जाए रिश्ते बनाए
Since 1980
Goldiee
SABJI
Masala
Since 1980
Goldiee
CHHOLE
Masala
Since 1980
Goldiee
GARAM
Masala
Goldiee
COMPOUNDED
HING
TADAKA
जहाँ जाए रिश्ते बनाए
मसाले • अचार • चाय • पापड़ • गुलाब जामुन मिक्स • सेवईयाँ • सॉस • धूपबत्ती • अगरबत्ती इत्यादि
www.goldiee.com | Customer Care No. & 7388635999 | customercare@goldiee.com